संसेक्स 71,060.31 ▲ +689.77
डॉलर 83.084 ▼ -0.067

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 06.0 | 17.0 |
| धनबाद | 22.0 | 10.0 | 15.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 17.0 | 21.0 |
| पलामू | 22.0 | 07.0 | 18.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, पौष शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 रांची, गुरुवार, 25 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 348, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय भारत के हिन्दू मंदिरों ने पर्यटन के ... 8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
'भक्षक' से फरवरी एक बार फिर मेरे लिए ...12 देश-विदेश




**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 59,400

चांदी (1 किलो) 76,500

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है।

यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# सूबे की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक मजबूती हमारा लक्ष्य : सीएम

■ इटकी में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का शुभारंभ ■ 5 हजार करोड़ निवेश करेगा प्रेमजी फाउंडेशन, सभी वर्गों को मिलेगा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शीघ्र ही राज्य के लोगों को एक विश्वस्तरीय विवि और आधुनिक मेडिकल कॉलेज मिलने वाला है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से इटकी में पांच हजार करोड़ रुपये के निवेश से अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, पांच सौ शैय्या वाला मेडिकल कॉलेज तथा स्कूल का निर्माण कार्य बुधवार को शुरू हो गया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इन कार्यों से आने वाले समय में इटकी की पूरे देश में अलग पहचान होगी। वह बुधवार को इटकी के टीबी सेनेटोरियम मैदान पर आयोजित विश्वस्तरीय अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल निर्माण के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 तक अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एवं स्कूल में पठन-पाठन का काम शुरू होगा। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के कार्यों की रोशनी दूर तक पहुंचेगी। कमजोर से कमजोर परिवार तक फाउंडेशन की सहायता पहुंचाने का कार्य प्रतिबद्धता के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खनिज संपदाओं से अलग हटकर विकास के अन्य संभावनाओं को तलाश रही है। झारखंड आमतौर पर खनिज संपदाओं के लिए जाना जाता रहा है। खनिज संपदाओं की भरमार होने के बावजूद झारखंड पिछड़े राज्यों के पायदान पर खड़ा रहा है। यहां लगभग एक सौ वर्ष से खनिज संपदाएं निकाली जाती रही हैं, परंतु इसका लाभ झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, गरीब, पिछड़ा अल्पसंख्यक सहित किसी भी वर्ग-समुदाय के लोगों को पूर्ण रूप से नहीं मिल पाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्थान एक ऐसा नाम है, जिसे पूरी दुनिया जानती है। यह फाउंडेशन व्यापार के लिए नहीं बल्कि सामाजिक सरोकार के लिए जाना जाता है। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ राज्य सरकार ने एक बेहतर समन्वय बनाया।

मुख्यमंत्री एवं अजीम प्रेमजी के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अजीम प्रेम जी को पूरे झारखंडवासियों की तरफ से अभिनन्दन और 'जोहार' किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से उन्हें बताया कि आप और आपकी पूरी टीम के सहयोग से आज इटकी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओरर से अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज तथा स्कूल निर्माण शुरू हो गया गया है। मुझे पूरा विश्वास है कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन इन सभी वर्ग समुदाय के लिए सेवाभाव के साथ कार्य करने में महत्ती भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 में कोरोना काल में भी राज्य सरकार एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर के बीच समन्वय बना रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बदलने का पूरा प्रयास किया है। आज हम राज्य में प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में परिवर्तित कर रहे हैं। आने वाले दिनों में राज्य के पांच हजार स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय बनाया जाएगा।

इस अवसर पर सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, अपर मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव राहुल पुरवार, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर सहित राज्य सरकार के अन्य पदाधिकारी एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति भवन की बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति 25 जनवरी को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। इस संबोधन का प्रसारण सायं 7 बजे से आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में किया जाएगा।

### सीएम को विस की डायरी, दूरभाष निर्देशिका और कैलेंडर 2024 भेंट की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड विधान सभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने झारखंड विधान सभा की डायरी, दूरभाष निर्देशिका एवं कैलेंडर 2024 भेंट की।

### झारखंड कैबिनेट का फैसला : 25 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# सिविल सेवा परीक्षा उम्र सीमा में 7 साल की छूट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार ने जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले वैसे छात्रों को बड़ी राहत प्रदान की है जो अधिक उम्र के कारण आगामी जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में आवेदन करने से वंचित होने वाले थे। राज्य सरकार ने ऐसे अभ्यर्थियों को राहत प्रदान करते हुए अधिकतम उम्र सीमा का कट ऑफ डेट 1 अगस्त 2017 निर्धारित की है। इस तरह से विद्यार्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में 7 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। बुधवार 24 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में इसकी मंजूरी प्रदान की गई।

इसके अलावा अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की महिलाओं को 50 साल की उम्र में ही पेंशन मिलने लगेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने 25 प्रस्तावों पर मुहर लगाई, जिसमें 140 मध्य विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालय में अपग्रेड करने, गर्भवती महिला को 1400 रुपये की 14 प्रकार की मातृत्व किट देने का भी फैसला हुआ। इसका लाभ छह लाख महिलाओं को मिलेगा।

**इसके अलावा कैबिनेट के अन्य फैसले**




- पीएमजीएसवाई के फेज 1 व 3 के रिवाइज 208 करोड़ रुपये की योजना की स्वीकृति दी गई।
- धनबाद में काको से विनोद बिहारी चौक 20 किलोमीटर तक फोरलेन रोड के लिए 461.90 करोड़ की रिवाइज्ड ऐस्टीमेट की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड जमाकर्ता हित 2011 को समाप्त किया गया है। अभिकेंद्र के अनुरूप नया एक्ट लागू है।
- सीआईडी से जुड़े केस, अनुसंधान के लिए एडिशनल जस्टिस कोर्ट का गठन हुआ।
- महिला बाल विकास के अंतर्गत समेकित बाल विकास परियोजना के संविदा कर्मियों को राज्य सरकार के मद से वेतन मिलेगा।
- सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले होम लोन को 30 लाख से बढ़ाकर 60 लाख रुपये तक करने की मंजूरी दी गयी। यह लोन 7.5 फीसदी ब्याज दर पर दिया जायेगा। वहीं, लोन के अगेंष्ट संपत्ति के बंधक रखने की अनिवार्यता भी समाप्त होगी।
- गृह निर्माण के लिए जो घोषित प्लॉट है, किसी वित्तीय संस्थान को नहीं दिया जाएगा। इसका शपथ पत्र देना होगा।
- बैठक में सात हजार से अधिक उर्दू शिक्षकों के पद सृजन की स्वीकृति दी गयी। विधानसभा नियुक्ति से गड़बड़ी संबंधित जांच रिपोर्ट को आगामी विधानसभा सत्र में रखने की मंजूरी दी गई।
- महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत बिरधा पेंशन योजना के तहत पेंशन आयु सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष तक कर दी गई। इसका लाभ 18 लाख महिलाओं और एसटी-एससी महिलाओं को मिलेगा।
- झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश एस.जे. मुखोपाध्याय, पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय की अध्यक्षता में गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग द्वारा समर्पित रिपोर्ट पर सभा सचिवालय द्वारा कृत कार्रवाई प्रतिवेदन को झारखंड विधानसभा के आगामी सत्र में सदन पटल पर उपस्थापित किये जाने की स्वीकृति दी गई।

## परीक्षा पे चर्चा के लिए रिकॉर्ड 2.26 करोड़ पंजीकरण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम के 7वें संस्करण, परीक्षा पे चर्चा 2024 के लिए माईगॉव पोर्टल पर रिकॉर्ड 2.26 करोड़ पंजीकरण हुआ है। यह देश भर के छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है, जो इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस वर्ष, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से




भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 3000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक और कला उत्सव के विजेताओं को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### भारतीय अंतरिक्ष संघ को बजट में पीएलआई, जीएसटी छूट की उम्मीद

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष संघ ने आगामी बजट में अंतरिक्ष अभियानों में काम आने वाले कंपोनेंट्स के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में छूट, कर अवकाश, रियायती सीमा शुल्क और बाहरी वाणिज्यिक उधार पर कम कर दर की उम्मीद जताई है। यह संघ भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र की निजी कंपनियों की लॉबी है। उसके अनुसार, उपग्रहों, रॉकेटों और जमीनी उपकरण विनिर्माण के साथ-साथ प्रमुख इनपुट की खरीद पर भी जीएसटी में छूट दी जानी चाहिए।

**75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे फ्रांस के राष्ट्रपति**

# जयपुर में जंतर मंतर, हवा महल की खूबसूरती को निहारेंगे मैक्रों

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को जयपुर के पहाड़ी किले आमेर, प्रतिष्ठित हवा महल और जंतर मंतर के खगोलीय अवलोकन स्थल का दौरा करके भारत की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरूआत करेंगे। मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, जो इस प्रतिष्ठित वार्षिक समारोह ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**राष्ट्रपति मैक्रों एक रोड शो में लेंगे भाग**

जयपुर में, राष्ट्रपति मैक्रों एक रोड शो में भाग लेने के अलावा अंबर किला, जंतर मंतर, हवा महल का दौरा करेंगे, अधिकारियों ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, फ्रांसीसी राष्ट्रपति का विमान गुरुवार दोपहर 2:30 बजे जयपुर हवाई अड्डे पर उतरने वाला है और वह रात लगभग 8:50 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। रोड शो शाम 6 बजे जंतर-मंतर इलाके में शुरू होने वाला है, जबकि पीएम मोदी और मैक्रों शाम 7:15 बजे अपनी बातचीत शुरू करने वाले हैं। सूत्रों ने जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल डोमेन, रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा, युवा आदान-प्रदान, भारतीय छात्रों के लिए वीजा मानदंडों को आसान बनाने सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर बातचीत का फोकस रहेगा।

## इंडिया

# भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने याद करा दिया बीता जमाना



सुनील बादल

भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न की घोषणा क्या हुई भूला हुआ जमाना याद आ गया और युवा पीढ़ी गूगल में खोजने लगी कौन थे कर्पूरी ठाकुर? जबकि देश में पिछड़ों की राजनीति करने वालों में खलबली मच गई है कि महादलित यानी अतिपिछड़ा कार्ड आगामी लोकसभा चुनाव में कहीं समीकरण न बिगाड़ दे। बिहार में कर्पूरी जयंती 24 जनवरी का राजनीतिक महत्व पिछले कुछ दिनों में तेजी से बढ़ा है। सवाल ये है कि आखिर बिहार में जिस हज्जाम समाज की आबादी दो प्रतिशत से कम है, उस समाज के सबसे बड़े आदर्श रहे कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत के लिए उनके निधन के इतने साल भी बाद मारा मारी क्यों मची है? कर्पूरी ठाकुर की छवि अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के बड़े नेता की रही है। छोटी छोटी आबादी वाली विभिन्न जातियों के समूह ईबीसी में 100 के लगभग जातियां शामिल हैं। इसमें भले अकेले कोई जाति चुनावी गणित के लिहाज से महत्वपूर्ण नहीं हो लेकिन सामूहिक तौर पर ये 29 फीसदी का वोट बैंक बनाती हैं। 2005 में नीतीश कुमार को पहली बार मुख्यमंत्री बनाने में इस समूह का बड़ा योगदान बताया जाता है। इस दृष्टि से देखें तो ये समूह अब बिहार में राजनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण बन गया है, हर दल इस वोट बैंक को अपने पाले में करना चाहता है।





उनके पैतृक गांव समस्तीपुर ज़िले के पितौंझिया (अब कर्पूरी ग्राम) में कर्पूरी ठाकुर के बेटे और जनता दल यूनाइटेड के राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा, कर्पूरी जी बिहार में एक सामाजिक आंदोलन के प्रतीक रहे हैं, इसलिए हर तरह के लोग, विभिन्न राजनीतिक दल उनके जन्मदिन पर सामाजिक न्याय के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते रहे हैं, हां अब दावे प्रतिदावे जरूर बढ़ गए हैं। कर्पूरी ठाकुर मंडल कमीशन लागू होने से पहले ही बिहार में आरक्षण लागू करा चुके थे और बिहार की राजनीति में गरीब गुरबों की सबसे ईमानदार आवाज बन कर उभरे थे। बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता रहे। 1952 की पहली विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद वे बिहार विधानसभा का चुनाव कभी नहीं हारे। अपने दो कार्यकाल में कुल मिलाकर ढाई साल के मुख्यमंत्रीत्व काल में उन्होंने जिस तरह की छाप बिहार के समाज पर छोड़ी है, वैसा दूसरा उदाहरण दुर्लभ है। खास बात ये भी है कि वे बिहार के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। 1967 में पहली बार उपमुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में अंग्रेजी की अनिवार्यता को करा दिया था जिसके चलते उनकी आलोचना भी हुई बच्चों का 'कर्पूरी डिविजन से पास हुए हैं' कह कर मजाक उड़ाया जाता था लेकिन उनके इस कदम से वंचित वर्ग तथा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा बढ़ी। शिक्षा मंत्री के रूप में उनकी कोशिशों के चलते ही मिशनरी स्कूलों ने हिंदी में पढ़ाना शुरू किया और आर्थिक तौर पर गरीब बच्चों की स्कूल फी भी माफ कराई। वो देश के पहले मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने अपने राज्य में मैट्रिक तक मुफ्त पढ़ाई की घोषणा की थी। 1971 में मुख्यमंत्री बनने के बाद किसानों को बड़ी राहत देते हुए उन्होंने गैर लाभकारी जमीन पर मालगुजारी टैक्स को बंद करा दिया। 1978 में मुंगेरीलाल कमीशन लागू करके राज्य की नौकरियों आरक्षण लागू करने के चलते वो हमेशा के लिए सवर्णों के दुश्मन बन गए, लेकिन कर्पूरी ठाकुर समाज के दबे पिछड़ों के हितों के लिए काम करते रहे। उनकी सादगी और सच्चाई के अनेक किस्से हैं जो उन्हें भारत रत्न बनाते हैं और आज के दबंग पिछड़े नेताओं को राह भी दिखाते हैं।

# मिर्जाचौकी देश का सातवां व राज्य का पहला बेहतर थाना



### गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से दिया गया सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहेबगंज जिला के मिर्जाचौकी थाना को देशभर में सातवां तथा झारखंड में प्रथम क्षेष्ठ थाने का अवार्ड प्राप्त हुआ है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय के सभागार में पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने मिर्जाचौकी के थाना प्रभारी प्रकाश रंजन को गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जारी सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज व वर्तमान पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक) नौशाद आलम, पूर्व पुलिस अधीक्षक को सम्मानित किया गया। अनुरंजन किस्पोट्टा, शशि भूषण चौधरी, पुलिस निरीक्षक, साहेबगंज अंचल व प्रभात कुमार सिंह (सीसीटीएनएस) मिर्जाचौकी थाना को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अभियोजन, सीसीटीएनएस ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### आजादी के रंगों से सजेगा रांची पहाड़ी मंदिर



**रांची।** बुधवार को रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक राजेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विगत 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पहाड़ी मंदिर परिसर में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसे लेकर एक समीक्षा बैठक रखी गई। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन पहाड़ी मंदिर प्रांगण को आजादी के रंगों से सजाया जाएगा और पहाड़ी बाबा का श्रृंगार किया जाएगा । पहाड़ी मंदिर और आजादी का बहुत ही विशेष रिश्ता रहा है आजादी का झंडा पहाड़ी मंदिर में भी फहराया गया था जिसका लाइन आज भी पहाड़ी बाबा के पहाड़ो में लिखा हुआ हैं इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से अरुण वर्मा , मेहुल प्रसाद , बादल सिंह, राम सिंह, दीपक नंन्दा , सुनील यादव , तड़ित राय (पलटू दा) आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### जनजातीय विकास ट्रस्ट के कंबल, टोपी का वितरण

**रांची।** जनजातीय विकास ट्रस्ट के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल, टोपी वितरण किया गया। जनजातीय विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष अर्जुन राम के द्वारा कांके रोड में सिद्धू-कान्हु पार्क के पास दिहाड़ी मजदूरी करने वाले, सुबह-सुबह निकलने वाले कांके, चोड़ी बस्ती, भीठा, चंदवे, कॉंगे, जयपुर के वृद्ध लोग और महिला लोगों के बीच कंबल और टोपी का वितरण किया। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि जन जन की सेवा ही जनजाति विकास ट्रस्ट का उद्देश्य है। जिसमें प्रमुख रूप से पृथ्वीराज मुखर्जी, प्रसिद्ध व्यवसायी, बसंती नायक, बुधनी उरांव, कंचन मुंडा, अमन कुमार, निरंजन गुड्ढ, अजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने हेतु किया गया जागरूक

**रांची।** मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी, झारखण्ड के निदेर्शानुसार एएंडएम कम्युनिकेशन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सचिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल, गुरुनानक स्कूल एवं संत पॉल हाई स्कूल, रांची में किया गया। कार्यक्रम में भावी मतदाताओं को चुनावी साक्षरता बढ़ाने हेतु जागरूक किया गया एवं उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वोटर आई डी कार्ड बनाने हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया जैसे - वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर पोर्टल की जानकारी दी गई । साथ ही उन्हें वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए उनके माध्यम से सारी जानकारी उनके परिवार, आस-पास के क्षेत्रों एवं समाज के अन्य लोगों तक बात पहुँचा सकें एवं उन्हें जागरूक वोटर बनने हेतु प्रेरित कर पाएं।

### बुद्धा पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में कक्षा 10 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न किया गया। विदाई समारोह में प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि विद्यार्थियों ने हमारे विद्यालय में अध्ययन के दौरान काफी मेहनत किये और अनुशासन में रहे जिससे पूरे विद्यालय गौरान्वित है। पूरा विद्यालय परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। हरिहर महतो, महितोश महतो, नीतीश महतो, प्रशांत महतो, मुस्कान कुमारी और विनीता कुमारी को विद्यालय की ओर से विदाई दी गई। मौके पर जितेंद्र, राकेश, राहुल भद्रा, गोविनदर, नकुल बडाईक, लंकेश्वर, प्रतिमा देवी, सुषमा सिंह, सुमित्रा कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, शालिनी कुमारी, प्रेमचंद महतो, विपुल राय समेत विद्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# खूंटी जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार: उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** आसन्न लोकसभा आम चुनाव को लेकर खूंटी जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुरूप जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। लोग चाहें तो सीईओ झारखंड की वेबसाइट पर भी नव प्रकाशित मतदाता सूची को देख सकते हैं। ये बातें जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उपायुक्त ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान भी चलाए गए। फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने को लेकर ट्रंसाजेंडर, पीवीटीगीए, सेक्स वर्कर, 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, दिव्यांग, गृह विहीन और आश्रय गृहों में रहने वाले सभी पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन पर फोकस किया गया। डीसी ने बताया कि खूंटी जिले में दो विधानसभा क्षेत्र हैं 59 तोरपा (अजजा) और 60 खूंटी (अजजा)। तोरपा में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 252 है जबकि खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 297। इन दोनों विधानसभा क्षेत्र में जेंडर रेशियो क्रमशः 1034.6 और 1056.2 है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या में अच्छी वृद्धि हुई है। तोरपा (अजजा) में 3297 और खूंटी (अजजा) 3238 नये मतदाता जुड़े हैं। उपायुक्त ने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रातः सात बजे स्वीप कार्यक्रम के तहत पांच किलोमीटर की दौड़ का आयोजन समाहरणालय सभागार से किया जाएगा। इस मैराथन के माध्यम से युवा मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन नागरमल मोदी सेवा सदन में छह शिशुओं का जन्म



**नवीन मेल संवाददाता, रांची** श्री राम जन्म भूमि अयोध्या धाम में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन दिवस पर नागरमल मोदी सेवा सदन में प्रसव विभाग में 6 शिशुओं का जन्म हुआ। सेवा सदन परिवार की ओर से इन शिशुओं के माता-पिता का विशेष अभिनंदन किया गया व उपहार स्वरूप रामचरित मानस (टीका सहित) प्रत्येक दंम्पति को भेंट दी गई । सेवा सदन की उपाध्यक्षा श्रीमति रेखा जैन, वरिष्ठ चिकित्सक अंजु कुमार एवं चिकित्सक क्षमा टिबड़ेवाल ने अभिनंदन पत्र व उपहार देते हुए मंगल कामना की, यह शिशु आजीवन इस पुनीत दिवस को स्पंदित करे तथा परिवार एवं राष्ट्र के लिए गौरव हो। इस शिशु के प्रत्येक जन्मदिवस के उत्सव पर पूरे परिवार को आज के सनातन पुनर्जागरण उत्सव की स्मृति बनी रहे, इस हेतु सेवा सदन द्वारा प्रतयेक को राम चरित मानस (टीका सहित) एक प्रति प्रदान की गई। सभी माताओ और परिवार जनो ने सदन द्वारा इस विचार की बहुत सराहना करते हुए भावुक हो गए और अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

## न्यूज बॉक्स

### डॉक्टर परमेश्वर भगत का जनसंपर्क अभियान



**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव के किसान, मजदूर एवं बुद्धिजीवी लोगों के साथ बुधवार को उप विकास आयुक्त सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने बैठक की। बैठक के दौरान श्री भगत ने विभिन्न गांव की अनेक तरह की समस्याओं से अवगत हुए। जिसमें बहुत सी ऐसी मूल समस्याएं लोगों के द्वारा बताया गया जिसको निराकरण बहुत ही जरूरी है। श्री भगत ने कई गांव का पैदल भ्रमण भी किया और अनेक तरह के समस्याओं को जमीनी स्तर से जाना। इन्होंने लोगो को भरोसा दिलाया कि अगर अच्छे पढ़े लिखे, अनुभवी व्यक्ति, समाज का अगुवाई करे तो सभी समस्याओं का निराकरण जरूर किया जाएगा। मौके पर डॉ नाफर अली, कृष्णा उरांव, दानिश अंसारी समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### रांची नगर निगम, रांची के सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक



**रांची।** रांची नगर निगम, रांची के सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राँची नगर निगम के सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. आनन्द शेखर झा, जिला समाज कल्याण विभाग की प्रतिनिधि श्रीमती स्मिता भारती, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक कुलभूषण बाड़ा, जिला स्त्री एवं प्रसूति समिति की नामित प्रतिनिधि डॉ. किरण कुमारी, पीएसआई इंडिया के राज्य प्रतिनिधि सुनील कुमार एवं नगर प्रबंधक संतोष कुमार पांडेय, प्रणव कुमार झा, स्विचऑन फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक गुप्ता, जे.एस.आई.के राज्य समन्वयक केशव कुमार झा उपस्थित मौजूद रहे। इस मौके पर सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी ने कन्वर्जेंस कमेटी के महत्व को समझाया ताकि शहरी क्षेत्रों के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जा सके और झुग्गियों में रहने वाले लोगों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकें, जिसमें पेयजल, स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं। जिले के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक कुलभूषण बाड़ा ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को बेहतर ढंग से करने के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण और समन्वय की आवश्यकता होती है।कार्यक्रम के दौरान पी.एस.आई. इंडिया के राज्य कार्यालय से आये सुनील कुमार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शहरी स्वास्थ्य किस स्थिति के बारे में अवगत कराया एवं कोर वर्किंग समिति गठित करने और समुदाय स्तर पर विभिन्न विभाग के वालंटियर को प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी का ओरिएंटेशन दिए जाने पर बल दिया।

### डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय में एनएसयूआइ छात्र संगठन पूर्ण रूप संगठित होगा

**रांची।** एनएसयूआइ जिला उपाध्यक्ष आशीष रौशन के नेतृत्व में कांग्रेस छात्र संगठन के प्रचार प्रसार की जानकारी डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय के डीएसडब्ल्यू डा.एस.एम अब्बास से प्रतिनिधिमंडल मिला और बताया की एनएसयूआइ अनुशासन पूर्वक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में छात्र कैंपेनिंग करेगी एनएसयूआई के आशीष रौशन ने कहा की श्यामा प्रसाद विश्विद्यालय में अपनी संगठन विस्तार को लेकर प्रचार प्रसार अभियान शुरू कर दिया है।

# मथुरा प्रसाद महतो ने किया 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** 67वी राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंतर्गत अंडर 14 बालक वर्ग कबड्डी और अंडर 17/19 बालक/बालिका वर्ग वुशु प्रतियोगिता का उद्घाटन आज दिनांक 24 जनवरी, 2024 को रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में माननीय विधायक सह सत्ताधारी दल के सचेतक श्री मथुरा प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान माननीय विधायक ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे स्कूली बच्चो को शुभकामनाएं दी और उनका हौसला बढ़ाया। उद्घाटन समारोह में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक श्रीमती किरण कुमारी पासी, राज्य शिक्षा परियोजना के प्रशासी पदाधिकारी श्री जयंत मिश्रा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन सोरेंग, भारतीय वुशु संघ के कोषाध्यक्ष श्री शिवेंद्र नाथ दुबे, झारखण्ड कबड्डी संघ के महासचिव बिपिन सिंह समेत विभिन्न राज्यों से आये खेल पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में 858 खिलाड़ी ले रहे है भाग : 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंतर्गत अंडर 14 बालक वर्ग कबड्डी और अंडर 17/19 बालक/बालिका वर्ग वुशु प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से 858 बच्चे भाग ले रहे है। अंडर 14 बालक वर्ग कबड्डी में 337 और अंडर 17/19 बालक/बालिका वर्ग वुशु प्रतियोगिता में 521 बच्चे भाग ले रहे है। अंडर 17 बालक वर्ग वुशु में 138 बच्चे और बालिका वर्ग में 104 बच्चियां भाग ले रही है। अंडर 19 बालक वर्ग वुशु मुकाबले में 159 बच्चे और अंडर 19 बालिका वर्ग में 120 बच्चियां भाग ले रही है।

**आज अबतक हुए कबड्डी के मुकाबले व उनके परिणाम**

पुडुचेरी की बालक टीम ने कबड्डी में 8 अंको से जम्मू कश्मीर की टीम को हरा दिया। पुंडुचेरी टीम को 40 अंक, और जम्मू कश्मीर टीम को 32 अंक मिले।

* तेलंगाना बनाम तमिलनाडु के बीच खेले गए बालक वर्ग कबड्डी मुकाबले में तमिलनाडु की बालक टीम ने तेलंगाना को 30-23 के अंतर से हरा दिया।

# डीआईजी अनूप बिरथरे सहित 55 पुलिसकर्मियों को मिलेंगे पदक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची के रेंज डीआईजी अनूप बिरथरे सहित झारखंड के 55 पुलिसकर्मियों को गृह मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस पर पदक देने की बुधवार को घोषणा की है। दो पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, 23 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, 23 पुलिसकर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक, पांच पुलिसकर्मियों को असाधारण आसूचना कुशलता पदक, दो पुलिसकर्मियों को अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक दिया जायेगा। इंस्पेक्टर बैंकटेश कुमार और डीएसपी नवीन कुमार लकड़ा। स्पेशल ब्रांच के डीएसपी अरविंद कुमार, जमशेदपुर सीसीआर के डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता, वायरलेस हेडक्वार्टर में टेक्निकल इंस्पेक्टर विमलकांत कुमार, एटीएस में तैनात एसआई साकिर अंसारी, एटीएस में तैनात एएसआई जेम्स टोप्पो, चाईबासा में तैनात एएसआई रजनीश कुमार, एसटीएफ में तैनात हवलदार मुकरू सुंडी, एटीएस में तैनात हवलदार बलराम बहादुर राना, जैप-7 के हवलदार सुभाष धोबी। इनके अलावा एटीएस के सिपाही मंगल गुरुंग, जैप-1 के सिपाही लालू लामा, जगुआर इंस्पेक्टर शंकर कामती, संचार एवं तकनीकी सेवा में तैनात इंस्पेक्टर राजीव कमल, चाईबासा जिला बल एसआई तुफैल खान, जैप-10 एसआई गुरुदेव ठाकुर जगुआर के एसआई सिंहराज तमांग, रांची जिला बल के मो अरशद खां, चाईबासा जिला बल के एएसआई बसंत कुमार पासवान, जगुआर के एसआई रंजीत कुमार, जैप-6 के हवलदार बच्चन कुमार सिंह, जगुआर के हवलदार अमित कुमार, जैप-10 के महिला हवलदार प्रभात केरकेट्टा और जगुआर के हवलदार संजय कुमार गोराई।

# जिस घर में बेटी न हो वह घर में संस्कार नहीं : प्रशांत करण



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल कल्याण संघ द्वारा संचालित देवेंद्र नाथ उच्च विद्यालय चोरेया में आयोजित कार्यक्रम ₹आइए हम अपनी बेटियों को मजबूत, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाएं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रशांत करण (पूर्व आईपीएस) एवं नेशनल एक्शन कोऑर्डिनेशन ग्रुप के राज्य समन्वयक संजय मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। श्री प्रशांत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश में बेटियां किसी वरदान से कम नहीं है। चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो हमारी बेटियां हमारी शान बान और मान हैं। हम चाहे कितनी तरक्की कर लें मगर एक बेटियों का कर्ज चुका नही सकते क्योंकि बिटिया जिस घर में न रहे वह घर अंधकार और नीरस हो जाता हैं। प्रधानमंत्री के द्वारा लिखित किताब एग्जाम वरिरर्स का भी बालक-बालिकाओं के बीच वितरण किया। कार्यक्रम में देवेंद्र नाथ उच्च विद्यालय की प्रधानमंत्री मुस्कान कुमारी ने बालिका दिवस के अवसर पर इंग्लिश में अपना वक्तव्य दिया। ग्रुप के बच्चों ने एक-एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल कल्याण संघ के रवीश कुमार झा, अनुराग कुमार, मदन साहू, चंद्रशेखर मिश्र एवं स्कूल के भुनेश्वर सिंह राकेश कुमार शर्मा, अभीशवर महतो, दुर्गा उरांव, नवलेश कुमार, हेमाकांत सिंह, प्राजंलि मिश्रा, चंपा कुमारी, मंजुला केरकेट्टा, प्रतिमा तिर्की, गायत्री मिश्र, एतवा उरांव, छोटू राम का भी अहम योगदान रहा।

# खूंटी जिले में मतदाताओं की संख्या पहुंची दो लाख 23 हजार 658



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के तहत निष्पादित कार्यों को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों की संख्या, निष्पादित प्रपत्र-6, प्रपत्र-7, प्रपत्र-8 और मतदाताओं की संख्या आदि की जानकारी दी गई। बैठक में उपायुक्त ने निष्पादित फॉर्म- 6, 7 एवं 8 का विवरण देते हुए कहा कि आपलोगों के सहयोग से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के तहत अब तक अच्छा कार्य हुआ है। उन्होंने बताया कि 59 तोरपा और 60 खूंटी विधानसभा क्षेत्र के तहत कुल मतदान केद्रों की संख्या 297 है। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 कार्यक्रम के अंतर्गत 7061 प्रपत्र -6, 4403 प्रपत्र-7 एवं 8737 प्रपत्र-8 का सृजन किया गया। बीते 22 जनवरी तक 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या में 3238 एवं 20 से 29 आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या में 2186 की वृद्धि हुई है। तोरपा सहित खूंटी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या अब 2,23,658 हो गई है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किस मतदाता का नाम छूट गया है, किसका नाम मतदाता सूची से हटाना और सुधार करना है, इसके लिए संबंधित बीएलओ से मिलकर उक्त कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राजनीति पार्टी के प्रतिनिधि अपने-अपने बूथ एजेंटों के नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दें। साथ ही बूथ एजेंट के माध्यम से मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रेरित करें। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 59- तोरपा सह अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड हृदय चिकित्सा योजना
अन्तर्गत रिम्स, राँची में शिविर आयोजन संबंधी सूचना

हृदय रोग की
निःशुल्क जाँच
निःशुल्क हार्ट ऑपरेशन



इसमें हृदय (हार्ट) की जन्मजात समस्या ASD, VSD, PDA हृदय में छेद की समस्या एवं बाईपास की समस्या से ग्रसित मरीज इस शिविर (कैम्प) का लाभ ले सकेंगे।

श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल (राजकोट तथा अहमदाबाद) के सहयोग से आयोजित शिविर में 3 माह से 18 वर्ष की आयु के बच्चों तथा 18 वर्ष से 65 वर्ष तक के वयस्कों के लिए निःशुल्क जाँच एवं उपचार की व्यवस्था है।

शिविर का लाभ उठाने के लिए अपने जिले के सिविल सर्जन से संपर्क करें या हेल्थ हेल्पलाईन नंबर- 104 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें।

दिनांक: 27-28 जनवरी 2024
समय: सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक
स्थान: राजेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, बरियातु, राँची, झारखण्ड

स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड सरकार
एवं
श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल (राजकोट तथा अहमदाबाद) द्वारा आयोजित

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 316546 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

# मोरहाबादी मैदान में हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल

## डीसी-एसएसपी ने ली सलामी, बेहतर व्यवस्था के लिए दिये गये दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। मौके पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी चंदन सिन्हा मौजूद थे। इस दौरान आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को रियल टाइम बेसिस पर दोहराया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एसएसपी के साथ परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड पार्टियों को संबोधित करते हुए एसएसपी ने आवश्यक सुधार के लिए कई निर्देश दिये। वहीं जिम्मेवारी दी गयी आला अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल का मुआयना कर तैयारियों का जायजा भी लिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान बेहतर व्यवस्था के लिए उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद प्रतिनियुक्त पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों की ज्वायंट ब्रीफिंग भी हुई। इस दौरान जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। ब्रीफिंग के दौरान सभी अधिकारियों को डीसी-सह-जिला दण्डाधिकारी और एसएसपी द्वारा जारी संयुक्तादेश के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभायें। **पदाधिकारियों को दिया निर्देश :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों को कई निर्देश दिया। ब्रीफिंग के दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), राजेश्वरनाथ आलोक ने विभिन्न रंगों के पास के लिए आंमत्रित जनों के बैठने के लिए की गयी व्यवस्था की जानकारी भी दी। बता दें कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर फर्स्ट इन कमांड के रुप में सेना के मेजर अंकुश चौधरी हैं। सेकेण्ड इन कमांड परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन हैं।

**ये प्लाटून परेड में होंगे शामिल :** सेना, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, एसएसबी, ओड़िशा पुलिस, झारखंड जगुआर, जैप-1, जैप-2, जैप-10 और आईआरबी-5 शामिल रहेंगे।
**रांची जिला बल होगा शामिल :** रांची जिला पुलिस (पुरुष), रांची जिला पुलिस (महिला), झारखंड गृहरक्षा वाहिनी, एनसीसी बालक और एनसीसी बालिका वर्ग शामिल है।
**बैंड पार्टी का होगा शो :** कार्यक्रम के दौरान सेना बैंड, जैप-एक बैंड, जैप-10 बैंड और झारखंड गृहरक्षा वाहिनी बैंड पार्टी, स्काउड एंड गाइट की दो टीमें, कस्तूरबा बालिका विद्यालय के छात्रों की बैंड ग्रुप और केराली स्कूल से एक ग्रुप के द्वारा शो किया जाएगा।
**26 को ध्वज फहराने के बाद इलेक्ट्रॉनिक न्यू डेली मार्केट रहेगा बंद :** रांची के एमजी रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स न्यू डेली मार्केट में 26 जनवरी को ध्वज फहराने के बाद अवकाश रहेगा। पूरा बाजार बंद रहेगा। इस संबंध में न्यू डेली मार्केट ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी हाशिम ने बुधवार को बताया कि सर्वसम्मति से 26 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश के मौके पर मार्केट को भी बंद रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि मार्केट में सुबह 10 बजे झंडा फहराया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के लिए तिरंगे से सजाया गया कार्यक्रम स्थल

## आगंतुकों के बैठने के लिए बनायी गई है गैलरी, तैयार हो रही है विभागों की झांकियां







**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा। इसमें राज्यपाल झंडोत्तोलन करेंगे। इसके लिए कार्यक्रम स्थल को सजाने-संवारने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। मैदान में मंच की बायीं और दायीं ओर आगंतुकों के बैठने के लिए गैलरी बनायी गई है। जबकि मुख्य मंच के दोनों तरफ वीआईपी के बैठने की जगह बनाई गई हैं। जिसे तैयार करने में मजदूर लगे हुए है। परेड के लिए मैदान में मोरम डालकर उसे रोड रोलर से समतल किया गया है। मैदान में सफेद चूना से मार्किंग की गयी है। गैलरी को तिरंगे रंग के कपड़ों से सजाया गया है। जिससे मैदान की सुंदरता बढ़ गई है। आगंतुकों के प्रवेश के लिए मंच की दोनों ओर कई द्वार बनाये गये है। जिससे कि लोग आसानी से गैलरी तक पहुंच सके। कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि समारोह स्थल को सजाने का अधिकांश कार्य आज रात तक पूरा कर लिया जाएगा। जो काम शेष रह जाएगी उसे गुरुवार की दोपहर तक पूरा कर लिया जाएगा।

**थ्री लेयर की होगी सुरक्षा व्यवस्था**
मोरहाबादी मैदान स्थित समारोह स्थल और उसके आसपास के इलाके में थ्री लेयर की सुरक्षा बनायी गयी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि समारोह स्थल में एक-एक व्यक्ति की जांच करने के बाद ही उसे अंदर जाने दिया जाएगा। मोरहाबादी मैदान के हर प्रवेश द्वार पर बैरिकेडिंग किया जाएगा। बैरिकेडिंग के पास पुलिस बल तैनात रहेंगे। प्रत्येक व्यक्ति को तैनात जवान चेक करने के बाद समारोह स्थल जाने देंगे। उन्होंने बताया कि एक दर्जन डीएसपी स्तर के अधिकारियों को भी मोरहाबादी मैदान की सुरक्षा में लगाया गया है।
**समारोह में नजर आयेगी 12 झांकियां :** मोरहाबादी मैदान के एक ओर कारीगरों द्वारा झांकियों का निर्माण किया जा रहा है। ये मनमोहक झांकियां राज्य सरकार के 12 अलग-अलग विभागों से संबंधित है। इन झांकियों में बदलते झारखंड की तस्वीर दिखेगी। झांकियों में पेयजल स्वच्छता विभाग, खादी बोर्ड, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, वन पर्यावरण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा झांकियों का निर्माण कराया जा रहा है। कारीगरों ने बताया कि प्रारूप तैयार है, सिर्फ रंगाई का कार्य चल रहा है। जिसे कल दोपहर तक पूरा कर लिया जाएगा।

## बार एसोसिएशन के नौ कार्यकारिणी सदस्य चुने गये

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति के 9 सदस्यों के लिए हुए वोटिंग की काउंटिंग खत्म हो गई है। कार्यकारिणी समिति के चुनाव में सबसे ज्यादा वोट लाकर अधिवक्ता बबलू कुमार सिंह 737 मतों के साथ पहले स्थान पर रहे। वहीं दूसरे स्थान पर 674 वोट लाकर अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप और शंकर कुमार शर्मा 608 मत लाकर तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा अधिवक्ता मनीष कुमार को 594 वोट मिले।

**बबलू कुमार को 737 वोट मिले**

# राष्ट्रीय युवा शक्ति गणतंत्र दिवस पर अल्बर्ट एक्का चौक में करेगा कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्रीय युवा शक्ति इस वर्ष गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनायेगा। केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी राष्ट्रीय युवा शक्ति राष्ट्रपर्व मनाने ने लिए तैयारी की है। इस साल भी शहीद चौक से लेकर परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए सर्जना चौक तक राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे रंग की बैलून एवं अमर शहीद के कट आउट से पूरे क्षेत्र को सजाया जायेगा। साथ ही साथ परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक को विद्युत सज्जा से दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। उत्तम यादव ने बताया कि राष्ट्रीय युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरूवार को शहीद स्थल की साफ सफाई की जायेगी। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर सुबह 11 बजे अमर शहीद के परिवार के हाथों से झंडोतोलन कराया जाएगा। दोपहर 12:30 बजे से ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजन किया जाएगा। जिसका पंजीकरण परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक के समक्ष निःशुल्क होगा। अपराह्न 2 बजे से छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीतों पर झांकी प्रस्तुत की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### वैश्य महासम्मेलन का प्रतिनिधिमंडल डॉ. प्रदीप वर्मा से मिला



**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन 25 फरवरी को रांची में वैश्य महारैली का आयोजन करेगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर महासम्मेलन के एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा से मुलाकात कर रैली के संबंध में जानकारी दी। बताया कि डॉ प्रदीप वर्मा को वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के संरक्षक मंडली में रखा गया है। इस दौरान झारखंड में वैश्य समाज की स्थिति पर चर्चा की गई। कहा गया कि झारखंड में वैश्य समाज के लोगों पर निरंतर हमले हो रहे हैं। वैश्य को 27 फीसदी आरक्षण चाहिए। वैश्य समाज के हक और अधिकार के लिए संगठित करने के लिए यह रैली आयोजित की गई है। इस रैली में समाज के सभी सांसद और विधायक और कई राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल में संजय चौधरी, संजय पोद्दार, मनोज प्रसाद, श्याम सुंदर, राम लखन, चंदन गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विजय कुमार और संतोष सेठ शामिल थे।

### गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में 26 को सजेगा विशेष दीवान




**रांची।** गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, कमड़े में शुक्रवार को दशमेश पिता श्रीगुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजाया जायेगा। इस दिन गणतंत्र दिवस के साथ स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव भी मनेगा। इसकी तैयारी चल रही है। श्रीगुरु सिंह सभा के पूर्व महासचिव हरमिंदर बीर सिंह ने बताया कि बुधवार से यहां अखंड सहज पाठ की शुरूआत हुई। पाठी 48 घंटे तक लगातार रात-दिन पाठ करेंगे। शुक्रवार को दिन के साढ़े दस बजे पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान सजेगा। इसमें मेन रोड गुरुद्वारा साहिब के हजुरी रागी भाई भरपुर सिंह सार्थियों संग पहले शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ेंगे। इनके बाद अमृतसर से आये दरबार साहिब के हजुरी रागी भाई गुरविंदर सिंह आनंदपुरी शबद गायन कर श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। इस बीच श्रीगुरु गोविंद सिंह के जीवन दर्शन पर कथावाचन भी किया जायेगा। दिन के ढाई बजे अरदास के साथ दीवान की समाप्ति होगी। गुरु का अटूट लंगर बरतेगा। पंगत में बैठकर साध संगत लंगर छकेंगे। 26 जनवरी को बच्चों के लिए कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। रंजीत सिंह हैप्पी, शरणजीत सिंह, रणवीर सिंह, तनिंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह और सुरजीत सिंह सहित अन्य कार्यक्रम में योगदान दे रहे हैं।

### झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच ने जयंती पर कर्पूरी ठाकुर को किया याद



**रांची।** झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच ने धुर्वा में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने किया। मौके पर कैलाश यादव सहित अन्य सदस्यों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। यादव ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर ईमानदारी और सादगी के प्रतिमूर्ति थे। उन्हें भारत रत्न देने की पिछड़े अति पिछड़े समाज द्वारा वर्षो से मांग की जा रही थी। भारत रत्न मिलने से आज समग्र समाज गर्व महसूस कर रहा है। कार्यक्रम में नंदन यादव, सुधीर गोप, राजकिशोर सिंह, सरजू प्रसाद, चंद्रिका यादव, प्रिंस ठाकुर, शत्रुघन ठाकुर, आकाश कुमार, सुनील कुशवाहा, मैनेजर राय, उमेश राय, राम इकबाल चौधरी एवं सुबोध ठाकुर सहित कई मौजूद थे।

### एचईसी कर्मियों का आंदोलन आठवें दिन भी जारी, विधायक व पूर्व सांसद ने दिया समर्थन



**रांची।** बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के कर्मियों ने बुधवार को भी आंदोलन जारी रखा। कर्मियों के आंदोलन को समर्थन देने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और खिजरी विधायक राजेश कच्छप पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं ने कर्मियो के आंदोलन को समर्थन किया। आश्वासन दिया की कर्मियों के आंदोलन में वे भी साथ है। विगत 17 जनवरी से एचईसी के अधिकारी और कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। कर्मियों की मांग है कि कर्मचारियों का 18 महीने और अफसरों का 20 महीने से बकाया है। जिसका भुगतान किया जायें। बकाया वेतन की मांग को लेकर अभी सात श्रमिक संगठन एक मंच पर आकर कंपनी के खिलाफ आंदोलन कर रहे है। आंदोलन का बुधवार को आठवां दिन रहा। श्रमिक संगठनों ने एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति का गठन किया है। इसी समिति के बैनर तले आंदोलन जारी है। 29 जनवरी को कर्मियों की ओर से एचईसी परिसर बंद करने का निर्णय लिया गया है।

### कुर्मी को आदिवासी का दर्जा देने के प्रयास के विरोध में 11 फरवरी को पैदल मार्च

**रांची।** कुरमी को आदिवासी का दर्जा देने के प्रयास के विरोध में आदिवासी संगठनों की एक बैठक करमटोली स्थित धुमकुड़िया भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक देवकुमार धान ने कहा कि 11 फरवरी को कुरमी समाज का विरोध किया जाएगा। इसके तहत मोरहाबादी से बिरसा चौक तक पैदल मार्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद कुरमी समाज स्वयं को शिवाजी से जोड़ा है। अंतः स्पष्ट है कि यह एक बड़ी षड्यंत्र पेशा कानून के लिए रची जा रही है। केंद्रीय सरना समिति के फुलचंद तिर्की ने कहा कि गांव में नगाड़ा बजाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्हें जानकारी दी जाएगी कि यदि कुरमी से आदिवासी बनते हैं तो मूल आदिवासियों का हक व अधिकार, संवैधानिक रुप से कम होता चला जाएगा। आदिवासी समाज को उलझाने के लिए देश के दो बड़े पार्टियां मिलकर राजनीति कर रही है। ऐसे में अब आदिवासियों को धर्म कोड की आवश्यकता अतिआवश्यक हो गई है। मौके पर आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि एवं कई मुखिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# लापरवाही : रोज बर्बाद होता है हजारों गैलन पानी

## बुटी मोड़ में पाइप लाइन के लीकेज की रूक्का कार्यपालक अभियंता को नहीं है जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बुटी मोड़ से कोकर जाने वाली सड़क हर दिन सुबह तालाब सा नजारा देखने को मिलेगा। ऐसा नहीं कि यह नजारा सिर्फ बरसात के दिनों में देखने का मिलेगा। बल्कि सूखे के मौसम भी सड़क पर पानी का जमाव देखने को मिलेगा। ऐसा नजारा पेयजल व स्वच्छता विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण देखने को मिलता है। दरअसल, बुटी मोड़ के पास पेयजलापूर्ति पाइप में लीकेज हो गया है। जिस कारण रूक्का से कोकर की ओर पानी के सप्लाई के समय लीकेज के कारण पानी सड़क पर पानी लगता है। सुबह के समय पानी सप्लाई के दौरान पानी के रिसने से सड़क पर हजारों गैलन पानी बह जाती है। इसके साथ ही सड़क पर तालाब सा नजारा होता है और उधर से गुजरने वालों वाहनों को पानी के उपर से गुजरना होता है। वहीं पैदल चलने वाले लोगों को तो काफी परेशानी होती है। उन्हें सड़क के किनारे नाली के उपर से गुजरना पड़ता है। दोपहर तक पानी के नाली में बह जाने से लोगों को राहत मिलती है। लेकिन अगले दिन सुबह फिर वही स्थिति बन जाती है। ये स्थिति पिछले करीब 6 महीने से जारी है।

### जांच कराकर लीकेज करुंगा ठीक : ईई

इस संबंध में पेयजल व स्वच्छता विभाग के रूक्का के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर से पूछने पर बताया कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है। हो सकता है कि सड़क निर्माण करने वाली कंपनी कार्य करने के दौरान पेयजलापूर्ति पाइप लाइप को क्षति पहुंचा हो। जिस कारण लीकेज से पानी की बर्बादी हो रही होगी। मैं मामले की जांच कर लीकेज को तुरंत ठीक कराने का प्रयास करुंगा।

# मांगों की स्वीकृति के बाद पंचायत सचिवालय संघ का आंदोलन स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने अपना आंदोलन कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि पांच सूत्री मांगों को लेकर संघ ने तीन बार धरना स्थगित किया है।
पहली बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे से प्रतिनिधिमंडल की वार्ता 28 दिसंबर 2023 को। दूसरी बार फिर 8 जनवरी को मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे से वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित किया गया था। वार्ता के बाद 16 जनवरी से फिर से आंदोलन शुरू किया गया। जहां पंचायती राज निदेशक से प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। इस दौरान संघ की मांगों पर कैबिनेट स्वीकृति की जानकारी दी गयी। जल्द ही संघ की मांगों को कैबिनेट में रखा जायेगा।

## सिटी एसपी राजकुमार मेहता को मिला ट्रैफिक एसपी का अतिरिक्त प्रभार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सिटी एसपी राजकुमार मेहता को ट्रैफिक एसपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद सिटी एसपी ने मेन रोड, रातू रोड, कांटाटोली, लालपुर और आसपास के इलाकों में फुटपाथ पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों को पूर्व में फुटपाथ पर दुकान नहीं लगाने को लेकर सूचित किया गया था। इसके बावजूद यदि फिर भी दुकानदार वहां दुकान लगा रहे हैं तो सावधान हो जायें। दुकानदारों को चिन्हिंत कर एफआईआर दर्ज की जायेगी। राजकुमार मेहता ने बिना परमिट ऑटो चलाने वालों को भी ऑटो चलाने से मना किया है।

# राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स का नहीं है कोई संपर्क नंबर

## राज्य के कोने-कोने से भर्ती मरीजों के परिजन रहते हैं परेशान

**अमित कुमार/ कुमार उत्कर्ष**
**रांची**



किसी व्यक्ति की दुर्घटना होने के पश्चात रिम्स में ले जाया गया हो, उस परिस्थिति में उस मरीज की जानकारी उनके परिजनों को कैसे मिले। इस संदर्भ में रिम्स का कोई ऐसा संपर्क नंबर नहीं है, जिसमें फोन कॉल कर जानकारी ली जा सके। यह हाल राज्य के सबसे बड़े अस्पताल का है। दूसरी ओर शहर के सभी निजी अस्पतालों में चौबीसों घंटे फोन कॉल कर मरीज किस वॉर्ड में है या घर चला गया इसकी सूचना तत्काल प्राप्त हो जाती है। कई निजी अस्पताल तो बाकायदा गाइड भी करते हैं। ऐसे में परिजनों को रिम्स में जा कर पता करना होता है कि मरीज को किस वॉर्ड में रखा गया है और उसका क्या इलाज चल रहा है। कुछ पुलिसवालों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मरीज की जानकारी ठाणे के माध्यम से या उसके परिजन से मिलती है और इसमें बहुत परेशानी होती है।

आम लोगों के पास रिम्स का नंबर प्राप्त करने का पहला विकल्प गूगल होता है। जिस पर इमरजेंसी, ऑफिस तथा एंबुलेंस का नंबर दिया गया है। इन नंबर में इमरजेंसी नंबर अस्थाई रुप से बंद बताया जाता है। दूसरा नंबर ऑफिस का है, जिस पर फोन करने से रिंग तो जाता है लेकिन उसे उठाता कोई नहीं है। तीसरा नंबर एंबुलेंस का है, जो लगता नहीं है। गूगल पर फर्जी नंबर से साइबर ठगों के जाल मेन फँसने का डर है वो अलग। राज्य के कुछ महत्वपूर्ण लोगों के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग फोन डायरेक्टरी जारी करता है जिस पर रिम्स के कुछ नंबर एंबुलेंस के दिए हुए हैं जिसमें से एक नंबर प्रयोग में नहीं है और मोबाइल नंबर अलग अलग हैं जिसमें किसी ने बताया कि वे घर पर है या बाहर हैं । ऐसे में शहर के सबसे बड़े अस्पताल से कैसे संपर्क किया जाए ? उल्लेखनीय है कि इसे सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का दर्जा दिया गया है और इस सबसे बड़े सरकारी अस्पताल का बजट करोड़ों का है और हजारों मरीज इसमें प्रति सप्ताह भर्ती होते हैं जिसमें गरीब और जनजातीय समुदाय के लोगों की संख्या सबसे अधिक होती है।

अस्पताल के प्रभारी निर्देशक डॉ आरके गुप्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने भी फोन कोल नहीं उठाया। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि रिम्स से संपर्क करने का क्या जरिया हो सकता है।

**रिम्स में लगा हुआ बोर्ड**




### गूगल में दिया गया नंबर

**इमरजेंसी**
0651 2544471
**ऑफिस**
0651 2541533
**एंबुलेंस**
0651 2547260
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग फोन डायरेक्टरी रिम्स, बरियातु, रांची-
**कार्यालय नंबर**
0651 2547260,
8210097094,
7870422257
आवास नंबर-
7250105750,
9471129849



“ भाजपा कार्यसमिति के सदस्य आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि कितने लोग उनके पास आते हैं कि रिम्स में इलाज करा दीजिए और उसके लिए आदमी भेजना पड़ता है जबकि दागी लोगों को कॉटेज देने में रिम्स देर नहीं करता।

**रमेश सिंह**

# आगामी चुनावों में सीटों का रिकॉर्ड भी बनाएंगे और मजबूत सरकार भी : मरांडी

**कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने की कोशिश लगातार की जा रही**

**लोगों को मजबूत भारत, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का दें निमंत्रण**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित गांव चलो अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित को समर्पित रही है। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार से प्रारंभ हुई विकास यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार में गांव गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने की कोशिश लगातार की जा रही है। जनता में मोदी सरकार के प्रति लगातार विश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को समर्थन देने के लिए समय का इंतजार कर रही है। हम गांव चलो अभियान के तहत जनता के बीच जाएं, उन्हें मजबूत भारत, आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत बनाने के संकल्प का निमंत्रण दें। कहा कि जनसंपर्क का बड़ा अभियान है गांव चलो अभियान जिसमे खुद को गांव से जोड़ें और गांव को भाजपा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जनता पिछले चुनाव से ज्यादा मत देकर भाजपा को और मजबूत करने के लिए संकल्पित है। कहा कि भाजपा जनता के आशीर्वाद से 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में सीटों में भी रिकॉर्ड बनाएगी और देश और प्रदेश में मजबूत सरकार भी बनाएगी। गांव चलो अभियान के चार राज्यों बिहार, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के प्रभारी सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि गांव चलो अभियान सर्वव्यापी, सर्व समावेशी, सर्व स्पर्शी भाजपा के प्रत्यक्ष दर्शन का अभियान है। कहा कि सबका साथ, सबका विकास हमारा मंत्र है। गांव चलो अभियान हमें सर्व समाज से जुड़ने और जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने का अभियान है। यह अभियान एकबार फिर मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने का अभियान है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में स्वतः स्फूर्त वातावरण है। पूरा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ है।



भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने गांव चलो अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि भारत की आत्मा गांव में निवास करती है। ग्रामीण विकास से ही विकसित भारत का सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए मोदी सरकार की योजनाएं संकल्पित है। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता मोदी जी के दूत बनकर घर घर जाएं। प्रत्येक परिवार भाजपा परिवार बने इसका हम सब प्रयास करें। कोई छूटे नहीं, कोई टूटे नहीं। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता हर गांव में पहुंचेंगे। प्रत्येक प्रवासी की सूची तैयार की जा रही है। प्रदेश की कार्यशाला की तरह जिलों और मंडलों में कार्यशाला होगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान में पार्टी के सभी राष्ट्रीय,प्रदेश ,जिला ,मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। 24घंटे गांव में ही रहकर अभियान को सफल बनाएंगे। बूथ स्तर पर सांगठनिक मजबूती के लिए भी कार्य करेंगे। कहा कि अभियान में बूथ समिति की बैठक, नव मतदाताओं से संपर्क, मतदाता सूची निरीक्षण, नए पुराने कार्यकताओं से संपर्क, जनसंघकालीन कार्यकताओं से संपर्क, गांव के विभिन्न सामाजिक,धार्मिक,संगठनों,स्वयं सेवी संस्थाओं से संपर्क,मठ मंदिरों से संपर्क, दलित, आदिवासी बस्तियों में संपर्क, शहीद परिवारों से संपर्क जैसे कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ता गांव में एक बार फिर से मोदी सरकार के का दीवार लेखन भी करेंगे।

उपस्थित पदाधिकारियों में प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुइस मरांडी, बड़कुंवर गगराई, अशोक भगत,कालीचरण सिंह, आरती कुजूर, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, मुनेश्वर साहू, सरोज सिंह, नंद जी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, मुन्ना मिश्र, दिलीप वर्मा, मनोज बाजपेई, सीमा पासवान, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, मनीष जायसवाल,मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह,सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी उपस्थित थे।

## झामुमो-कांग्रेस से राज्य की जनता का हुआ मोहभंग : बाबूलाल मरांडी



**समाजसेवी शंकर दुबे सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल**

**रांची।** मोरहाबादी के संगम गार्डन में बुधवार को आयोजित भव्य मिलन समारोह में समाजसेवी शंकर दुबे ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मिलन समारोह में शंकर दुबे समेत सैकड़ों लोगों को माला पहना कर भाजपा में स्वागत किया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस को छोड़कर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मतलब साफ है कि लोगों को इस सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। राज्य की जनता का मोह इस सरकार से भंग हो रहा है। समाज के हर तबका के लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है। सरकार के कामकाज की कोई आलोचना करता है तो उसे परेशान किया जा रहा है। जल, जंगल, जमीन की बात करने वाली इस सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक गरीबों की जमीन लूटी जा रही है। भाजपा ही इस राज्य के पिछड़ेपन को दूर कर सकती है। बाबूलाल मरांडी ने कहा की शंकर दुबे जैसे सामाजिक कार्य करने वाले व्यक्ति के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। शंकर दुबे के साथ सैकड़ों नौजवानों ने भी पार्टी का दामन थामा है, इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। मिशन 2024 हमको सबको मिलकर पूरा करना है और जीतना है। हम सभी संकल्प के साथ जाएं और फिर एक बार मोदी सरकार को लाएं। मिलन समारोह में शंकर दुबे ने कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र समेत राजनीतिक क्षेत्र में भी पार्टी के लिए समर्पित रूप से कार्य करेंगे। शंकर दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कार्यों से प्रभावित हो कर उनके बेहतर लीडरशिप से प्रभावित हो कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मिलन समारोह में राजीव रंजन मिश्रा, सुरेंद्र महतो, रामकुमार पाहन, रफिया नाज, नकुल तिर्की और कमलेश राम शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**रांची।** रातू के पिर्रा के आस्थापुरम निवासी कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्या मामले में तृतीय सम्मेलन प्रस्तुत कमेटी (टीएसपीसी) के सदस्य इरफान अंसारी के पुत्र अनवर अंसारी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। उसे रातू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इरफान अंसारी का पुत्र लेवी का पैसा लेने जाता था। इसलिए उसे टीएसपीसी का सदस्य मानते हुए गिरफ्तार किया गया है। अनवर अंसारी हत्या में प्रत्यक्ष रूप से नहीं लेकिन परोक्ष रूप से शामिल था। उल्लेखनीय है कि कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की चार जनवरी को रातू के पिर्रा स्थित आस्थापुरम के पास हत्या कर दी गयी थी। हत्या की जिम्मेदारी टीएसपीसी ने ली थी। इस संबंध में अभिषेक के भाई विवेक श्रीवास्तव ने टीएसपीसी के दो सदस्य जयमंगल और बलबंत के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम भक्तों में भारी उत्साह राममय हुआ दलादली चौक



**रांची।** अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सोमवार को दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के साथ उत्सव मनाया गया। इस मौके पर संपूर्ण रामायण पाठ किया गया। राम लला प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या की पुरा कार्यक्रम की लाइ प्रसारण का एलइडी के माध्यम प्रसारित किया गया। महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन किया गया। वहीं राम भक्तों ने जयकारा लगाते हुए राम भजन पर खूब झूमे और जमकर नृत्य किया। खुशी में खूब अतिशबाजी कर पटाखे छोड़े गए।और भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे देर रात तक भक्तों द्वारा भंडारे की महाप्रसाद पाते देखा गया। रात में दिव्य दीपोत्सव के साथ दीपावली मनाया गया। वहीं अयोध्या में प्रभु श्रीराम की वापस आने की खुशी में दलादली चौक समीप अवस्थित हनुमान मंदिर, माँ दुर्गा मंदिर, व शिव नाग देवता मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। पुरा दलादली चौक श्रीराम एवं हनुमान जी की झंडों से पाट दिया गया। जिससे पुरा क्षेत्र राममय हो गया जिसे देखकर उस क्षेत्र से गुजरने वाले हर राम भक्त एक बार उक्त मंदिर उत्सव मे अपने को जाने से रोक नहीं पाते और उक्त उत्सव में शामिल होकर हीं अपने गंतव्य स्थान की ओर बढ़ते।


### जयंती पर याद किए गए अब्दुल रज्जाक अंसारी



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को पूर्व मंत्री अब्दुल रज्जाक अंसारी के जन्मदिन पर उन्हें याद किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उपस्थित नेताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. अब्दुल रज्जाक अंसारी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सरल व सादगी का प्रतीक बताया। कहा, अंसारी का जन्म गरीब परिवार में हुआ था, उन्होंने कड़ी मेहनत तथा लगन से शिक्षा ग्रहण की। स्व. अंसारी बुनकरों की समस्या के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे, उनके अथक प्रयास से छोटानागपुर में रिजनल हैंडलूम विवर्स लिमिटेड की स्थापना की गयी। वक्ताओं ने कहा कि उनके सपनों को पूरा करने के लिए कैथ लेब सुपर स्पेशलाईज्ड हृदय चिकित्सा केन्द्र की स्थापना हुई। आज यह चिकित्सा केंद्र स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व चिकित्सा प्रदान कर रही है। मौके पर रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने प्रदेश कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जयंती समारोह का संचालन प्रदेश प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारीश कुरैशी ने किया। इस अवसर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से रोशन लाल भाटिया, मंजूर अहमद अंसारी, अनवर अहमद अंसारी, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, जगदीश साहु, प्रभात कुमार, मो सफर, मुमताज खान, मो शहीद अंसारी, मो. नईम अंसारी, तहमीद अंसारी, अख्तर अली, राजू राम, परवेज आलम, अशोक प्रसाद, इश्तियाक अहमद, रामानंद केशरी, वसीम अंसारी, रमेश, राजीव प्रकाश चौधरी, अजय सिंह, राजीव नारायण प्रसाद, नेसार, मो इस्लाम, मो जमील अख्तर सहित अन्य शामिल थे।

**उनके अथक प्रयास से छोटानागपुर रिजनल हैंडलूम विवर्स लिमिटेड की हुई थी स्थापना**

### आदिवासी एकता महारैली के दस्तावेज का लोकार्पण



**रांची।** झारखंड में 24 दिसंबर को हुई डीलिस्टिंग रैली के जवाब में चार फरवरी को विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता महारैली होगी। जनाधिकार मंच के नेतृत्व में निकाले जाने वाली आदिवासी एकता महारैली को लेकर बुधवार को संयोजकों ने रैली के लिए निर्मित दस्तावेज का लोकार्पण किया। विमोचन को लेकर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों से जुड़े मुद्दे पर कभी भी किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता है। बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी जनाधिकार मंच के बैनर तले 4 फरवरी को आयोजित विशाल आदिवासी एकता महारैली में आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों, समस्याओं और उनकी वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ से संबंधित विशेष मसौदे का लोकार्पण एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी की रैली के मुख्य अतिथि आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजीराव मोघे होंगे। इसके साथ ही गुजरात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राठवा और अन्य आदिवासी नेता भी आदिवासी एकता महारैली में शिरकत करेंगे।

### विविधता में एकता ही हमारी शक्ति : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश के विभिन्न प्रांतों का अपना गौरवशाली इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रही है। विविधता में एकता ही हमारी शक्ति है। हम एक हैं और एक रहेंगे। उत्तर प्रदेश में राम जन्मभूमि है, कृष्ण जन्मभूमि है एवं काशी भी है। गंगा, यमुना एवं सरस्वती का संगम भी यहीं प्रयागराज में है। राज्यपाल ने कहा कि भारत में वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वधर्म समभाव की भावना सदियों से रही है। यह भावना हमारे स्थापत्य कला में झलकती है। ताजमहल के स्थापत्य कला का स्थान पूरे विश्व में अप्रतिम है।

## 'सामाजिक न्याय' के मंत्र को स्थापित करने का मकसद ही राजनीति का मुख्य आधार : सुदेश

**सिल्ली विधानसभा स्तरीय अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच की बैठक संपन्न**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि 'सामाजिक न्याय' के मंत्र को स्थापित करने का मकसद ही राजनीति का मुख्य आधार है। इस मंत्र को स्थापित करने में समाज के अगुवा और खासकर बुद्धिजीवियों की भूमिका अहम हो जाती है। हमारी कोशिश है कि सभी मिलकर इस चुनौती को आसान करें। सुदेश कुमार महतो बुधवार को सोनाहातु प्रखंड स्थित सती घाट में आयोजित सिल्ली विधानसभा स्तरीय अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के सम्मेलन में बोल रहे थे। इसमें बुद्धिजीवी मंच के हजारों सदस्य और पदाधिकारी शामिल हुए।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजनीतिक और सामाजिक चेतना समय और स्थान के अनुसार बदलते रहते हैं लेकिन उद्देश्य बिल्कुल साफ हो और इसमें समाज के हर वर्ग का भला निहित होना चाहिए। गांवों में कोई भी जमीन परती ना रहे, इसका संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि अभिमान का परित्याग करना होगा।

**याद किए गए कर्पूरी :** सोनाहातु स्थित सती घाट में आयोजित सिल्ली विधानसभा स्तरीय बुद्धिजीवी मंच की बैठक से पूर्व पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सामाजिक न्याय के प्रणेता जननायक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कपूर्री ठाकुर की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कपूर्री जी को भारत रत्न मिलना उनके द्वारा आजीवन समाज के गरीब एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण की दिशा में किए गए अभूतपूर्व कार्यों के साथ ही देश के सभी गरीबों, पिछड़ों-वंचितों का भी सम्मान है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस दल हुआ रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा की झारखंड में सफलता के लिए कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस नेताओं का दल रांची से पाकुड़ रवाना हुआ।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बुधवार को कहा कि नेताओं का दल रांची से इरबा चुट्टूपालू घाटी, चट्टी बाजार, रामगढ़, रजरप्पा, जरीडीह, चास, बोकारो, धनबाद, गोविंदपुर, देवघर होते हुए दुमका पहुंचा। इस क्रम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के ठहरने की जगह, सभा के लिए स्थल चुनाव, प्रचार-प्रसार की सारी व्यवस्था की पूरी समीक्षा की गई। इस समीक्षा के क्रम में यात्रा मार्ग में पड़ने वाले जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों कांग्रेस नेताओं,कार्यकताओं से भी पूरी जानकारी प्राप्त की गई। शांति ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष तीन दिनों तक संथाल परगना क्षेत्र में रहकर यात्रा की तैयारी को अमली जामा पहनाएंगे और कार्यक्रम का पुरा खाका प्रदेश प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर के समक्ष रखेंगे।

## कर्पूरी ठाकुर को मोदी सरकार ने दिया बड़ा सम्मान : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से भारत रत्न प्रदान किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को केंद्र सरकार के द्वारा भारत रत्न दिए जाने का फैसला अत्यंत ही हर्ष का विषय है। यह सम्मान उनके एक सौवीं जयंती पर मिलना इसे और खास बनाता है। उक्त बातें उन्होंने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कही। कहा, समाज के दलित-शोषित-पिछड़े वर्ग के हक की लड़ाई लड़ने वाले लोकप्रिय जननेता कर्पूरी ठाकुर को अब तक समुचित सम्मान नहीं मिला था। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक सामाजिक जीवन की शुचिता और ईमानदारी का सम्मान है। स्व. ठाकुर इसके सच्चे हकदार थे।

### जदयू नेताओं ने कपूर्री ठाकुर को किया याद

**रांची।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह रास सांसद खीरू महतो ने बुधवार को जननायक कपूर्री ठाकुर की शताब्दी जयंती पर हिनू स्थित कपूर्री चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर पर जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, आशा शर्मा, बैद्यनाथ पासवान, रत्ना शर्मा, लालचंद महतो, महेश्वर प्रसाद, अनिल यादव, रामजी प्रसाद व अन्य ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। खीरू महतो ने उन्हें जननायक बताते हुए भारत रत्न मिलने पर प्रासन्नता व्यक्त की।

### जननायक को भारत रत्न दिए जाने पर जताया हर्ष

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यालय आशीर्वाद भवन में बुधवार को जननायक कपूर्री ठाकुर की 100वीं जयंती मनाई गई। भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की तस्वीर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर का आचरण निजी और सार्वजनिक जीवन में मानक रहा है। इसलिए उन्हें जननायक का उपाधि प्राप्त हुआ।

## झारखंड हाई कोर्ट ने उपायुक्त मंजूनाथ के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के दौरान देवघर में रोक जाने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर को निरस्त करने के लिए देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री (वर्तमान में उपायुक्त जमशेदपुर) की याचिका की आंशिक सुनवाई की। जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ अगले आदेश तक पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। पूर्व की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है।

## सूबे के विश्वविद्यालयों की छुट्टियों में कटौती

**मात्र 20 दिनों की होगी गर्मी छुट्टी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सरकारी विश्वविद्यालयों की छुट्टियों में कटौती की गई है। अब ग्रीष्मकालीन अवकाश नहीं होगा। मात्र 20 दिनों की गर्मी की छुट्टियां मिलेगी। क्रिसमस पर सिर्फ एक दिन 25 दिसंबर को छुट्टी होगी। गर्मी की छुट्टियां मात्र 20 दिनों की होंगी। पहले राज्य के सभी विश्वविद्यालय अपने-अपने हिसाब से छुट्टियों के कैलेंडर तय करते थे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पिछले साल से छुट्टियों की एक समान व्यवस्था लागू कराई है। पिछले वर्ष रांची विश्वविद्यालय में सालाना छुट्टियों की संख्या 86 से घटाकर 43 की गई थी। उस समय शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों ने जबरदस्त विरोध दर्ज कराया था। इस वर्ष 2024 के लिए विश्वविद्यालयों ने 78 दिन की छुट्टी का कैलेंडर तैयार किया था। राजभवन ने इसे घटाकर 72 दिन कर दिया है। पहले 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक सभी विश्वविद्यालय बंद रहते थे। अब सिर्फ क्रिसमस पर 25 दिसंबर को छुट्टी दी जायेगी। जनवरी माह में विश्वविद्यालयों में छह दिन की छुट्टी हो सकती है। इनमें से दो रिस्ट्रिक्टेड छुट्टी शामिल हैं। होली पर दो दिनों 25 और 26 मार्च को अवकाश रहेगा। पहले दीपावली से छठ तक के लिए 16 दिन की छुट्टी प्रस्तावित थी। अब दीपावली से छठ तक केवल 10 दिनों (29 अक्टूबर से लेकर 9 नवंबर) की छुट्टी होगी।

## सास की सेवा करना बहू का कर्तव्य : झारखंड हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सास की सेवा करना बहू का कर्तव्य है, वह अपने पति से अपनी मां को छोड़कर अलग रहने के लिए नहीं कह सकती। झारखंड हाई कोर्ट की इस टिप्पणी की खूब चर्चा है। हाई कोर्ट ने रुद्र नारायण राय बनाम पियाली राय चटर्जी केस में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है।हाई कोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद की अदालत ने एक पारिवारिक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि वृद्ध सास की सेवा करना बहू का कर्तव्य है। वह अपने पति को मां से अलग रहने के लिए दबाव नहीं बना सकती है। रुद्र नारायण राय बनाम पियाली राय चटर्जी मामले में अदालत ने पत्नी को गुजारा भत्ता देने के आदेश को निरस्त कर दिया। हालांकि, अदालत ने नाबालिग बेटे के




परवरिश की राशि बढ़ा दी है। अदालत ने कहा कि पत्नी के लिए अपने पति की मां और नानी की सेवा करना अनिवार्य है। उसे उनसे अलग रहने की जिद्द नहीं करनी चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 51-ए का हवाला देते हुए अदालत ने कहा कि इसमें एक नागरिक के मौलिक कर्तव्यों को बताया गया है। इसमें हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देने और संरक्षित करने का प्रावधान है। पत्नी द्वारा वृद्ध सास या दादी सास की सेवा करना भारत की संस्कृति है।अदालत ने यजुर्वेद के श्लोक का जिक्र कहते हुए कहा- हे महिला, तुम चुनौतियों से हारने के लायक नहीं हो, तुम सबसे शक्तिशाली चुनौती को हरा सकती हो। अदालत ने मनुस्मृति के श्लोकों का हवाला देते हुए कहा कि जहां परिवार की महिलाएं दुखी होती हैं, वह परिवार जल्द ही नष्ट हो जाता है। जहां महिलाएं संतुष्ट रहती हैं, वह परिवार हमेशा फलता-फूलता है।दुमका के एक पारिवारिक अदालत के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसमें याचिकाकर्ता को अपनी अलग रह रही पत्नी को भरण-पोषण के रूप में तीस हजार और अपने नाबालिग बेटे को 15 हजार देने का आदेश दिया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि उसके पति और ससुराल वालों ने उसके साथ क्रूरता की और दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा है।

## धीरेंद्र शास्त्री के पलामू कार्यक्रम पर सुनवाई 29 जनवरी को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम) के 10 से 15 फरवरी तक प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की फ्रेश रिट याचिका की आंशिक सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तिथि 29 जनवरी निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि हनुमंत कथा आयोजन समिति ने तीन जनवरी को उपयुक्त, पलामू को बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर डिटेल एक्शन प्लान दिया था, जिसे पलामू उपयुक्त ने कानून व्यवस्था की समस्या बताकर रद्द कर दिया है। प्रस्तावित कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा। इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है।

## एक नजर


### जननायक कर्पूरी को भारत रत्न मिलना देश के लिए गौरव : भुनेश्वर



**हजारीबाग।** जननायक कपूरी ठाकुर की सौवीं जयंती हजारीबाग में धूमधाम से मनाई गई। शहर के झील परिसर स्थित कपूरी ठाकुर की प्रतिमा पर हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सहित अन्य सामाजिक संगठन के कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।भुनेश्वर मेहता ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर हर्ष जताया।इस अवसर पर सुरेश ठाकुर, निजाम अंसारी, चांद खान, महेंद्र राम सहित कई अन्य मौजूद थे।

## भारतीय नाई समाज ने मनाई कपूरी ठाकुर की जयंती

# भारतीय नाई समाज ने निकाला ‘कर्पूरी विचार जनजागरण रथ’



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की सौवीं जयंती समारोह कर्पूरी चौक नुरा में आयोजित हुआ। आयोजन भारतीय नाई समाज जिला कमिटी ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष भारतीय नाई समाज थे। जननायक की जीवनी को जन जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय नाई समाज ने ‘कर्पूरी विचार जनजागरण रथ’ निकाला जो की कई दिनों से हजारीबाग के तमाम क्षेत्र में भ्रमण करता रहा। रथ देख कर नाई समाज और कर्पूरी प्रेमी में काफी उत्साह देखा गया। रथ का नेतृत्व सुरेश ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष ने किया। क्षेत्र भ्रमण में जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर अधिवक्ता,जिला उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर, जिला सचिव राजेंद्र ठाकुर, केश कला बोर्ड के जिला अध्यक्ष मुना ठाकुर और जिला कोषाध्यक्ष प्रह्लाद ठाकुर शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को कई वर्षो से भारतरत्न देने की मांग का कई संगठन सहित पूरे भारत के नाई समाज ने भारत सरकार से मांग करते रहे है। आज उनकी सौवीं जयंती से एक दिन पहले भारत सरकार ने जननायक को भारतरत्न देने का एलान किया है। भारत सरकार के इस फैसले से पूरे भारत के नाई समाज और कर्पूरी प्रेमी में खुशी की लहर है। सदर विधायक ने कहा कि ये सामाजिक न्याय पुरोधा थे। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि ये एक व्यक्ति नहीं विचार थे। जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर अधिवक्ता ने कहा कि ये हमेशा दलितों और पिछड़ों के उत्थान के लिए काम करते रहे। ये हमारे लिए हमेशा पुजनीय है। धन्यवाद ज्ञापन केश कला बोर्ड के जिला अध्यक्ष मुना ठाकुर ने किया।

## श्रीलेदर्स शोरूम शोरूम का उदघाटन आज

# 898 रुपए की खरीद पर पहले 500 लोगों को मिलेगा बैग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के चट्टी बाजार में 25 जनवरी को श्रीलेदर्स के शोरूम का उदघाटन होगा। जिसको लेकर 24 जनवरी को शोरूम में प्रेस वार्ता किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से सौरव विश्वास,सुशांतो डे, शोरूम के रामगढ़ प्रबंधक निर्मालया रॉय, रविंद्र सिंह मौजूद थे। मौके पर सौरव विश्वास ने कहा की हमलोग श्रीलेदर्स के शोरूम का 25 जनवरी को उदघाटन कर रहे हैं। कहा की इसके प्रथम शोरूम का उदघाटन 1952 ई में जमशेदपुर में हुआ था। कहा की हमारा मुख्य लक्ष्य गुणवत्ता वाले उत्पाद और ग्राहकों को संतुष्टि देना है। कहा की ग्राहकों की पसंद के अनुसार हम उन्हें अपना प्रोडक्ट देते हैं और कंपनी के विस्तार में इससे मदद मिली है। कहा की हम ग्राहकों के पसंद के अनुरूप ही आगे भी उन्हें गुणवत्ता पूर्ण सामान देते रहेंगे। वहीं, रामगढ़ प्रबंधक निर्मालया रॉय ने कहा की हमने ग्राहकों के लिए प्रीमियम प्रोडक्ट लॉन्च किया है जो ग्राहकों को काफी पसंद आएगा। कहा की श्रीलेडर्स की शुरूवात जुटे बनाने से हुई थी लेकिन अब 40 प्रतिशत बेल्ट और अक्ससरीज का होता है। बताया की यह झरखंड में हमारा 8वा शोरूम है। कहा की उदघाटन के मौके पर पहले 500 ग्राहकों को बैग प्रदान किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### मानसरोवर पब्लिक स्कूल ने निकाली प्रभातफेरी



**बरकट्ठा।** प्रखंड के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में बुधवार को सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। वहीं बच्चे अपने भारत माता, रानी लक्ष्मी बाई, डॉ भीमराव अंबेडकर, चंद्रशेखर आजाद, महात्मा गांधी आदि के रुप में स्वयं को प्रदर्शित किए तथा स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाई। विदित हो कि प्रभात फेरी उन शहीदों और महान व्यक्तियों को समर्पित की गई जो भारतीय संविधान को बनाने में अपना अहम योगदान दिए। प्रभात फेरी मानसरोवर पब्लिक स्कूल के प्रांगण से प्रारंभ होकर झुरझुरी होते हुए तरबेचवा से होकर पुनः अपने विद्यालय तक किया गया। इस दौरान तरह-तरह के पिरामिड, भाषण मुख्य चौक चौराहे पर कराया गया। मौके पर विद्यालय निदेशक महेंद्र प्रसाद ने बच्चों को बताया कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। जिसे बनाने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगे। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बच्चों को नए सत्र एवं आने वाले 75वें (गणतंत्र दिवस) 26 जनवरी के शुभ अवसर पर बॉयज हॉस्टल शुरू करने का आश्वासन दिया। मौके पर शिक्षक रोहित मंडल, मुकेश कुमार, कौशल पांडेय, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, दुलारचंद प्रसाद, अर्जुन सिंह, मनोज यादव, बबलू यादव, एकता, निधि, लक्ष्मी, जेबा, नूरी, योगेश, बबलू कुशवाहा समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस के उपलक्ष मेंडीपीएस गंगपाचो में प्रभात फेरी का किया गया आयोजन



**बरकट्ठा।** गंगपांचो गांव स्तिथ डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चो द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में प्रभातफेरी निकाली गई। जिसका शुभारंभ भिखु प्रसाद एवं निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने की। प्रभातफेरी में भगवान श्रीराम की झांकी, भारत माता की झांकी, भव्य राम दरबार की झांकी को दिखाया गया। इस दौरान शहर के युवा भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा शहर श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। बरकट्ठा वासियों की तरफ से जगह-जगह दूध, फल, अल्पाहार की व्यवस्था की गई। प्रभात फेरी की शुरूआत विद्यालय से शुरू होकर सलैया, बरवां, बरकट्ठा, बंडासिंघा, बेलकप्पी, तुइयो, कपका, किमनिया होते हुए वापस आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर प्रभात फेरी में पूनम कुमारी, भरत कुमार, अनिल उपाध्याय, गणेश कुमार, विशाल मिश्रा, बिमल किशोर, अभिशेष कौशल, प्रीती प्रभाई, दीक्षा कुमारी समेत अन्य लोग शामिल थे।

### एसडीओ ने की गणतंत्र दिवस की तैयारी की समीक्षा



**बरही।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमे झंडोतोलन से संबंधित व्यवस्थाओं की चर्चा हुई। साथ ही विभिन्न सरकारी कार्यालय में झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया। निर्णय अनुसार पूर्वाह्न 8:15 में एसडीओ आवास, 8 ।30 कार्यालय, 8 ।40 एसडीपीओ कार्यालय, 8 ।45 अवर निबंधन कार्यालय, 8 ।50 बार एसोसिएशन, 9 ।05 बरही थाना, 9 ।20 अनुमंडलीय अस्पताल, 9 ।45 पुलिस निरीक्षक कार्यालय, 10 बजे बरही चौक, 10 ।15 प्रखंड कार्यालय और 10 ।30 प्रखंड मैदान में झंडोतोलन किया जायेगा। वही कार्यक्रम को विधि पूर्वक संपन्न करवाने के लिए संबंधीत अधिकारियों को निर्देश दिए गए। निदेर्शानुसार अनुमंडल कार्यालय में राष्ट्रगान और प्रखंड मैदान में होने वाले सांकृतिक कार्यक्रम के लिए विद्यालय को सूचित करने का कार्य बीईइओ-3, प्रखंड मैदान में पेयजल की व्यवस्था पेयजल और स्वच्छता विभाग, चिकित्सीय व्यवस्था चिकित्सा पदाधिकारी और विधि व्यवस्था के लिए स्थानीय थाना प्रभारी को जिम्मेवारी दी गई। उसके साथ ही 65 वर्ष से अधिक उम्र के स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को उनके घर पर ही सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सभी विद्यालय प्रधान को प्रभातफेरी निकालने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में भूमि सुधार उपसमाहर्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी, अवर निबंधन पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, बीईइओ -1 और 3 सहित पुलिस इंस्पेफ्टर सह थाना प्रभारी मौजूद थे।

### प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल से मिले विधायक मनीष भेंट की सेवा पुस्तिका 2023



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी मिलने के पश्चात बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से उनके राजधानी स्थित रांची आवास पर मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने हर साल की भांति वर्तमान साल भी अपने दूसरे कार्यकाल के चौथे वर्ष के कार्यों की विवरण पुस्तिका सेवा वर्ष 2023 भी उन्हें भेंट की। बाबूलाल मरांडी ने विधायक मनीष जायसवाल के इस बेहतरीन कार्यकाल के लिए बधाई दिया और भविष्य में भी इसी सिद्दत के साथ जनसेवा में तल्लीन रहने की सलाह दी। मौके पर विधायक श्री जायसवाल ने बाबूलाल से कहा कि हमारा हरसंभव प्रयास रहेगा की संगठन नेतृत्व की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरा उतरूं।

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, बिजली, सड़क, मानदेय भुगतान, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय में पराक्रम दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने देश को स्वतंत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उनके पराक्रम को भूलाया नहीं जा सकता। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने नेताजी के देशभक्ति को अपनाने की सलाह दी। कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने छात्राओं को नेताजी के पराक्रम को याद करते हुए उन्हें देश के प्रति अपनी कर्तव्य को पूरा करने की बात कही। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पूनम ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आजाद हिन्द फौज के गठन उनके कार्यों और महिला बटालियन की उपलब्धियां को छात्राओं को अवगत कराया।वहीं विभिन्न छात्र छात्राओं ने अपनी अपनी बात रखी। डॉ ममता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि नेता जी के देश के प्रति त्याग का उल्लेख किया।

## गणतंत्र दिवस के समारोह पूर्व हुआ फुल ड्रेस परेड रिहर्सल

# आयुक्त ने दी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड को लेकर बुधवार को सेना के मार्चिंग टुकड़ियों ने स्थानीय कर्जन ग्राउंड में हिस्सा लिया और परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की। मौके पर आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, डीआईजी सुनील भास्कर,उपायुक्त नैंसी सहाय,पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने सेना व पुलिस बल की टुकड़ियों के द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल का संयुक्त रुप से निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और सलामी दी गई। सेना के जवान ने पूरे यूनिफॉर्म में जोश खरोश के साथ राष्ट्रीय धुन पर कदमताल करते नजर आए। बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सेना के सात अलग अलग बीएसएफ, सीआरपीएफ, जिला पुलिस, महिला विंग, एनसीसी तथा होम गार्ड के दस्ते अपनी यूनिफॉर्म और हथियारों के साथ नजर आए। बीएसएफ के बैंड पार्टी ने राष्ट्रधुन बजाई। इस समारोह में बीएसएफ की ओर से सार्जेंट विक्रांत सिंह,सीआरपीएफ की ओर से संजीव कुमार,जिला पुलिस से टीपू अंसारी,महिला पुलिस से उमेश कुमार दास, होमगार्ड से अभय कुमार, एनसीसी से रजनीश कुमार एवं विक्रम राजपूत, इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय से प्रियांशी उरांव ने परेड का नेतृत्व किया। वहीं बीएसएफ बैंड से एल. तिग्गा ने धुन को कमांड किया। कर्जन ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में नजारत उप समाहर्ता डेविड बलिहार,जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रखंडों में हुए कार्यक्रम

**रामगढ़।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत सदर अस्पताल सहित विभिन्न प्रखंडों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सदर अस्पताल रामगढ़ में नवजात बच्चियों की माताओं के बीच बेबी किट आदि का वितरण जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति भाग्य सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा किया गया मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों की जानकारी दी गई वहीं उन्होंने बच्चियों के पोषण को लेकर भी कई आवश्यक जानकारियां सभी को दी। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा शपथ ग्रहण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

# छात्रों ने किया ज्ञान ज्योति कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड पैरामेडिकल में बुधवार को परियोजना + 2 उच्च विद्यालय, चरही, चुरचू, हजारीबाग के विद्यालय के छात्रों ने शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे के माध्यम से, छात्रों को व्यावसायिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शिक्षित करने का प्रयास किया गया। इस दौरे के दौरान, छात्रों को विभिन्न पैरामेडिकल प्रक्रियाओं का सीधा अनुभव प्राप्त हुआ जिससे उनकी विशेषज्ञता में वृद्धि होगी। यह स्वीकृति का क्षण है, जब युवा पीढ़ी हमारे समाज के स्वास्थ्य और फामेर्सी क्षेत्र में निरंतर योगदान करने के लिए प्रेरित हो रही है। इंटरमीडिएट स्तर के छात्रों को एक उत्कृष्ट और शिक्षाप्रद पर्यावरण में अपने विद्यार्थी जीवन को बढ़ाने का मौका मिला। इस अद्वितीय अनुभव का हिस्सा बनते हुए, छात्रों ने ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी और पैरामेडिकल के प्रयोगशाला में एक अद्वितीय और ज्ञानवर्धन यात्रा का आनंद लिया। इस दौरे में, छात्रों ने विभिन्न विषयों में आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएं देखीं और उन्हें सीखने का अद्वितीय अनुभव हुआ। इसके अलावा, छात्रों ने विशेषज्ञों से मिलकर अपने शैक्षिक और करियर के मार्गदर्शन के लिए अनमोल सुझाव प्राप्त किए।

ज्ञान ज्योति कॉलेज के प्रमुख ने इस मौके पर व्यक्तिगत रूप से छात्रों का स्वागत कर रहे हो उन्हे प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि शिक्षाप्रद दौरों के लिए ज्ञान ज्योति कॉलेज हमेशा तत्पर है ताकि इससे छात्र और छात्राएं अपने भविष्य के प्रति सकारात्मक रूप से प्रेरित होंगे। कॉलेज प्रमुख शंभू मेहता ने कहा कि इस दौरे के माध्यम से हम छात्रों को अद्वितीय अनुभव प्रदान कर रहे हैं जिससे उनका शिक्षानुभव मजबूत होगा और वे भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

### जननायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न देना का केंद्र सरकार की सराहनीय पहल : राजेश ठाकुर

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व रामगढ़ जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती के शुभ अवसर पर उन्हें केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न से नवाजे जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। कहा की जननायक कपूरी ठाकुर वास्तव में जन-जन के लोकप्रिय नेता थे।

कहा की वे दलित शोषित पिछड़ा समाज के मसीहा थे। वे कई संवैधानिक पदों में रहे लेकिन अपने जीवन में बहुत ही सरल सौम्य अपने जीवन व्यतीत करते थे। आज भारत रत्न सम्मान वास्तव में वह अधिकार है जो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कपूरी ठाकुर के महान व्यक्तित्व को ध्यान में रखकर दिया गया। कहा की केंद्र सरकार का यह निर्णय वास्तव में सराहनीय है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर सिद्धू कान्हू मैदान में हुआ अंतिम अभ्यास




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** गणतंत्र दिवस पर सिद्धू कान्हू मैदान, रामगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर बुधवार को अंतिम अभ्यास किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया जिसके उपरांत उपायुक्त ने झंडा फहराया। अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई। मौके पर उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:35 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रातः 10:40 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:15 बजे झंडा फहराया जाएगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री की मनाई 100वीं जयंती

**बरही।** संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की स्वामी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय नाई महासभा की ओर से नगर भवन बरही और गौरियाकरमा में शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया. नगर भवन में कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि बीडीओ सी आर इंदीवार, सीओ आर एन खलखो, राष्ट्रीय नाई महासभा के उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व स्व ठाकुर के चित्र पर पुष्पार्पित कर किया. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने शताब्दी जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया. मुख्य अतिथि श्री यादव ने स्व ठाकुर को जननायक बताते हुए दृढ़ संकल्पित महापुरुष बताया. साथ हीं लोगो से उनके आदर्शों पर चलने की अपील किया. बीडीओ, सीओ आदि अतिथियों ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम में सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, भगवान केशरी, लक्ष्मण ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे.

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जयंती

# वंचितों के लिए असली ठाकुर थे कर्पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर के नूरा में कपूरी चौक पहुंचकर बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के सौवीं जयंती समारोह के पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भारतीय नाई समाज द्वारा आयोजित इस समारोह को संबोधित करते हुए हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों के लोगों के लिए असली ठाकुर थे। उनका संपूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित रहा। ऐसे महान विभूति को किसी जाति धर्म के बंधेज में बांधना कतई उचित नहीं है, ऐसे महापुरुष जाति- धर्म से उपर पूरे राष्ट्र के लिए आदर्श हैं और इन्हें उसी भाव से हम सभी को सम्मान देने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने का जो निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य पहल है। नूरा स्थित कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा स्थल के विकास और यहां सामूदायिक भवन निर्माण को लेकर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की हम सभी प्रयास करें तो संभवतः प्रशासनिक अनुमति मिल जाय। अगर यहां भवन निर्माण की अनुमति मिलती है तो हम अपने विधायक निधि की राशि से भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण कराएंगे ताकि समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए यह भवन कारगर हो सके ।

### न्याय के लिए धरना का सहारा लेंगी भूमिहीन विधवा सुदामा देवी

**बरही।** भूमिहीन मलकोको निवासी सुदामा देवी पति स्व जागेश्वर रविदास अब हक और न्याय के लिए धरना पर बैठेंगे. मामले को लेकर बुधवार को श्रीमती देवी सीओ के नाम अंचल कार्यालय में ज्ञापन दिया है. उन्होंने बताया कि वह भूमिहीन है. पिछले कई महीनो से वह जर्जर सरकारी विद्यालय भवन में रह रही है. सरकार के द्वारा अंबेडकर आवास निर्माण हेतु पैसा और भूमि भी उपलब्ध करवाया गया है. परंतु अंचल कार्यालय ने जिस भूमि को आवंटित किया है उस पर किसी और के द्वारा दावा किया जा रहा है और कार्य करने से रोका जा रहा है. इसकी सूचना अंचल कार्यालय सहित थाना को कई बार दिया गया. परंतु कोई कारवाई नही हुई है और आवास नही बन पा रहा है. इस संबंध में सीओ को अंतिम सूचना देते उचित कारवाई की मांग किया है अन्यथा बाध्य होकर 31 जनवरी को सांकेतिक रूप से एक दिवसीय धरना पर पर बैठने का उल्लेख किया है.

## एक नजर

### विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ को मिला तृतीय स्थान



**कोलेबिरा।** श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ के छात्र छात्रों को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय आगमन पर बुधवार को इन छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने पुष्प गुच्छ और पुरस्कार देकर सम्मानित किया । उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के समक्ष विजयी जीत कर लौटने पर बधाई संदेश देते हुए उज्वल भविष्य का कामना किया' विद्या मंदिर स्तर के लिए हुए प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ, सप्तम और अष्टम के छात्रों ने भाग लिया था । इस प्रतियोगिता में कुल 17 विद्यालयों ने हिस्सा लिया था।इस अवसर पर सुदर्शन कुमार, अर्जुन महतो, प्रमोद पाणीग्राही, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह विमल टेटे, शकुन्तला कुमारी, विमला देवी,लक्ष्मी देवी, यमुना कुमारी, सुनीति कुमारी,प्रगति कुमारी, दीक्षित कुमारी, वसंती बड़ाईक, दशरथी कुमारी, उपस्थित थे।

### 10 फरवरी से सिविल सर्जन कार्यालय में प्रशिक्षण

**सिमडेगा।** सिविल सर्जन के सभागार में आईडीए जो 10 फरवरी से जिले में किया जाना है । उसके संबंध में, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आए हुए सुपरवाइजर का ट्रेनिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रेनिंग के तहत उनके जानकारी दी गई कि फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन गर्भवती महिला 2 साल से छोटे बच्चे एवं गंभीर व्यक्ति को छोड़कर सभी को दवा का सेवन करना है । 10 फरवरी को आंगनवाड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र ,स्वास्थ्य केंद्र में दवा का सेवन कराया जाएगा। 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर छूते हुए लोगों को को दवा का सेवन कराया जाएगा लक्ष्य सभी को पूरा करना है।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर बनीं लक्ष्मी

**कोडरमा।** विभागीय दिशा- निर्देश पर 18 से 24 जनवरी तक जिले के सभी प्रखंड में राष्ट्रीय बालिका सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को जिला प्रशासन और जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया में पुस्तक मेला पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कई कार्यक्रम हुए। इसमें ताइक्वाडो खेल में स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्मी कुमारी को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। उन्हें पांच हजार रुपए का चेक, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली पांच छात्राओं को पांच हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि,प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ इंटर की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली विज्ञान से पांच, कला से पांच, वाणिज्य से पांच कुल 15 छात्राओं को पांच-पांच हजार का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## जीईएल चर्च पोगलोया मंडली में मनाया गया 100वां जुबली समारोह

# समाज को सशक्त करने में कलीसिया समुदाय का विशेष योगदान : एनोस एक्का

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड के जी ई एल चर्च पोगलोया मंडली का 100 वर्षगांठ के मौके पर जुबली समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का विशिष्ट अतिथि युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मौजूद रहे। पूर्व मंत्री के आगमन से पूरा क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा और पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया एवं माला पहनकर पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान राइट रेव मर्मल केरकेट्टा के द्वारा विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया। मौके पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस



एक्का ने कहा आज बताते हुए काफी हर्ष हो रही है कि आज हम इस चर्च का 100वां वर्षगांठ जुबली समारोह के रूप में मना रहे हैं। सन 1924 में इस चर्च की स्थापना अंग्रेजी हुकूमत के दौरान हुई थी इस दौरान इस क्षेत्र के लोग संगठित रहकर ईश्वर की प्रार्थना किया करते थे आज धीरे-धीरे इस क्षेत्र में कलीसिया समुदाय पूरी मजबूती के साथ बड़ा बरगद का पेड़ के रूप में उभरा है और हम सभी गर्व करते हैं कि हमारे पूर्वजों के द्वारा बनाए गए चर्च का आज हम वर्षगांठ मना रहे हैं। आज इस क्षेत्र में कलीसिया समुदाय सभी क्षेत्र में समाज उत्थान में सहयोग कर रही है चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या फिर स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो सभी सभी जगह पर कलीसिया समुदाय का विशेष योगदान है। आप सभी समाज को संगठित करने के लिए अपनी ओर से पहल करें इसके लिए जो भी सहयोग होगा हम करने को तैयार है। संगठित रहकर अपने क्षेत्र के विकास अपने समाज के विकास और अपने देश के विकास के लिए कार्य करने की आवश्यकता है ताकि हमारा समाज और विशेष तो और हमारे समाज के लोगों का सभी क्षेत्रों में योगदान रहे। हालांकि आज आदिवासियों का जिस गति के साथ विकास होना चाहिए उस गति से नहीं हुआ है ऐसे में हम सभी को इसके लिए प्रयास करनी है। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद संदेश एक्का ने संबोधित करते हुए कहा आज इस चर्च का हम जुबली समारोह मना रहे हैं।

### दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने बानो क्षेत्र का किया निरीक्षण

**बानो।** दक्षिण पूर्व रेलवे के महा प्रबंधक ए के मिश्रा बुधवार को राउरकेला रांची रेल खण्ड का निरीक्षण किया।मिली जानकारी के अनुसार आज बुधवार को गार्डेन रीच कोलकाता से दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक एके मिश्रा राउरकेला व रांची रेल खण्ड के विभिन्न स्टेशनों के बीच डबल लाइन का चल रहे कार्य का निरीक्षण किया।इस क्रम ने सेक्शन के ओड़गा, कनारोवा ,बानो आदि स्टेशनों का निरीक्षण किया। मौके पर बानो रेलवे स्टेशन,प्लेटफॉर्म ,कैंटीन रेलवे क्वाटर आदि का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के क्रम में महाबुवाग स्टेशन में चल रहे कार्यो का भी निरीक्षण किये।मौके पर सोय पंचायत के मुखिया सोमारी कैथवार ने महाबुवाग क्वाटर के समीप पुराने पुलिया का मरम्मती की मांग से महाप्रबंधक की । मौके पर महाबुवाग व बानो स्टेशनों के बीच सिजांग के पास निमार्णाधीन अंदर पास पुल के निर्माण में गति लाने पर धन्यवाद दी।

## न्यूज बॉक्स

### गणतंत्र दिवस का हाई स्कूल मैदान बानो में हुआ परेड का पूर्वाभ्यास



**बानो।** गणतंत्र दिवस को लेकर एस एस हाई स्कूल मैदान में परेड का अभ्यास प्रखण्ड मुख्यालय के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से किया । अभ्यास के क्रम में परेड में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को कितनी दूरी पर रहना है।झंडोत्तोलन के समय किस मुद्रा में रहना है।कौन कौन विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।मौके पर थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो ने बच्चों से कार्यक्रम के बारे में जानकारी दिए कार्यक्रम का निगरानी भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति के सदस्य भी कर रहे थे ताकि 26 जनवरी के दिन कार्यक्रम के दौरान को गलती न हो। स्मिथ कुमार सोनी ने प्रतिभागियों को समय पर कार्यक्रम में पहुंचने तथा साफ कपड़ो के साथ परेड में भाग ले।

### समाज में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'युवा कार्यशाला' का आयोजन



**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के बीरु पंचायत में बुधवार को मुखिया के नेतृत्व में पीरामल फाउंडेशन के द्वारा युवाओं की समाज में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु 'युवा कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीरु पंचायत के मुखिया गंगाधर लोहारा द्वारा सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद चेतना गीत कर युवाओं मे उत्साह वर्धन किया गया। इसके बाद समाज मे चल रही समस्याओं पर बात किया गया इसके उपरांत पीपीटी प्रेजेंट कर 'युवा सेवा सदन' गठित कर समाज में कैसे अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं इस पर बृहत चर्चा की गई। कैसे विद्यालय से बच्चों के ड्रॉप आउट, एमडीए राउंड, जिले मे पीरामल फाउंडेशन के द्वारा चलाये जा रहे प्रोग्राम को कोलाबोरेशन और कन्वर्जेन्स के माध्यम से कार्य कर सकते है। पूरे कार्यक्रम के दौरान मुखिया गंगाधर राव लोहारा, पीरामल फाउंडेशन से डिस्ट्रिक्ट लीड, विकास शर्मा, प्रोग्राम लीडर अमित चतुवेर्दी, मनीषा कुमारी नेगी एवं गांधी फेलो के साथ 30 से ज्यादा युवा उपस्थित रहे।

### भाजपा युवा मोर्चा ने बांटे कंबल



**सिमडेगा।** बांसजोर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र का दौरा करते हुए भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू के द्वारा गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष तपेश्वर साहू मौजूद रहे जहां पर कंबल वितरण करते हुए लोगों को ठंड से बचने के लिए सलाह दिया गया और उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने की बात कही। इस मौके पर उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए अपने कार्यकताओं को भेजती है ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि आप सभी केंद्र सरकार की योजना को अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर लाभ ले ताकि इस क्षेत्र में केंद्र की विभिन्न योजनाओं का लाभ असहाय लोगों को मिल सके। इधर कंबल पाकर लोगों ने आभार व्यक्त किया।

### भाजपा ने शुरू किया दीवार लेखन कार्यक्रम




**बानो।** प्रखंड के मंडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह की अगुवाई में बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न घरों में दीवार लेखन अभियान चलाया गया इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की चुनाव चिन्ह एवं एक बार फिर से मोदी सरकार के स्लोगन लिखते हुए सभी लोगों को मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी गई। मौके पर उन्होंने सभी लोगों को इस अभियान की सफलता को लेकर जानकारी देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में सहयोग करने की बात कही, इस दौरान दीवार लेखन बानो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया मौके पर भारतीय जनता पार्टी प्रखंड समिति के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधिक जागरूकता शिविर सह चलंत लोक अदालत का हुआ आयोजन



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर कोलेबिरा प्रखंड के लरबा गांव में आयोजित साप्ताहिक बाजार में न्याय आपके द्वारा सह चलंत लोक अदालत एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभात कुमार श्रीवास्तव डिप्टी चीफ एलईडीसीएस सिमडेगा एवं पीएलबी मदन दास तथा शेख मुस्तकीम उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित बाजार में लोगों के बीच विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से मिलने वाले सरकार के विभिन्न योजना एवं न्याय आपके द्वार के तहत लोगों के बीच विभिन्न प्रकार की जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए इस दौरान प्रभात कुमार श्रीवास्तव के द्वारा कहा कि महिलाओं, बच्चों, गरीबों व कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिए निशुल्क विधिक सहायता व सलाह का अधिकार प्रदान किया गया है। भारत के संविधान में जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संबंध में विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया अपनाकर ही कार्रवाई का अधिकार है। इस अधिकार के तहत गरीब तबके के लोगों को गिरफ्तारी की दशा में अपनी पसंद के अधिवक्ता से सलाह प्राप्त करना, गिरफ्तारी के 24 घंटे में मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रावधान है।

### जलडेगा में तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जलडेगा।** हाई स्कूल मैदान में तीन दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का का शुभारम्भ प्रमुख जुसाफ लुगुन,जीप सदस्य रोजलिया शांता कंडुलना एवं पंसस जयंती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान प्रमुख ने कहा की खेल को बढ़ावा देने के लिए ऐसे टूनार्मेंट का आयोजन करना सराहनीय है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभा को निखारने में मदद मिलती है उद्घाटन मुकाबले में पतिअम्बा ने केलुगा को पेनल्टी में 1-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया वहीं ओड़िशा हाथी बारी एवं बनजोगा ने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में अपना स्थान सुनिश्चित किया। टूनार्मेंट का फाइनल 26 जनवरी को खेला जाएगा जिसमें विजेता को ग्यारह हजार रुपए एवं खस्सी तथा उपविजेता को छह हजार रुपए एवं खस्सी दिया जाएगा जबकि तीसरे स्थान के टीम को खस्सी एवं चौथे स्थान की टीम को सांत्वना पुरुस्कार दिया जाएगा। खेल में रेफरी की भूमिका शिक्षक फूलजेम्स तोपनो एवं बंधन तोपनो ने निभाया।

# परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव के दिशा-निर्देशन पर सड़क सुरक्षा टीम द्वारा कार्यालय में लर्निंग बनवाने आये लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दौरान लर्निंग में आये लोगों को यातायात नियमों एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जीवन की रक्षा की जा सकती है। इस संबंध में जानकारी दी गई।सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना



कितना खतरनाक हो सकता है, इसके बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं लोगो को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए लर्निंग में आये लोगो को यातायात का नियम का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है, सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता अभियान के दौरान वाहन चालकों सहित उपस्थित अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा द्वारा सड़क सुरक्षा की महत्ता को बताते हुए अपने-अपने परिवार, आस-पड़ोस के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का निश्चित रूप से उपयोग करने के महत्व के बारे में चर्चा करने की अपील की गयी साथ ही महावीर चौक सिमडेगा में वाहनों का रोक कर वाहन चालकों को रोड सेफ्टी का नियम का संदेश दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि , सड़क सुरक्षा विश्लेषक चंदन कुमार, शामिल थे।

#### गणतंत्र दिवस में भाग लेने किसानों का समूह दिल्ली रवाना

## किसानों ने जताई खुशी, कृषि मंत्री के प्रति जताया आभार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए किसानों का समूह दिल्ली हुआ रवाना, जहां वे गणतंत्र दिवस समारोह में कृषि मंत्रालय के तत्वावधान में होने वाले अनेकों कार्यक्रम में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। सिमडेगा बस स्टैंड पर दिल्ली जाने वाले किसानों के समूह को भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के निर्देश पर हर प्रखंड से दो-दो किसानों को दिल्ली भेजना था जहां भी गणतंत्र दिवस समारोह में शिरकत करेंगे एवं कृषि मंत्रालय के अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे यह सिमडेगा जिला के लिए गौरव की बात है। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, दीपक पुरी, अनूप प्रसाद नरेंद्र बड़ाईक मौजूद थे।

#### बासुदेव तिर्की बने आदिवासी लोहरा समाज के जिलाध्यक्ष, कहा-

## समाज को सुसंगठित करने की आवश्कता है

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भाजपा नेता पाकरटांड़ निवासी वासुदेव तिर्की को लोहरा समाज का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। रविवार को आदिवासी लोहरा समाज की बैठक अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में हुई बैठक की अध्यक्षता अनुज कोंडेश्वर राम ने की बैठक में समाज को संगठित और एकता बनाए रखने पर बल दिया गया,साथ ही पुराने जिला समिति को भंग करते हुए नए जिला समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से आदिवासी लोहरा समाज का जिला इकाई का गठन किया गया जिसमें वासुदेव तिर्की को जिला अध्यक्ष बनाया गया। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात जिला अध्यक्ष वासुदेव तिर्की ने



कहा कि समाज को सुसंगठित करने की आवयश्कता है हमारा समाज संगठित होगा तभी हमारे लोगों का विकास होगा लोहार समाज में एकता आएगी समाज के लोग एकजुट होंगे तो किसी प्रकार के सामाजिक कार्य सभी की भागीदारी होगी साथ ही समाज के किसी भी लोगों को अगर दुख परेशानी हो तो समाज सदैव उनके लिए खड़ा रहेगी। बासुदेव तिर्की के जिलाध्यक्ष बनने पर भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारी ने उन्हें बधाई देते हैं हार्दिक शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व मंत्री विमला प्रधान जजिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह, कृष्ण ठाकुर, नंदिनी दास, कमला कुमारी, सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय को रहा समर्पित : संजय ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** नाई समाज सिमडेगा जिलाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर के नेतृत्व में बुधवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में कर्पूरी ठाकुर जी की 100 वीं शताब्दी जन्मदिन मनाया गया। अतिथियों के द्वारा कपूरी जी के चित्रों पर पुष्पांजलि के साथ द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई ततपश्चात जिलाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया। मौके पर नाई समाज के संरक्षक संजय ठाकुर ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि हमारे जीवन में कई लोगों का प्रभाव रहता है लेकिन हम जिन लोगों से मिलते हैं या संपर्क में रहते हैं, उन लोगों का प्रभाव पड़ना स्वभाविक है लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में आप सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं उन्हीं लोगों में से एक थे हमारे जननायक कपूर्री



ठाकुर थे। कपूर्री जी की शताब्दी जयंती है जो हमारे समाज के साथ-साथ पूरे पिछड़ी जातियों के लिए गर्व की बात है कर्पूरी जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित था, उन्होंने अंतिम सांस तक अपने सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के कारण आम लोगों के साथ गहराई से जुड़े रहे। कपूर्री ठाकुर का अपना नाई जाती समुदाय 1970 के दशक में जनसंख्या का केवल 1.6 प्रतिशत था वे सभी पिछड़ी जातियों को संगठित करने वाले पहले नेताओं में शामिल थे, तब के दिनों में राजनीतिक में पिछड़ी जातियों के लिए बहुत सीमित स्थान था उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए नवंबर 1978 को बिहार में सरकारी सेवाओं में पिछड़ो के लिए 26 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया था। समाजवादी नेता के रूप में वे पहले व्यक्ति थे लेकिन दुर्भाग्यवश हमने कपूर्री जी को 64 वर्ष की आयु में खो दिया हमने उन्हें तब खोया जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी वो आज भले ही आज हमारे बीच नहीं रहें ,लेकिन जनकल्याण कार्यों की वजह से करोड़ो देशवासियों के दिलों और दिमाग में आज भी जीवित हैं। वे सचमुच एक सच्चे जननायक थे। आज के दिन हम सभी को उनके बताए हुआ मार्ग पर चलने की शपथ लेनी चाहिए यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने भी कर्पूरी ठाकुर के जीवनी को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि कपूर्री जी की 100 जयंती पर भारत सरकार ने महानायक कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय लिया है जिससे सिमडेगा जिला नाई समाज में खुशी की लहर है।

## प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शिशु मंदिर को मिला झारखंड में पहला स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा को मिला प्रश्न मंच प्रतियोगिता में पूरे झारखंड में पहला स्थान। वनवासी कल्याण आश्रम की संबद्ध इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । ज्ञात हो की यह प्रतियोगिता गुमला जिले के सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से चयनित 11 विद्यालय ने हिस्सा लिया था। शिशु मंदिर स्तर के लिए हुए प्रतियोगिता में विद्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । आज विद्यालय आगमन पर भैया-बहनों को सलडेगा संकुल के संकुल प्रमुख श्री संतोष दास जी के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से गए टीम में कक्षा तृतीय से बहन तृषा कुमारी, कक्षा चतुर्थ से भैया अनमोल प्रसाद और कक्षा पंचम से भैया प्रवीण प्रधान शामिल थे। विद्यालय परिवार भैया-बहनों के इस उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए सम्मान की बात है।

## एक नजर

### गणतंत्र दिवस पर अपने घरों में फहराएं राष्ट्रीय ध्वज : डीसी

**गिरिडीह।** गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सभी जिलेवासियों से अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने का अपील किया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने अपने घर, प्रतिष्ठान एवं कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर राष्ट्रीय ध्वज जरूर फहराएं।

### एमडीएम का लिया जायजा, दी गई साफ सफाई की जानकारी

**बरही ।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी की अगुवाई में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया. इस दौरान विद्यालय में बनने वाले मध्यान भोजन की जांच की गई. हाईजेनिक व्यवस्था और स्वच्छ भोजन का जायजा लिया गया. उन्होंने बताया कि निरीक्षण के क्रम में राजकीय मध्य विद्यालय बरही और प्राथमिक विद्यालय मल्लाह टोली का निरीक्षण हुआ. इस दौरान विद्यालय प्रभारी सहित रसोइए को साफ सफाई और स्वच्छ भोजन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए. साथ ही बच्चो को साफ सफाई से संबंधित जानकारियां भी दी गई. निरीक्षण के क्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर विकास शर्मा भी मौजूद थे.

### पेशम में बच्चों का दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**गिरीडीह ।** बिरनी प्रखंड के पंचायत पेशम बस स्टैंड मैदान में पंचायत की मुखिया रागिनी सिन्हा के द्वारा विद्यालय बच्चों के बीच रेस,खोखो,कबड्डी इत्यादि दर्जनों खेल का दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। बुधवार को पहला दिन था। जिसमें उच्च विद्यालय पेशम तथा पेशम पंचायत के सभी विद्यालयों से सैकड़ों छात्र एंव छात्राएं शामिल हुई।। कार्यक्रम में मुख्यरूप से मुखिया श्रीमती रागिनी सिन्हा, गादी मुखिया गुलावती देवी,पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि विक्रम कुमार तर्वे, मुखिया प्रतिनिधि मनीष सिन्हा, दिनेश यादव,विद्यालय के प्रधानाध्यापक नागेश्वर वर्मा, रंजीत वर्मा,मनोज कैलाश महतो इत्यादि स्कूल के सभी शिक्षक गण, अभिभावक गण तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए।

### घटिया सड़क निर्माण का भाकपा माले ने किया विरोध

**गिरिडीह।** दुधिटांड़ मोड़ से गमतरीया होकर तेलोनारी तक बन रही सड़क का निर्माण बेहद ही घटिया तरीके से किया जा रहा है। इस सड़क निर्माण के क्रम में गमतरिया में पीसीसी की ढलाई में घोर अनियमितता बरती जा रही है। प्रशासन इसकी जांच कर बेहतर सड़क निर्माण सुनिश्चित कराए। उसके बातें भूतपूर्व स्थानीय जिप सदस्य सह माले नेता राजेश यादव ने आज सुबह सूचना मिलने पर ग्रामीणों के साथ घटिया सड़क निर्माण का मुआयना करने के बाद कही। कहा कि, अभी तक जितनी भी पीसीसी सड़क की ढलाई की गई है, उसे एक नजर देखने भर से निर्माण में अनियमितता का पता चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया है कि, सड़क निर्माण में उपयोग किए जा रहे चिप्स और सीमेंट सहित अन्य सामग्री का भी अनुपात और क्वालिटी दोनों ही खराब है। माले नेता ने ग्रामीणों के साथ एक दिन पूर्व की गई ढलाई की जांच की गई तो वह जमने के बजाय आसानी से टूट रहा था।

# व्यवस्था में बदलाव के नायक थे जननायक कर्पूरी ठाकुर : बिनोद

## निजी व सार्वजनिक जीवन में राजनीतिक शुचिता के वाहक थे पूर्व मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जननायक कर्पूरी ठाकुर की सौवीं जयंती समारोह पूर्वक गिरिडीह स्थित कर्पूरी ठाकुर चौक पर बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। मौके पर बगोदर विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि महापुरूषों के विचारों पर चलकर अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों का हालात बदलने की जरूरत है। उनको विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार को नीति और योजना बनाने की जरूरत है। लोग महात्मा गाँधी, बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, भगत सिंह, डॉ सुभाष चन्द्र बोस , जननायक कर्पूरी ठाकुर जैसे महापुरुषों की जयंती मनाते हैं लेकिन उनके विचारों को आत्मसात नहीं करते। कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे लेकिन अपना घर तक नहीं बनाया उन्होंने कहा था कि जब तक बिहार के गरीबों का घर नहीं बनेगा मैं अपना घर नहीं बनाऊंगा और उन्होंने वैसा करके भी दिखया। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर व्यवस्था बदलाव के नायक थे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के




लिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को असली सम्मान तब मिलेगा जब गरीब किसान मजदूर के बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर व्यवस्था बदलाव चाहते थे। और व्यवस्था बदलने के लिए सरकार को अभी बहुत काम करने की जरूरत है। देश में पिछड़ों को 26 प्रतिशत आरक्षण देने वाले पहले नेता कर्पूरी ठाकुर थे। गरीब स्वर्णों को भी उन्होंने आरक्षण देने का काम किया था। वे सभी वर्गों का विकास चाहते थे और वैसा काम भी किया। जयंती समारोह की अध्यक्षता झामुमो नेता नन्दलाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को जन जन तक पहुँचाने का काम किया जाएगा। महिला नेत्री हीरा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार पिछड़ों के विकास के लिए कैबिनेट में 27% आरक्षण का प्रस्ताव पास करती है और राज्यपाल उसको लौटा देते हैं। ऐसे में पिछड़ों का विकास कैसे होगा?

### दो महीने से नहीं मिल रहा है बिजली बिल, उपभोक्ता हैं परेशान

**बरही ।** बिजली विभाग के द्वारा बीते नवंबर से उपभोक्ताओं को बिजली बिल उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है. जिससे उपभोक्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है. बुधवार को बिजली बिल पहुंचे कई उपभक्ताओ ने बताया कि बिजली बिल के संबंध में कोई अभी अधिकारी बताने से मुकरते है. कार्यालय कर्मी भी एक दूसरे से जानकारी लेने की बात कहकर बात टाल देते है. इससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है. एक ही साथ बिल आ जाने का भय सता रहा है. जो अनावश्यक बोझ बन जायेगा. सरकार के द्वारा बिल निर्गत करने के लिए निजी कंपनी को बहाल किया गया था. परंतु वह भी सफल साबित नही हो रहा है. उपभोक्ता बिजली बिल के लिए परेशान हो रहे है. हालांकि इस संबंध में कार्यालय कर्मियों ने बताया कि पिछले एक माह से ऊर्जा मित्र का हड़ताल चल रहा था इस कारण से बिल वितरण में समस्या आई है।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क सुरक्षा : चलाया गया रोज ऐट रोड अभियान



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा माह 2024 के अवसर पर गिरिडीह में रोड सेफ्टी रोज ऐट रोड और हेलमेट वितरण की गयी* और सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई । साथ में हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया और बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। सभी लोगो के बीच माला, गुलाब, हेलमेट, रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान टश्क गिरिडीह, मुफ़्फसिल थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी,ज़िला परिवहन के कर्मी एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक मोहम्द वाज़िद हसन ने सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। साथ में सभी लोगो को रोड सेफ्टी का शपथ दिला कर यातायात नियमों को पालन की अपील की गयी।

### डीएवी स्कूल में मनाई गई कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**गिरिडीह ।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिक्षाविद जननायक कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाई गयी। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों और बच्चों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्राचार्य भैया अभिनव कुमार ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की सादगी को सर्व समाज के लोग आज भी याद करते है और युवाओं को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कर्पूरी ठाकुर जैसी लगन मेहनत परिश्रम करना पड़ेगा तभी अपने लक्ष्य को पा सकते हैं। कक्षा सातवीं की छात्रा प्रिया पांडे ने जननायक कर्पूरी ठाकुर पर भाषण दिए।इस दौरान मिसेस एस. रब्बानी, विजय पाठक, के सेठ, अमित कुमार, विश्वनाथ घोषाल आदि शिक्षक-गण मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर की बैठक



**गिरिडीह ।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी महेंद्र रविदास की अध्यक्षता में बुधवार को गावां प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। सबसे पहले प्रखंड मुख्यालय में 9:00 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। वहीं प्रखंड चिकित्सा कार्यालय 9:15 बजे, प्रो कन्या उच्च विद्यालय 9:20 बजे, इंडियन बैंक 9:25 बजे, बैंक ऑफ इंडिया गावां 9:30 बजे, गावां थाना परिसर 9:45 बजे, पंचायत भवन गावां 10:00 बजे, पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय 10:10 बजे, वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कार्यालय 10:20 बजे, कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय माल्डा 10:30 बजे, प्रखंड पशुपालन कार्यालय 10:40 बजे, राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय गावां 10:50 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र गावां 11:00 बजे व झारखंड राज्य विधुत बोर्ड गावां 11:10 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। वहीं 9:00 के बाद सभी विद्यालयों के साथ साथ प्रखंड के सभी पंचायतों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। मौके पर उपप्रमुख नेहा कुमारी, सीओ अविनाश रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रदीप राम, मुखिया कन्हाय राम, रूपाश्री सिंह, चन्दन कुमार, अमित कुमार, गुरुसहाय रविदास, सब्दर अली, प्रियंका कुमारी, धर्मेंद्र राजवंशी, अजय कुमार, मुन्नी कुमारी, गंगा राणा, राकेश कुमार, संजय कुमार, अनिल कुमार व गंगाधर पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

### गिरिडीह कोडरमा रेल लाइन पर झारखंडधाम हॉल्ट का उद्घाटन

# रेलवे हॉल्ट जनता को केंद्र की ओर से नव वर्ष का उपहार : अन्नपूर्णा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह कोडरमा रेल लाइन के उद्घाटन के बाद से ही होल्ट की मांग को लेकर झारखण्ड धाम क्षेत्र के लोग लगातार संघर्षरत रहे थे। बुधवार को केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी , जमुआ विधायक केदार हाजरा , रेलवे के डीआरएम के के सिन्हा द्वारा रेम्बा स्थित झारखण्ड धाम होल्ट का विधिवत उद्घाटन होते ही लोगों की यह मांग पूरी हो गई। रेलवे प्रबंधन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेन का ठहराव का उपहार दिया गया।

10 बजकर 40 मिनट पर ठहराव हुआ जिसे 11 बजकर 21 मिनट पर सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ,जमुआ विधायक केदार हजरा,रेलवे के डीआरएम के के सिन्हा सहित कई लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित




करते हुए सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा क्षेत्र के लोगों को नव वर्ष का उपहार में यह होल्ट मिला है। झारखण्डधाम एक प्रसिद्ध पर्यटनस्थल है। इस क्षेत्र के लोगों की चिर प्रतीक्षित मांग को रेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आज पूरा किया गया। कहा कि रेलवे हॉल्ट में आधारभूत संरचना खड़ी करने के लिए रेलवे द्वारा 16 लाख एवं उन्होंने सांसद मद से 6 लाख दिया है। कहा कि गिरिडीह से रांची जाने में इंटरसिटी के परिचालन से लोगों को सुविधा मिली है। लोगों की सुविधा और भी बढ़ाने के लिए इसकी समय सारणी में भविष्य में जन अपेक्षाओं के अनुकूल परिवर्तन किए जाएंगे। आनेवाले दिनों में झारखण्डधाम हॉल्ट में भी इंटरसिटी रुके इसकी कोशिश भी उनकी तरफ से होगी। कहा कि तमाम व्यस्तताओं के बावजूद जनता के बीच रहकर कार्य करने और करवाने की कोशिश उनकी सदैव रहती है।

# साढ़े तीन माह बाद तिसरी को मिलेगा स्थायी बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लगभग साढ़े तीन माह के बाद तिसरी को एक स्थायी प्रखंड विकास पदाधिकारी मिलेगा। मंगलवार की देर शाम ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर गुमला जिले के पालकोट प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार का स्थानांतरण कर तिसरी का नया प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया गया है। विदित हो कि तिसरी के निवर्तमान बीडीओ संतोष प्रजापति के स्थानांतरण के बाद लगभग साढ़े तीन माह से भी अधिक का समय यह पद और इसका काम - काज प्रभार में ही चला है। 9 अक्टूबर 2023 को संतोष प्रजापति के स्थानांतरण के बाद संग्राम मुर्मू 30 नवंबर 2023 तक बीडीओ, सीओ और सीडीपीओ के प्रभार में थे, जिसके बाद 1 दिसंबर 2023 से 6 दिसंबर 2023 तक अभिषेक कुमार को इसका प्रभार मिला था और अंततः विनोद कुमार सिंह 6 दिसंबर 2023 से अब तक बीडीओ, सीओ और सीडीपीओ के प्रभार में




हैं। वहीं तिसरी के अगले प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा 26 जनवरी के बाद प्रखंड का पदभार ले सकते हैं। हालांकि तिसरी को अब तक नया सीओ और सीडीपीओ नहीं मिल पाया है इसलिए वे सीओ और सीडीपीओ के भी तत्कालीन प्रभार में रहेंगें। अस्थाई बीडीओ होने से प्रखंड में विकास कार्य कहीं न कहीं प्रभावित होता रहा है। अब स्थायी बीडीओ के मिलने से प्रखंड में विकास कार्यों के फिर से पटरी पर लौटने की उम्मीद है।

### सफल छात्राओं को किया गया सम्मानित

# जे सी बॉस बालिका विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

**बालिकाओं के बीच कराए गए कुल 17 खेल प्रतियोगिता**

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सर जे सी बॉस बालिका विद्यालय, गिरिडीह में बुधवार को वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ स्वागत गान एवम अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के द्वारा बालिकाओं का उत्साहवर्धन के लिए बारी-बारी से संबोधन किया गया। सभी बालिकाओं के लिए कुल 17 तरह के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समाज कल्याण विभाग के सहयोग से विजेताओं को मेडल एवम मोमेंटो दे कर पुरुस्कृत किया गया। स्पून रेस में प्रथम स्थान सुश्री रूबी कुमारी,द्वितीय सृष्टि कुमारी केशरी एवम तृतीय रीता कुमारी हुई। सेक रेस में प्रथम स्थान सपना कुमारी, द्वितीय स्थान आर्तिका प्रवीण एवम तृतीय श्रुति कुमारी। सुई धागा रेस में प्रथम स्थान महक कुमारी, द्वितीय रोशमिन प्रवीण एवम तृतीय अनिषा कुमारी, ब्लाइंड हिट में प्रथम स्थान राजनंदनी कुमारी,द्वितीय विनिता कुमारी एवम तृतीय काजल प्रवीण ।

# आदिवासी परंपरा से ही प्रकृति पूजक

## सोहराय पर्व आदिवासियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण : आशीष बार्डर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सरिया प्रखंड क्षेत्र के लुतियानो में बुधवार को सोहराय पर्व मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेता आशीष बॉर्डर शामिल होकर मांदर की थाप पर खूब झूमे। भाजपा नेता बॉर्डर ने कहा कि हिंदुस्तान की संस्कृति ओर सभ्यता को आज पूरा विश्व अपना रहा हैं। इन्होंने कहा की शांत चित्त स्वभाव के लिए जाना जाने वाला आदिवासी समुदाय प्रकृति पूजक होते है। संथाल परगना प्रमंडल सहित पूरे प्रदेश में आदिवासियों का महान पर्व सोहराय पर्व का विशेष महत्व है। सोहराय पर्व में गोधन पूजन पर्व भी माना जाता है। आदिवासियों में सोहराय पर्व की उत्पति की कथा भी काफी रोचक है। इस संबंध में भाजपा नेता बॉर्डर ने बताया कि जब मंचपुरी अर्थात मृत्युलोक में मानवो की उत्पति होने लगी तो बच्चों के लिए दुग्ध की जरुरत महसूस होने लगी। उस कालखंड में पशुओं का सृजन स्वर्गलोक में होता था। मानव जाति की इस मांग पर मारांगबुरु अर्थात शिवजी स्वर्ग पहुंचे और अयनी गाय, बयनी गाय, सुगी गाय, सावली गाय, करी गाय, कपिल गाय व सिरे रे वरदा बैल से मृत्युलोक में चलने की अपील की। लेकिन ये नहीं माने। तो शिवजी ने कहा कि मंचपुरी में मानव युगों युगों तक तुम्हारी पूजा करेगा।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Email - dsoranchigov@gmail.com

सूचना

राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता, 2023-24 में भाग लेने के संबंध में।
दिनांक- 29 एवं 30 जनवरी, 2024 स्थान- मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, खेलगाँव, होटवार, राँची।

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक- 1399 दिनांक-22.01.2024 के आलोक में दिनांक- 29 जनवरी एवं 30 जनवरी, 2024 को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, खेलगाँव, होटवार, राँची में राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। उक्त राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में दिनांक- 10 से 11 जनवरी, 2024 तक बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची में आयोजित की गई दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल अन्तर्गत (राँची, खूँटी, सिमडेगा, लोहरदगा, गुमला) प्रमण्डल स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता, 2023-24 के चयनित प्रतिभागी भाग ले सकते है।
नोट:- आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र हेतु 10 से 14 वर्ष एवं सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस हेतु 16 से 20 वर्ष होना अनिवार्य है।

ह०/-
जिला खेल पदाधिकारी,
राँची

PR316849 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)23-24*D

# बोकारो से 1 हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ता जाएंगे अयोध्या : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

आगामी 05 व 26 फरवरी को अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नव निर्मित भव्य मंदिर का पार्टी की योजना से दर्शन कार्यक्रम के आलोक में बोकारो विधानसभा भाजपा की बैठक बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवास में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य झारखंड विधानसभा विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण उपस्थित रहे। इस बाबत संबोधित करते हुए कहा विधायक ने कहा बोकारो विधानसभा क्षेत्र से 1000 से अधिक रामभक्त अयोध्या जाएंगे। इसमें पार्टी के कार्यकर्ता व रामभक्त शामिल होंगे। कहा हम सभी के लिए गौरव की बात है कि बोकारो यात्रा का मुख्य केंद्र रेलवे मंत्रालय की ओर से बनाया गया। विभिन्न राज्यों से अयोध्या दर्शन के लिए जाने वाले



रामभक्त बोकारो होकर गुजरेंगे। रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत ट्रैन का पहला जत्था 29 जनवरी को रात 12 बजे बोकारो स्टेशन आयेगी। बैठक में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य,मोचाओं के पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी,सभी मंडलों के अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, मोचाओं के मंडल अध्यक्ष के उपस्थित थे। बैठक वरीष्ठ नेता संजय त्यागी, इंद्र झा, माथुर मंडल, महेंद्र राय, केके बोराल, त्रिलोकी सिंह, राघवेंद्र कुमार, सुजीत चक्रवर्ती, तारा साह, पन्नालाल कांन्दु,हरीश सिंह, विनय किशोर, मनोज सिंह, सनातन सिंह, अनिल सिंह,मनजीत सिंह, गोलू उपाध्याय, अविनाश झा, ब्रज दुबे, मोहन गोराई, मनीष पांडेय, निमाई महथा आदि मौजूद रहे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कस्तुरबा गाँधी आवासीय विधालय सिमडेगा में बुधवार को बेटी बचाओ बेरी पढ़ाओ कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन जिला समाज कल्यान शाखा सिमडेगा के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सिमडेगा , के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । साथ ही फिर समाज कल्याण पदा एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा बालिकाओं को प्रेरित करने हेतु प्रेरक उद्बोधन किया गया कार्यक्रम में बालिकाओं को बताया कि राष्ट्र बालिका दिवस की शुरूआत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी ,2015 को पानीपत हरियाणा से घटते बाल लिंगानुपात की समस्या एवं महिलाओं के निःशक्तिकरण से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए *बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ किया था। यह कार्यक्रम महिला को सशक्त बनाने, उन्हें सम्मान दिलाने का प्रयास करती है।आगे बालिकाओं को कन्या शिशु के महत्व और शिक्षा के द्वारा उसका सुदृढ़ीकरण के बारे में बताया गया।

कार्यालय, अनुमंडल -सह- जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा।

आम सूचना।

कोडरमा जिले के सभी कृषक बंधुओं को सूचित किया जाता है कि जिला कृषि पदाधिकारी कोडरमा द्वारा दिनांक 29.01.2024 को प्रखण्ड परिसर कोडरमा में जिला स्तरीय "कृषि मेला -सह- उद्यान प्रदर्शनी" का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी हेतु प्रादर्श/ उत्पाद लेकर आप सभी इस प्रदर्शनी को सफल बनायें।
समय सारणी:-
प्रादर्श का निबंधन - 9:00 बजे पूर्वा0 से 11:00 बजे तक
मेले का उद्घाटन - 12:15 बजे

उत्पादों की सूची।

| क्र0 सं0 | उत्पाद का नाम | क्र0 सं0 | उत्पाद का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | सरसो का पौधा-02 जड़ सहित | 14 | ब्रोकली-02 पौधा जड़ सहित |
| 2 | मटर का पौधा-03 फली सहित | 15 | फ्रेंचबीन- लत्तर में 25 फली सहित |
| 3 | ईख का पौधा-02 पूर्ण पौधा | 16 | कद्दू-01 |
| 4 | अरहर का पौधा-01 पूर्ण पौधा | 17 | कोहडा-01 |
| 5 | आलु-01 पौधा 04 फली सहित | 18 | मशरूम - छता सहित |
| 6 | बैगन -02 पौधा 04 फली सहित | 19 | अदरक-05 पौधा सहित |
| 7 | टमाटर-02पौधा जड़ सहित | 20 | हल्दी-05 पौधा सहित |
| 8 | मिर्चा -01 पौधा 10 फली सहित | 21 | प्याज -05 पौधा सहित |
| 9 | शिमला मिर्च-01पौधा 02फली सहित | 22 | अमरूद-03 डाली सहित |
| 10 | गाजर -06 पौधा सहित | 23 | पपीता -02 |
| 11 | फूलगोभी -02 पौधा जड़ सहित | 24 | केला -01 (हत्था) |
| 12 | पात्तागोभी -02 जड़ सहित | 25 | नींबू- 04 डाली सहित |
| 13 | मूली -02 पौधा सहित | 26 | लहसुन- 05 पौधा सहित |

जिला कृषि पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 316841 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D

सुप्रभात

**श्रेष्ठ व्यक्ति कभी भी अपने ज्ञान का प्रचार नहीं करते हैं बल्कि उनका ज्ञान उनके लिए प्रचार करता है : अज्ञात**



# राष्ट्रीय बालिका दिवस

***24 जनवरी*** को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद वह अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। तिलक दहेज और पारंपरिक रूढ़ियों के कारण अनेक राज्यों में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पायेगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पायेगी। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये।

> **24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद वह अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। तिलक दहेज और पारंपरिक रूढ़ियों के कारण अनेक राज्यों में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है।**

इन दिनों

# धार्मिक पर्यटन का केंद्र है भारत



लोकेन्द्र सिंह

***धर्म*** और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत की सभ्यता एवं संस्कृति विश्व समुदाय को भी आकर्षित करती है। हम अनेक धार्मिक स्थलों पर भारतीयता के रंग में रंगे विदेशी सैलानियों को देखते ही हैं। दरअसल, भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देश भर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्या धाम। जिस प्रकार का आस्था का सैलाब प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के बाद रामलला के दर्शन को उमड़ा है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि आनेवाले समय में भारत का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल अयोध्या धाम होगा। भारत के शहर-शहर में कई ऐसे स्थान हैं, जहां देशभर से लोग पहुंचते हैं। मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, काशी, उज्जैन, द्वारिका, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, पुरी, केदारनाथ, बद्रीनाथ इत्यादि ऐसे स्थान हैं, जहाँ न केवल भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं अपितु विदेशी और भारतीय मूल के नागरिक श्रद्धा के साथ आते हैं। पिछले आठ-दस वर्षों में भारत के धार्मिक पर्यटन में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। विश्व के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्विकसित कराया है, अपितु आगे बढ़कर धार्मिक पर्यटन का प्रचार-प्रसार भी किया है। जिसके परिणाम हमें धार्मिक पर्यटन में हो रही वृद्धि के रूप में दिखायी देते हैं। विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के कुल पर्यटन में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी धार्मिक पर्यटन की है। आज देश के पर्यटन उद्योग में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज



कर रहा है। भारत सरकार की पहल पर पर्यटन मंत्रालय ने कुछ वर्ष पहले धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए चरणबद्ध विकास योजना तैयार की थी। इसमें 53 धार्मिक स्थानों को वरीयता के आधार पर पहले चरण में विकसित जा रहा है। इनमें से कई धार्मिक स्थल पूर्ण रूप से विकसित हो चुके हैं। दूसरे चरण में 89 जगहों पर काम होगा। वर्तमान समय में राष्ट्रीय विचार की सरकार केंद्र में है, उसके अब तक के कार्यकाल के आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है कि हिन्दू संस्कृति के प्रसार हेतु धार्मिक पर्यटल स्थलों को विकसित करने का यह क्रम आगे भी लगातार चलता रहेगा। देश को सात नये टूरिज्म सर्किट में भी बांटा गया है। ये सर्किट सूफी, बौद्ध, जैन, ईसाई, सिख, हिन्दू और सर्वधर्म के तौर पर विकसित किये जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता में है। इस बात को यूँ भी समझ सकते हैं कि बड़े तीर्थस्थलों पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं भी बार-बार जा रहे हैं। केदारनाथ और सोमनाथ परिसर का उन्होंने कायाकल्प कर दिया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक ने तो दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। भारत सरकार ने 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक वृद्धि अभियान' (प्रसाद) नाम से योजना शुरू की है। प्रसाद योजना का उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के बुनियादी ढांचे एवं सुविधाओं में सुधार करना है। इसे 2015 में पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'स्वदेश दर्शन योजना' के हिस्से के रूप में प्रारंभ किया गया था। सरकार ने 1586.10 करोड़ रुपये की 45 विकास योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। भारतीय संस्कृति की गूंज दुनिया को सुनायी दे, इस मन्तव्य के साथ ही सरकार इसलिए भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है क्योंकि यह लोगों को वृहद स्तर पर रोजगार दे रहा है। धार्मिक पर्यटन का एक पहलू अगर धार्मिक और आध्यात्मिक सरोकार हैं तो दूसरा पहलू आर्थिक और सामाजिक विकास भी है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पर्यटन उद्योग भारत के कुल कार्यबल का लगभग 6 प्रतिशत रोजगार देता है। धार्मिक पर्यटन स्थलों से सरकार को वर्ष 2022 में 1,34,543 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जबकि यही आंकड़ा 2021 में 65,070 करोड़ रुपये का था। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार 2022 में पर्यटकों की संख्या 143.3 लाख करोड़ तथा 66.40 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए। आर्थिक विषयों के विशेषज्ञ एवं हिन्दू दृष्टि से अर्थव्यवस्था पर लेखन करनेवाले विद्वान प्रह्लाद सबनानी के कहते हैं कि 'भारत में यात्रा एवं पर्यटन उद्योग 8 करोड़ व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है। देश के कुल रोजगार में पर्यटन उद्योग की 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।' यह भी याद रखें कि देश के पर्यटन में धार्मिक यात्राओं की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहती है। जब धार्मिक पर्यटन से रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हों, अर्थव्यवथा मजबूत हो रही हो तब सरकार क्यों पीछे रहना चाहेगी और फिर भारतीय धार्मिक सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने एवं संवारने में मोदी सरकार को किसी प्रकार का संकोच भी नहीं है। आज भारत की बागडोर ऐसे नेता के हाथों में नहीं है, जिन्होंने कभी भारतीय संस्कृति के मानबिन्दु सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण एवं उसके लोकार्पण में बाधाएं उत्पन्न की थीं।

> **भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत की सभ्यता एवं संस्कृति विश्व समुदाय को भी आकर्षित करती है। हम अनेक धार्मिक स्थलों पर भारतीयता के रंग में रंगे विदेशी सैलानियों को देखते ही हैं। दरअसल, भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देश भर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्या धाम।**

## आपकी बात



### अतुल्य भारत



डॉ महेश शर्मा

आज खुशी हुई कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। ये खुशी केवल बिहार ही नहीं, मेरे जैसे असंख्य लोगों को हुई है जो उनके सीधे संपर्क में आये और उनसे बहुत कुछ सीखा। मेरे साथ विशिष्ट संयोग यह बन गया था कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि के नाते जे पी आंदोलन की राष्ट्रीय संचालन समिति में सदस्य के रूप में सक्रिय भागीदारी का सुअवसर मिला था। मेरे साथ ही, मित्र राम बहादुर राय भी सदस्य थे, राय साहेब तो बिहार आंदोलन में गोविंदाचार्य जी और सुशील मोदी के साथ अग्रणी भूमिका में थे। मैं स्वयं उस अवधि में उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री की भूमिका में सक्रिय भागीदार था, उसके पहले ही BHU में अपनी M.Tech की पढ़ाई बीच में ही छोड़ कर पूरा ध्यान ABVP पर था। एक बार, रोचक तथ्य यह है कि वि वि में संघर्ष के दौरान हमारा निष्कासन हो गया था और हम लोग काशी राजघाट में विश्राम कर रहे जे पी को मिलने पहुंचे तो प्रभावती जी ने कहा कि आचार्य कुल के मामले में जे पी कुछ नहीं करते, विनोबा भावे स्वयं ही देखते हैं। हम निराश लोटे और फिर कुछ दिन बाद पौनार में विनोबा से मिले थे। वो भी रोचक प्रसंग है, फिर कभी चर्चा करूंगा। अभी तो, कपूरी ठाकुर जी से जुड़ा हुआ एक विशेष प्रसंग अधिक प्रासंगिक है। उनसे मिलना कई बार हुआ था, लेकिन ये घटना 1977 की है, हम कुछ लोग मुंबई के जशलोक हॉस्पिटल में इकट्ठा हुए थे क्योंकि जे पी वहां ICU critical condition में भर्ती थे। एक बार तो खबर फैल गई कि जेपी नहीं रहे, ये स्थिति थी। संयोग से कर्पूरी ठाकुर भी वहीं थे। हम सब चिंतित थे, तभी मैंने कर्पूरी ठाकुर से कहा कि कुछ देर बैठ कर विमर्श किया जाए कि आगे कैसे बढ़ा जाए ,तब मैं विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय महामंत्री था। मैने कर्पूरी ठाकुर जी से पूछा कि कहां ठहरे हुए हैं बोले दूर है, तुम कहां ठहरे हुए हो मैनें बताया कि प्रो बाल आप्टे जी हमारे अध्यक्ष हैं, उन्ही के घर पर रुका हूं। वे बोले कि पता ठीक से बता दो, मैं भी वहां आ जाऊंगा। मैं तो आश्चर्यचकित था कि एक मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि पता दे दो, वो पहुंच जायेंगे। ये तो कर्पूरी ठाकुर ही कर सकते थे , वो ठीक समय पर पहुंचे और काफी देर तक आप्टे जी के निवास पर हमारी मीटिंग हुई। उनकी ये सादगी, सरलता और अपनापन कैसे भुलाया जा सकता है। आज इस विशिष्ट अवसर उनकी 100वीं जयंती पर जननायक कर्पूरी ठाकुर को शतशत नमन।

**(शिवालिक, पूर्व अध्यक्ष, खादी ग्रामोद्योग आयोग)**

आध्यात्म

# भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन के पंख लगाये



ललित गर्ग

***हर*** व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति, आस्था, धार्मिकता एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। जीवन में पर्यटन के सर्वाधिक महत्व के कारण ही हर साल 25 जनवरी को भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। भारत की विविधता, धार्मिकता, ऐतिहासिकता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण, यह दिन देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव, जीवन में खुशियां, आस्था एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। भारत में कई धार्मिक स्थल हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों के आस्था का केंद्र है। जहां हजारों-लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिरों की भव्यता देख दीवाने हो जाते हैं, अपूर्व शांति एवं धार्मिकता का अनुभव करते हैं। भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देशभर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्याधाम। काशी, प्रयागराज और अयोध्या धाम धार्मिक पर्यटन के सबसे बड़े स्वर्ण त्रिकोण (गोल्डन ट्रायंगल) में शामिल हो गये हैं, अयोध्या में श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले ही दिन पांच लाख लोगों ने दर्शन किये, वैसे सामान्य तौर पर अनुमान है कि यहां एक से डेढ़ लाख लोगों के आने की संभावना है। साल भर में संख्या 10 करोड़ को पार कर सकती है। भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन को पंख लगा दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। धर्म और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है।

> **भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है।**



बोधि वृक्ष

## काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन किया है। इस कॉरिडोर के बनने से वाराणसी में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, और रोजगार के नये अवसर खुलेंगे। वाराणसी न केवल शांति बल्कि भव्यता भी प्रदान करता है। यहाँ के घाटों पर शाम को होने वाली गंगा आरती हमेशा अंतर्मन को एक नई ऊर्जा प्रदान करती है।

**काशी विश्वनाथ मंदिर के बारे में**

काशी विश्वनाथ मंदिर सबसे प्रसिद्ध हिंदू मंदिरों में से एक है। यह भगवान शिव को समर्पित है। यह 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है ये शिव के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक है। मंदिर के प्रमुख देवता श्री विश्वनाथ हैं जिसका अर्थ है ब्रह्मांड के भगवान। ऐसी मान्यता है कि अगर भक्त एक बार इस मंदिर के दर्शन और पवित्र गंगा में स्नान कर ले तो मोक्ष की प्राप्ति होती है। काशी विश्वनाथ मंदिर अनादि काल से शैव दर्शन का केंद्र रहा है। इसे समय-समय पर कई मुस्लिम शासकों द्वारा ध्वस्त किया गया और उनमें अंतिम शासक औरंगजेब है। मंदिर की वर्तमान संरचना महारानी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा वर्ष 1780 में करवाई गई थी। इसका प्रबंधन 1983 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। आइये अब काशी विश्वनाथ मंदिर के इतिहास के बारे में जानते हैं हिंदुओं के पवित्र ग्रंथ शिव पुराण में ज्योतिर्लिंग का उल्लेख है। ये भगवान शिव की संरचनात्मक अभिव्यक्तियाँ हैं और इनकी काफी मान्यता है। यह मंदिर मणिकर्णिका घाट पर स्थित है और इसे शक्ति पीठ माना जाता है। शक्तिपीठों की उत्पत्ति का उल्लेख दक्ष यग में मिलता है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Ancient Bharat · Follow**
2 d ·

बॉलीवुड के सबसे महान अभिनेता पंकज त्रिपाठी हाल ही में गांव से वापस मुंबई लौटे हैं। इस दौरान उनकी पत्नी और उनकी बेटी भी उनके साथ में दिखाई दे रही थी। एयरपोर्ट पर पंकज त्रिपाठी की सादगी देखकर उनके चाहने वाले उनकी खूब तारीफ करते नजर आए। इस दौरान अपने कई चाहने वालों के साथ पंकज त्रिपाठी ने सेल्फी ली। सोशल मीडिया पर जिस किसी ने भी पंकज त्रिपाठी और उनकी पत्नी और बेटी को देखा है तब सभी लोग उनकी खूब तारीफ करने लगे हैं। हर किसी का इस मौके पर यही कहना है कि इतनी ऊंचाई पर जाने के बाद भी पंकज त्रिपाठी की सादगी बेमिसाल है।



132k 841 comments 210 shares

## X - से

**Dr Nishikant Dubey**
@nishikant_dubey

माननीय प्रधानमंत्री @narendramodi जी ने राम की अयोध्या को गोड्डा से ट्रेन देने के बाद,आज आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए गोड्डा से ट्रेन दिया । कर्मठ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव @AshwiniVaishnaw जी को हम केवल आभार ही दे सकते हैं । संथालपरगना धन्य है



भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
रेलवे बोर्ड (RAILWAY BOARD)
CC-42 /2024
FAX/POST COPY
ISSUED ON 23.01.2024

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# गणतंत्र दिवस पर याद रखना इन बालवीरों को



आरके सिन्हा

***हर*** साल जनवरी का महीने आते ही देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां अपने चरम पर पहुंच जाती हैं। राजधानी दिल्ली में तो गणतंत्र दिवस की तैयारियों बाकी जगहों से अधिक बड़े स्तर पर होती हैं क्योंकि राजधानी दिल्ली में ही गणतंत्र दिवस परेड निकलती है। उस परेड का हिस्सा वे बालवीर भी होते हैं, जिन्हें देश उनके साहस, सूझबूझ और शौर्य के लिए सम्मानित कर रहा होता है। वे जब राष्ट्रपति जी को सलामी देते हुए आगे बढ़ते हैं, तो कर्तव्यपथ (पहले राजपथ) में उपस्थित जनसमूह उनका हर्षध्वनि से स्वागत करता है। गणतंत्र दिवस परेड का 1959 से हिस्सा हैं बालवीर पुरस्कार विजेता। यह कुछ साल से खुली जीप में निकलने लगे हैं। हालांकि लंबे समय तक यह हाथियों पर सवार होते थे। पर मेनका गांधी के विरोध के बाद इन्हें हाथियों पर बैठाने की परंपरा को रोक दिया गया। बालवीर गणतंत्र दिवस परेड से दस दिन पहले राजधानी में आकर परेड की रिहर्सल में शामिल होते हैं। इसके अलावा, यह दोपहर और शाम को कभी राष्ट्रपति कभी, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, कभी दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल वायुसेना नौसेना और थलसेनाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिलते हैं। कभी लालकिला, पुरानाकिला, कुतुब मीनार, हुमायूँ का मकबरा जैसी ऐतिहासिक इमारतें और कभी फन एंड फूड विलेज जैसे मनोरंजक स्थल घूमते हैं। इन्हें राजधानी के फन एंड फूड विलेज के संस्थापक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी सरदार सेवा सिंह नामधारी बहुत सारे उपहार देते थे। उनके ना रहने के बाद भी बालवीरों का वहां सम्मानित किया जाता है। गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले तक तो यह बालवीर खबरों में रहते हैं। यह अपने इंटरव्यू देते हैं और फिर यह ओझल हो जाते हैं। यह स्थिति कोई आदर्श नहीं मानी जा सकती। कोशिश तो ऐसी होनी चाहिए कि जिन्हें बालवीर पुरस्कार मिला, उन्हें उनके राज्यों की सरकारें जीवन में आगे बढ़ने के हर संभव अवसर दें। हमें पुरस्कार सांकेतिक रूप से नहीं देने चाहिए। ईमानदार कोशिश होनी चाहिए ताकि बालवीरों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलें।

> **गणतंत्र दिवस परेड का 1959 से हिस्सा हैं बालवीर पुरस्कार विजेता। यह कुछ साल से खुली जीप में निकलने लगे हैं। हालांकि लंबे समय तक यह हाथियों पर सवार होते थे।**

## टेक वर्ल्ड

## फोन चोरी होने पर यूपीआई आईडी को कैसे ब्लॉक करे

इससे आप अपने फोन में संग्रहित सभी डाटा, जैसे कि यूपीआई पासवर्ड, बैंक डिटेल्स, आदि को सुरक्षित रख सकते हैं।

**2. ऑपरेटिंग सिस्टम के सर्विसेज इस्तेमाल करें**

अधिकांश स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरर्स और ऑपरेटिंग सिस्टमों ने फोन चोरी होने पर सुरक्षा के लिए सेवाएं प्रदान की हैं। इन सेवाओं का उपयोग करके आप अपने फोन को रिमोटली लॉक कर सकते हैं और उसमें स्टोर्ड डाटा को साफ कर सकते हैं।




**3. बैंक और यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर को सूचित करें :** फोन चोरी होने पर तुरंत अपने बैंक और यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर को सूचित करें। इससे वे आपकी यूपीआई आईडी को ब्लॉक कर सकते हैं ताकि चोर उसे उपयोग न कर सके।

**4. टू-स्टेप वेरिफिकेशन इस्तेमाल करें**

यदि आपके यूपीआई ऐप में ट्वो-स्टेप वेरिफिकेशन उपलब्ध है, तो इसका उपयोग करें। इससे आपकी सुरक्षा में एक अन्य स्तर की रक्षा होगी। फोन चोरी होना एक दुखद अनुभव हो सकता है, लेकिन उपरोक्त तरीकों से आप अपने फोन के यूपीआई ऐप्स को सुरक्षित रख सकते हैं। सुरक्षा के मामले में सतर्क रहना हमेशा अच्छा होता है और ये सुनिश्चित करता है कि आपके वित्तीय डेटा को कोई अनधिकृत तरीके से उपयोग नहीं कर सकता।

**(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### अयोध्याधाम में दर्शनार्थियों की व्यवस्था की सीएम योगी ने की समीक्षा, कहा...

# कतारबद्ध करा सभी श्रद्धालुओं को कराएं दर्शन

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए उमड़े आस्था के महासागर के बीच हर श्रद्धालु के सहज, सुगम व संतोषपूर्ण दर्शन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों का जायजा लेने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्याधाम में आस्था का जनसमुद्र देखा जा सकता है। पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। हर कोई अपने आराध्य प्रभु के दर्शन का पुण्य लाभ चाहता है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन स्वाभाविक है। ऐसी परिस्थितियों में हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना हम सभी का कर्तव्य है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर न्यास के बेहतर समन्वय के साथ क्राउड मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर, जहां भी दर्शनार्थी हों, कतारबद्ध खड़े हों। भीड़ न लगे। कतार चलायमान रहे। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं का विशेष ध्यान दें।



### छह माह में तैयार होगा 'बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज'

**अयोध्या।** अयोध्या क्षेत्र में बाराबंकी-अकबरपुर रेल रूट पर 'बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज' के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड ने तैयारी शुरू कर दी है और प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर्स व एजेंसी को आबद्ध करके पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) बेसिस पर पूरा किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस ब्रिज के निर्माण पूर्व सर्वे व टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन समेत तमाम प्रक्रियाओं को आईआईटी व एनआईआईटी की देखरेख में पूर्ण किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि अयोध्या के समेकित विकास के दृष्टिगत एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी के क्रियान्वयन के जरिए अयोध्या में इस रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण का रास्ता साफ हुआ है। कार्ययोजना के अनुसार, बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ओवरब्रिज के वास्तुशिल्प व संरचनात्मक डिजाइन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा।

# डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास

**एजेंसी। गाजियाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और कई हाईवे का शिलान्यास और लोकार्पण के साथ एक बड़ी जनसभा को संबोधित करने बुलंदशहर आएंगे। उनके आगमन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सीएम योगी आज बुलंदशहर जायेंगे और फिर गाजियाबाद के गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। वह 25 जनवरी को सुबह फिर बुलंदशहर जायेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम 3.45 बजे राजकीय वायुयान से गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतरेंगे और यहां से हेलीकॉप्टर से बुलंदशहर रवाना हो जाएंगे। बुलंदशहर में वह 4.10 बजे से लेकर 5.10 बजे तक रहेंगे। इस एक घंटे के दौरान सीएम योगी प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों व



जनप्रतिनिधियों संग बैठक करेंगे। इसके बाद शाम 5.30 बजे मुख्यमंत्री वापस गाजियाबाद हिंडन एयरबेस आ जाएंगे और यहीं गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। 25 जनवरी की सुबह मुख्यमंत्री पुनः यहीं से बुलंदशहर पहुंचकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा चुनाव कैंपेन की शुरूआत बुलंदशहर जिला से करने जा रहे हैं। बुलंदशहर में चोला रोड पर एक बड़े मैदान में जनसभा आयोजित की गई है।

### इजरायल में नौकरी के लिए यूपी में भर्ती अभियान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने इजरायल में नौकरी के लिए एक सप्ताह का भर्ती अभियान शुरू किया है। यह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आयोजित किया जा रहा है। सात दिनों में, इजरायली टीम बार बेंडर, मेसन, टाइलर और शटरिंग, बढ़ई जैसी नौकरियों के लिए करीब 4,600 उम्मीदवारों का परीक्षण करेगी। चयनित लोगों को चिकित्सा बीमा, भोजन और आवास के साथ प्रति माह 1.37 लाख रुपये का वेतन मिलेगा। इजरायल को कुशल श्रमिकों की आवश्यकता है, श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा: "यह एक बड़ा अवसर है। इजरायल और भारत दोनों इजरायल में श्रमिकों की स्थिति में सुधार के तरीके तलाश रहे हैं। जरूरत पड़ने पर उन्हें कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।" प्रशिक्षण और रोजगार के निदेशक कुणाल सिल्कू ने कहा कि इजरायल में निर्माण श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया का ध्यान भारत के केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और जनसंख्या, आव्रजन और सीमा प्राधिकरण (पीआईबीए), इजराइल के तहत काम करने वाली एजेंसी एनएसडीसी इंटरनेशनल द्वारा किया जा रहा है।

### रिश्वत लेता हआ अस्पताल का कर्मचारी हुआ गिरफ्तार



**श्रीनगर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सोपोर में जन्मतिथि प्रमाण पत्र जारी करने के लिए रिश्वत लेते हुए अस्पताल के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया। सीबीआई के अनुसार, अधिकारियों ने सब-डिविजनल अस्पताल सोपोर में जन्म अनुभाग के प्रभारी कर्मचारी मेहराजुद्दीन वानी को फारूक अहमद मिसगर से उनकी बेटी का जन्मतिथि प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 3,600 रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए गिरफ्तार किया। पिता फारूक अहमद मिसगर ने जन्मतिथि प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कर्मचारी से संपर्क किया था। जिसके लिए कर्मचारी ने उनसे रिश्वत के रूप में 3,600 रुपये की मांग की और स्वीकार किया। सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी को रिश्वत लेते समय गिरफ्तार किया था। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### अमेरिकी पिटबुल ने लड़की पर किया हमला, अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक खूंखार अमेरिकी पिटबुल पालतू कुत्ते ने चार साल की एक बच्ची पर हमला कर दिया। घायल लड़की की पहचान नेपाल के सुनील की बेटी सानिया के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि घटना तब हुई जब सुनील उसकी बेटी को संजय नगर इलाके में अपने नियोक्ता के घर ले गया था। अमेरिकी पिटबुल ने छोटी लड़की पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना 13 जनवरी को हुई। लड़की के पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि कुत्ते के मालिक द्वारा लड़की के इलाज का खर्च उठाने का आश्वासन देने के बाद पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। पिता ने पुलिस को बताया था कि वह अपनी बेटी का अस्पताल में इलाज कराने के लिए चिकित्सा खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

### हल्दवानी चौकी में जुआ खेलते धराए सभी स्टाफ, लाइन हाजिर

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में पुलिस लोगों की सुरक्षा को छोड़कर पूरा थाना और उसके कर्मचारी जुआ खेलने में इस कदर मगन थे कि वो भूल गए कि उनके ऊपर शहर की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। देर रात एसपी सिटी हरबंस सिंह ने लामाचौड़ रिपोटिंग पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने पूरे थाने को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने औचक निरीक्षण में देखा कि चौकी इंचार्ज सहित उसका पूरा स्टाफ जुआ खेल रहा है। उसके बाद इस पूरे मामले की शिकायत एसएसपी को दी गई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने सख्त कार्रवाई करते हुए पूरी रिपोटिंग पुलिस चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है। जब देर रात एसपी सिटी हरबंस सिंह अचानक लामाचौड़ रिपोटिंग पुलिस चौकी पहुंचे तो उन्हें सामने देखकर चौकी इंचार्ज सहित चौकी के हेड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबलों के होश फाख्ता हो गए। एसपी सिटी ने देखा कि सभी पुलिसकर्मी चौकी में जुआ खेल रहे हैं।

# कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका, खरगे के सहयोगी रुद्रैया भाजपा में शामिल हुए

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सहयोगी आर. रुद्रैया ने बुधवार को कांग्रेस छोड़ दी। इसके बाद वह बेंगलुरु में पार्टी मुख्यालय जगन्नाथ भवन में भाजपा में शामिल हो गए।कर्नाटक प्रशासनिक सेवा (केएएस) से सेवानिवृत्त रुद्रैया की पहचान खड़गे के करीबी लोगों में थी। वह विपक्ष के नेता आर. अशोक, सांसद एस. मुनीस्वामी, विधायक शिवराज पाटिल और एमएलसी चलावादी नारायणस्वामी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।रुद्रैया दलित समुदाय से हैं। उन्होंने राज्य सिंचाई विभाग में एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में सेवाएं दी हैं। वह पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से लिंगसुगुर निर्वाचन क्षेत्र से टिकट के दावेदार थे। टिकट नहीं मिलने के बाद रुद्रैया ने कल्याण राज्य प्रगति पक्ष से चुनाव लड़ा था। उन्हें 13,764 वोट मिले थे। उनके करीबी सूत्रों ने बताया कि रुद्रैया इस बात से नाराज थे कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें टिकट देने से इनकार करने में भूमिका निभाई थी।हालांकि, हाल ही में रुद्रैया के कांग्रेस पार्टी छोड़ने की अफवाहें फैली थीं। लेकिन उन्होंने भाजपा में शामिल होने के अपने फैसले की पुष्टि नहीं की। इस घटनाक्रम से कलबुर्गी क्षेत्र में भाजपा को मजबूती मिलने और जिले की राजनीति में दबदबा रखने वाले खड़गे परिवार की चुनौती का सामना करने की उम्मीद है।



### सामाजिक न्याय को समर्पित रहा कर्पूरी ठाकुर का जीवन : नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व जननायक स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर ने पूरा जीवन लगा दिया था। ऐसे महान नेता को भारत रत्न से सम्मानित कर देश के प्रधानमंत्री ने गरीबों का मान बढ़ाया है। नड्डा ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि एक अत्यंत गरीब परिवार से निकल कर बिहार के मुख्यमंत्री पद को सुशोभित करने वाले, सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले जननायक कपूर्री ठाकुर को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'भारत रत्न' से सम्मानित करने के निर्णय की जितनी भी सराहना की जाए कम है। कपूर्री ठाकुर को सम्मानित करने का मतलब है कि भारत के हर गरीब और वंचित को सम्मानित किया गया है। नड्डा ने कहा कि ठाकुर ने गरीबों को न्याय दिलाने में पूरा जीवन लगा दिया। इसके लिए कभी भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वह कांग्रेस के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ते रहे। आपातकाल का भी उन्होंने जमकर विरोध किया। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछड़े वर्ग को सबसे अधिक पहचान और सम्मान देने का काम किया है। आज मोदी कैबिनेट में 27 मंत्री ओबीसी समाज से हैं। भाजपा के 100 से अधिक सांसद पिछड़े वर्ग से हैं। देशभर में 300 से अधिक भाजपा के विधायक पिछड़े वर्ग से आते हैं।

### चीला हादसे के मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, सिर में चोट

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश-चीला रोड पर 8 जनवरी को नई गाड़ी का ट्रायल लेने के लिए वन विभाग के 10 अधिकारी गए थे। जहां तेज रफ्तार के कारण अचानक गाड़ी का टायर फट गया था, जिसके कारण एक दर्दनाक हादसा हो गया था। हादसे में घटनास्थल पर ही दो अधिकारियों की मौत हो गई थी। जबकि, सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया था। एक महिला अधिकारी का शव चार दिनों बाद नहर से बरामद किया गया था। जिन सात लोगों को ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया था, उनमें से भी तीन की मौत हो गई थी। इस हादसे में मारे गए सभी छह लोगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि वरदान आलोकी नाथ की मौत नहर में डूबने से नहीं बल्कि सिर में चोट लगने से हुई है। गाड़ी में सवार दो अफसर चीला शक्ति नहर में जा गिरे। हादसे में चीला के रेंजर शैलेश घिल्डियाल, उप वन क्षेत्राधिकार प्रमोद ध्यानी, सैफ अली खान पुत्र खलील उल रहमान, कुलराज सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी और अंकुश की मौत हो गई थी।


### सिद्दारमैया एक अक्षम मुख्यमंत्री : एलओपी अशोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया 'नालायक' हैं। अशोक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पार्टी विधायकों पर कोई पकड़ नहीं है। कर्नाटक के इतिहास में वह सबसे कमजोर मुख्यमंत्री हैं। सत्ता में आने के सात महीने बाद भी, वह एक नालायक और अक्षम मुख्यमंत्री हैं, जो प्रशासन पर न्यूनतम नियंत्रण रखने में सक्षम नहीं हैं। कांग्रेस के भीतर कलह और गृह मंत्री जी. परमेश्वर द्वारा आलाकमान के हस्तक्षेप की आलोचना करने का जिक्र करते हुए अशोक ने कहा कि कांग्रेस में आंतरिक कलह रोजमर्रा की बात है। उन्होंने कहा, "विधानसभा चुनाव में 136 सीटें जीतने के बाद भी कांग्रेस स्थिर सरकार देने में विफल रही है।" उन्होंने कहा कि राज्य में 800 से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है जबकि लाखों खेतिहर मजदूर अपने घरों से आजीविका की तलाश में पलायन कर गये हैं। उन्होंने कहा, "घोषणा के दो माह बाद भी किसानों के खाते में दो हजार रुपये की घोषित सूखा मुआवजा राशि नहीं पहुंची है।



### 25 जनवरी को चौदहवां मतदाता दिवस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गुरुवार 25 जनवरी को राज्य के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। राजन ने बताया कि 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेश के सभी 55 जिलों में कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी।




### 29वीं मंजिल से कूदकर नाबालिग ने दी जान

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक 12 वर्षीय लड़की ने बुधवार तड़के एक अपार्टमेंट की 29वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पीड़िता अपने माता-पिता के साथ बेंगलुरु के बेगुर इलाके के पास फ्लैट में रहती थी। पुलिस ने कहा, लड़की ने सुबह 5 बजे आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि लड़की छठी कक्षा में पढ़ती थी और उसके पिता एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और उसकी मां गृहिणी हैं। "लड़की सुबह 4.30 बजे फ्लैट के हॉल में थी। उसकी मां ने उसे देखा और पूछा कि वह इतनी जल्दी क्यों उठ गई। लड़की ने जवाब में कहा कि वह फिर से सोने जा रही है। अपनी बेटी को कमरे की ओर वापस जाते देख मां भी अपने कमरे में वापस चली गई।" पुलिस ने बताया कि परिसर में जोरदार आवाज सुनने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने लड़की का खून से लथपथ शव देखा और एसोसिएशन मैनेजमेंट को सूचित किया। पुलिस ने कहा, "घटना के संबंध में अभी और विवरण सामने आना बाकी है। हम मामले की जांच कर रहे हैं।

# घोषणापत्र के लिए नागरिकों से सुझाव मांगेगी द्रमुक

**एजेंसी। चेन्नई**

द्रमुक चुनाव घोषणापत्र समिति अपने चुनावी घोषणापत्र को अंतिम रूप देने के लिए नागरिक समाज के सदस्यों से मुलाकात करेगी। इस समिति की अध्यक्षता द्रमुक की उप महासचिव और थूथुकुडी निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य कनिमोझी करुणानिधि कर रही हैं। समिति के सदस्य नागरिक समाज, गैर सरकारी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, पेशेवर और समाज के सभी वर्गों के सदस्यों से सुझाव प्राप्त करने के लिए 5 फरवरी से 23 फरवरी तक राज्य भर में यात्रा करेंगे। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए द्रमुक (डीएमके) ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सदस्य बनाकर तीन समितियां बनाई हैं। तीनों टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। एक टीम पूरे चुनाव कार्यों में समन्वय और निगरानी रखेगी। दूसरी टीम सीटों के बंटवारे और सहयोगियों के साथ समन्वय की जिम्मेदारी संभालेगी, जबकि तीसरी टीम चुनाव घोषणा पत्र तैयार करेगी। एम.के. कनिमोझी की अध्यक्षता वाली चुनाव घोषणापत्र समिति में टी.के.एस. एलंगोवन, ए.के.एस. विजयन, पलानीवेल थियागा राजन, टी.आर.बी.



राजा, गोवी चेझियान, के.आर.एन. राजेश कुमार, सी.वी.एम.पी एज़िलारासन, एम.एम. अब्दुल्ला, एज़िलान नागनाथन और चेन्नई की मेयर आर. प्रिया सदस्य के रूप में हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया की देखरेख करने वाली द्रमुक टीम में मंत्री के.एन. नेहरू, आर.एस. भारती, ई.वी. वेलु, थंगम थेनारासु और उदयनिधि स्टालिन शामिल हैं। डीएमके महासचिव और तमिलनाडु के जल कार्य मंत्री एस दुरईमुरुगन ने गठबंधन सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारे पर बातचीत करने के लिए एक और टीम की घोषणा की है। इस टीम का नेतृत्व टी.आर.बालू करेंगे। जबकि वरिष्ठ नेता के.एन. नेहरू, आई. पेरियासामी, के. पोनमुडी, ए राजा, एम.आर.के. पन्नीरसेल्वम और तिरुचि एन. शिवा इस टीम के सदस्य होंगे।

### मुस्लिम लड़के संग प्रेम संबंध से गुस्साए भाई ने ली बहन की जान

**मैसूर (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मैसूर जिले के मारुरु गांव में एक मुस्लिम लड़के के साथ प्रेम संबंध के चलते एक भाई ने अपनी बहन को मौत के घाट उतार दिया। वहीं, विरोध करने पर मां की भी हत्या कर दी। मृतकों की पहचान हिरिकायतनहल्ली निवासी 19 वर्षीय धनुश्री और उसकी मां 40 वर्षीय अनीता के रूप में की गई। मामले में पुलिस ने आरोपी भाई नितिन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, नितिन अपनी बहन धनुश्री के एक मुस्लिम लड़के से प्यार करने की वजह से काफी परेशान था। इस बात को लेकर वह कई बार उससे झगड़ चुका था और हर बार माता-पिता हस्तक्षेप कर दोनों को शांत करा देते थे। माता-पिता भी नहीं चाहते थे कि धनुश्री उस मुस्लिम लड़के के साथ कोई रिश्ता रखे, वह पीड़िता को मान-मयार्दा का हवाला देते हुए उसे समझाते थे। मंगलवार शाम को आरोपी नितिन धनुश्री और मां अनीता को पास के गांव में एक रिश्तेदार के घर जाने के बहाने अपनी बाइक पर ले गया था। उसने मरूर झील पर बाइक रोकी और झील में अपनी बहन को धक्का दे दिया।

# एग्रो घोटाला में शरद के पौत्र रोहित से ईडी की पूछताछ शुरू

**एजेंसी। मुंबई**

बारामती एग्रो घोटाला मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता शरद पवार के पौत्र रोहित पवार से पूछताछ शुरू की है। बुधवार सुबह ही ईडी आफिस जाने से पहले रोहित पवार ने अपने दादा पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार से मुलाकात की। इसके बाद रोहित पवार सुप्रिया सुले के साथ ईडी दफ्तर पहुंचे। रोहित पवार ने ईडी कार्यालय में जाने से पहले पत्रकारों को बताया कि कर नहीं तो डर नहीं। उन्होंने कहा कि वे ईडी को पूरा सहयोग करेंगे, वे भागेंगे नहीं। मौके पर राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि सत्यमेव जयते। सुप्रिया सुले ने कहा कि संसद का डाटा बताता है कि 95 फीसदी मामले सिर्फ विरोधी पक्ष के लोगों पर ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग की ओर से दर्ज किए गए हैं। विपक्ष पर इस समय संकट का काल चल रहा है, लेकिन हम इसका सामना करेंगे। बताया जा रहा है कि ईडी के छह अधिकारी रोहित पवार से बारामती एग्रो की खरीदी से संबंधित 28 सवालों के जवाब पाने



के लिए पूछताछ कर रहे हैं। इसी दौरान ईडी कार्यालय और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यालय के पास राकांपा कार्यकताओं की भारी भीड़ जमा हो गई है। मुंबई पुलिस ने भारी पुलिस बंदोबस्त कर रखा है। जानकारी के अनुसार बारामती एग्रो कंपनी की खरीद में अनियमितता का आरोप भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरीट सोमैया ने लगाया था। इसी शिकायत के आधार पर ईडी टीम ने बारामती एग्रो कंपनी पर छापा मारा था। इसी अनियमितता की मनी लॉड्रिंग एंगल से पूछताछ करने के लिए ईडी ने रोहित पवार को बुलाया है। रोहित पवार रात होटल ट्राईडेंट में ठहरे थे।

# अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति में खामियों को दूर करने पीएम को लिखा पत्र

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबुबक्र अहमद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी को पत्र लिखकर अल्पसंख्यक समुदायों के लिए उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति (हायर एजुकेशन स्कॉलरशिप) में गंभीर अनियमितताओं को उजागर किया है। ग्रैंड मुफ्ती ने छात्रों को प्रभावित करने वाले मुद्दों, विशेष रूप से शोध छात्रों के लिए मौलाना आजाद नेशनल स्कॉलरशिप को बंद करने के फैसले को बदलने की मांग की है। मुफ्ती शेख अबुबक्र अहमद का कहना है कि वर्तमान परिदृश्य से छात्रों को दिए गए आश्वासनों और धन के वास्तविक वितरण के बीच अंतर का पता चलता है, जिससे वित्तीय सहायता की उम्मीद के साथ देश के प्रमुख संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं।



अल्पसंख्यक मंत्रालय ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आर्थिक विकास निगम को स्कॉलरशिप वितरित करने का काम सौंपा है। निगम ने मंत्रालय से धन प्राप्त करने के अपने संघर्ष को स्वीकार किया है। वह आगे बताते हैं कि जहां ओबीसी-एससी-एसटी के लिए जेआरएफ और नेशनल फेलोशिप जैसी स्कॉलरशिप में वृद्धि देखी गई है, वहीं अल्पसंख्यक स्कॉलरशिप में वृद्धि की कमी या अतिदेय बकाया का भुगतान भेदभाव का सवाल उठाता है।

# कर्पूरी ठाकुर के बहाने परिवारवाद पर नीतीश कुमार ने साधा निशाना

**एजेंसी। समस्तीपुर**

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। राजद से जदयू की दूरी की चर्चा के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर के बहाने परिवारवाद पर निशाना साधकर फिर संकेत दे दिए कि राजद से उनकी दूरी बढ़ रही है। पटना में आयोजित कपूर्री जयंती समारोह को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि कपूर्री ठाकुर जी ने कभी अपने परिवार को राजनीति में नहीं बढाया, लेकिन आजकल तो कुछ लोग खाली अपने परिवार को ही आगे बढ़ा रहे हैं। नीतीश कुमार ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन, राजनीति में बढ़ते परिवारवाद को लेकर जमकर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि बहुत लोग अपने परिवार को ही बढ़ाता रहता है, लेकिन, आप समझ लीजिये, जननायक कपूर्री ठाकुर जी ने कभी भी अपने परिवार को नहीं बढ़ाया। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि हमने भी अपने परिवार के किसी को नहीं बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने अपने लड़के को कुछ नहीं बढ़ाया। जब उनका निधन हुआ तब हमलोगों ने उन्हें आगे बढ़ाया और सम्मान दिया। इससे पहले नीतीश ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद भी दिया है।

# कर्पूरी ठाकुर के बेटे को पीएम आवास आने का निमंत्रण

**एजेंसी। पटना**

महान समाजवादी नेता और दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके बेटे रामनाथ ठाकुर को बुधवार को फोन कर बधाई दी और उन्होंने सपरिवार अपने आवास पर आने का आमंत्रण भी दिया। कपूर्री ठाकुर के परिजनों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने करीब सुबह नौ बजे फोन किया और भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी।बताया गया कि राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को परिजनों के साथ 26 जनवरी को दिल्ली आवास आने का निमंत्रण भी दिया गया है। राज्यसभा सांसद ने इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न मिलने से जो खुशी है वह शब्दों में बयान नहीं कर सकता। केंद्र सरकार का यह सराहनीय कदम है।



उन्होंने केंद्र सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शायद उनकी जयंती के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर यह निर्णय लिया गया होगा। रामनाथ ठाकुर ने कहा कि बहुत खुशी है कि उनके पिता को भारत रत्न सम्मान दिया जा रहा है, जो कि देश का सर्वश्रेष्ठ सम्मान माना जाता है। मेरे परिवार के लिए इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है। जननायक कपूर्री ठाकुर के भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का बिहार के सभी दलों ने स्वागत किया है।

### आंध्र हाईकोर्ट ने आरोपी श्रीनू की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी पर 2018 में चाकू से हमले के आरोपी जानीपल्ली श्रीनिवास उर्फ कोडी काठी श्रीनू की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति दुर्गा प्रसाद राव और न्यायमूर्ति किरणमयी मंडावा की खंडपीठ ने आरोपी की याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया, जो पांच साल से अधिक समय से जेल में है। श्रीनू ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर विशाखापत्तनम के एनआईए मामलों पर विशेष न्यायाधीश के आदेश को रद्द करते हुए उसे जमानत पर रिहा करने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि सुरक्षा नागरिक उड्डयन अधिनियम 1982 की धारा 6ए (बी) के विरुद्ध गैरकानूनी कृत्यों के कारण श्रीनू जमानत का हकदार नहीं है।

## एएफसी एशियाई कप

# ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा

**सीरिया ने भारत को हराया**

**दोहा।** ऑस्ट्रेलिया मंगलवार को यहां एएफसी एशियन कप में उज्बेकिस्तान के साथ 1-1 से ड्रा खेला, लेकिन फिर भी सात अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। वहीं सीरिया ने भारत को 1-0 से शिकस्त दी। मैच का पहला गोल ऑस्ट्रेलिया ने किया। जब पहले हाफ के इंज्यूरी टाइम में मार्टिन बॉयल ने ओडिलजॉन जमरोबेकोव के हैंडबॉल के बाद पेनल्टी को गोल में बदल दिया।

## हॉकी सिमडेगा जूनियर वीमेंस चैंपियनशिप

# 26 से 31 जनवरी तक

**एजेंसी। रांची**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 से 31 जनवरी तक सिमडेगा हॉकी जूनियर महिला जिला चैंपियनशिप का आयोजन एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी ने बताया कि इस चैंपियनशिप में जिले की कुल 14 महिला हॉकी टीम भाग लेंगी, जिसमें 250 से अधिक खिलाड़ी अपना टैलेंट दिखाएंगे।

इनमें आत्मनिर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा, डे बोर्डिंग हॉकी केंद्र बांसजोर, ग्रास रूट हॉकी केंद्र सीआईएनआई, डे बोर्डिंग लोंबई, केवीएस सिमडेगा, एसटीसी सिमडेगा, एसटीसील चरागढ़, नरपति उच्च विद्यालय समसेरा, केजीबीवी बानो, डे बोर्डिंग पाकरटांड़, डे बोर्डिंग टैंस, आरसी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी, डे बोर्डिंग बरवाडीह, यूसी इंटर कॉलेज सामतोली की टीम भी भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के दौरान कुल 14 मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच में एक बेस्ट खिलाड़ी को प्रोत्साहन स्वरूप एक हॉकी स्टिक दिया जायेगा।

# एफकॉन से बाहर होने के बाद घाना ने कोच हाटन को बर्खास्त कर दिया

**एजेंसी। अकरा**



घाना राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच क्रिस हाटन को कोटे डी आइवर में अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एफकॉन) के ग्रुप चरण में टीम के बाहर होने के बाद घाना फुटबॉल एसोसिएशन (जीएफए) ने बुधवार को अपने कर्तव्यों से मुक्त कर दिया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, जीएफए ने एक बयान में कहा कि उसने पूरी तकनीकी टीम को भी भंग कर दिया है और आने वाले दिनों में ब्लैक स्टार्स की भविष्य की दिशा के लिए एक रोडमैप प्रदान करेगा। घाना ने केप वर्डे से 2-1 से हारकर और क्रमशः मिस्र और मोजाम्बिक के साथ 2-2 से ड्रॉ दर्ज करके तीन मैचों में केवल दो अंक हासिल किए। चार बार का विजेता ग्रुप बी में केप वर्डे और मिस्र के बाद तीसरे स्थान पर रहा। इस प्रकार उसे 2023 एफकॉन से बाहर होना पड़ा, जैसा कि 2021 संस्करण में हुआ था।

## खबरें व्यापार जगत की

# शुरूआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार में शानदार तेजी

## खरीदारी के सपोर्ट से झूमे सेंसेक्स-निफ्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**निवेशकों को एक दिन में 5 लाख करोड़ से अधिक का मुनाफा**

घरेलू शेयर बाजार ने आज शुरूआती कमजोरी के बाद शानदार प्रदर्शन किया। हेवीवेट शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के कारण शेयर बाजार आज एक प्रतिशत चढ़ कर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद बिकवाली के दबाव के कारण ये गिरावट और बढ़ती नजर आई लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर शेयर बाजार की रफ्तार तेज कर दी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान बीएसई के ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। आईटी, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, मेटल और पावर इंडेक्स 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर रियल्टी इंडेक्स में आज गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.72 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 371.19 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 365.98 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.21 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

# बायजू 158 करोड़ के स्पॉन्सरशिप बकाये के लिए बीसीसीआई संग कर रही बातचीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एडटेक प्रमुख बायजू 158 करोड़ रुपये के स्पॉन्सरशिप बकाए के निपटान के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ बातचीत कर रही है। मनीकंट्रोल के अनुसार दोनों पक्ष अगले छह से आठ महीनों में भुगतान योजना पर डायरेक्शनल एग्रीमेंट पर पहुंच गए हैं। बायजू के भारत के मुख्य वित्तीय अधिकारी नितिन गोलानी ने कहा मोटे तौर पर हम बीसीसीआई के साथ बातचीत कर रहे हैं। एक भुगतान योजना पर एक डायरेक्शनल एग्रीमेंट हुआ है, जिस पर दोनों सहमत हैं, अब हम इसी दिशा में काम करेंगे। हम अगले छह से आठ महीनों में वे भुगतान करने में सक्षम होंगे। इसी तरह हम इस दिशा में काम कर रहे हैं।

उम्मीद है कि स्थिति नियंत्रण में है। बीसीसीआई ने पिछले साल के अंत में बीसीसीआई से जुड़े 158 करोड़ रुपये के बकाए को लेकर बायजू को इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी नियमों का हवाला देते हुए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के सामने लाया था। इस बीच, बायजू ने बहुत देरी के बाद अपने ऑडिट किए गए वित्त वर्ष 2021-22 के वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसमें परिचालन राजस्व 5,014 करोड़ रुपये रहा जबकि घाटा पिछले वित्तीय वर्ष के 4,599 करोड़ रुपये से बढ़कर 8,370 करोड़ रुपये हो गया है।

कंपनी का कुल राजस्व वित्त वर्ष 2021-22 में लगभग 5,298.4 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 के 2,428.3 करोड़ रुपये से 119 प्रतिशत अधिक है। घाटे में एक साल पहले की तुलना में 80 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई।



## प्लेइंग इलेवन में अक्षर और कुलदीप के चयन को लेकर रोहित ने कहा

# यह तय करना थोड़ा सिरदर्द था

**एजेंसी। हैदराबाद**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के चयन को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि अंतिम एकादश में इन दोनों में से कौन होगा, यह तय करना थोड़ा सिरदर्द था।

रोहित ने बुधवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह तय करना थोड़ा सिरदर्द था कि दोनों में से कौन होगा। हमारे लिए यह तय करना एक चुनौती थी। कुलदीप आपको अपनी गेंदबाजी से एक निश्चित एक्स फैक्टर देते हैं, खासकर अगर विकेट उछाल दे रहा हो, अगर ऐसा नहीं है वह फिर भी एक फैक्टर बन जाते हैं क्योंकि उनके पास शानदार विविधताएं हैं और वह अब बहुत परिपक्व गेंदबाज हैं।

रोहित ने आगे कहा, उसने स्पष्ट रूप से रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के कारण भारत में बहुत अधिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। लेकिन ऐसा ही होता है। हमारे मध्य क्रम की तरह, सभी को वास्तव में देर से मौका मिला। लेकिन यह इसकी वास्तविकता है। आप इससे छिप नहीं सकते। लेकिन कुलदीप एक गेंदबाज हैं, वह कुछ साल पहले जो थे, उससे अब वह काफी बेहतर हो गए हैं और बिना किसी संदेह के वह बहुत अच्छे गेंदबाज और आकर्षक विकल्प हैं।

अक्षर को लेकर रोहित ने कहा अक्षर ने अपनी हरफनमौला क्षमता से हमें बल्लेबाजी में गहराई दी है और टेस्ट क्रिकेट में इन परिस्थितियों में खेलते हुए उन्होंने जो निरंतरता दिखाई है, वह भी हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। यह तय करना हमारे लिए थोड़ा सिरदर्द था कि इन दोनों में से कौन होगा, लेकिन यह निर्णय लेना हमारे लिए एक चुनौती थी। हम जानते हैं कि हमारे पास एक गुणवत्तापूर्ण स्पिन-गेंदबाजी विभाग है। जो एक अच्छा संकेत है। जब आपकी टीम में गुणवत्ता हो और अंतिम एकादश बनाने में सिरदर्द हो, तो यह एक अच्छा संकेत है।

इंग्लैंड इस हद तक निश्चिंत है कि वे तीन फ्रंटलाइन स्पिनरों और केवल एक तेज गेंदबाज के साथ उतरेंगे। कुलदीप एक संभावना बने हुए हैं, खासकर ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जो आक्रमण करने से नहीं हिचकिचाएगा। वनडे और टी20 में सफलता ने उन्हें सिखाया है कि सामने आने वाले बल्लेबाजों से कैसे निपटना है। बात सिर्फ इतनी थी कि उनके टेस्ट खेल में थोड़ा नियंत्रण की कमी थी और तब से उन्होंने इस पर काम किया है, लेकिन अक्षर में गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों की क्षमता है, और भारत को विराट कोहली की कमी खल रही है, वे संभवतः यथासंभव अधिक से अधिक हरफनमौला विकल्पों के साथ एकादश को मजबूत करना

## केनरा बैंक का मुनाफा 29 फीसदी उछलकर 3,656 करोड़ रुपये पर



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक का मुनाफा 29 फीसदी उछलकर 3,656 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 2,832 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। केनरा बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 29 फीसदी उछलकर 3,656 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान उसकी कुल आमदनी भी बढ़कर 32,334 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 26,218 करोड़ रुपये रही थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय तीसरी तिमाही में 9.5 फीसदी बढ़कर 9,417 करोड़ रुपये हो गई। बैंक के मुताबिक 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में उसकी सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घटकर सकल ऋण का 4.39 फीसदी हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 5.89 फीसदी रही थी। इसी तरह शुद्ध एनपीए या खराब ऋण इस दौरान घटकर 1.32 फीसदी पर आ गया है, जो दिसंबर, 2022 के अंत में 1.96 फीसदी था।

## डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया



**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया पर यह जुर्माना सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप में लगाया है। डीजीसीए ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि एयर इंडिया एयरलाइन पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। विमान नियामक के मुताबिक एक एयरलाइन कर्मचारी से स्वैच्छिक सुरक्षा रिपोर्ट मिली थी। इस रिपोर्ट में एयर इंडिया एयरलाइन पर कुछ लंबी दूरी के महत्वपूर्ण मार्गों पर उड़ानों में सुरक्षा उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। इसके बाद डीजीसीए ने कथित सुरक्षा उल्लंघनों की जांच की। हालांकि डीजीसीए ने उस घटना का विवरण नहीं दिया है, जिसकी वजह से एयरलाइंस पर भारी जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले नवंबर, 2023 में डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। विमान नियामक ने यह जुमार्ना उड़ान में देरी रद्दीकरण जैसे मामलों से प्रभावित यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और मुआवजे पर निर्धारित मानदंडों का पालन न करने के लिए लगाया था।

# ब्रिस्बेन हीट ने 11 साल बाद जीता दूसरा खिताब

**बीबीएल**

**एजेंसी। सिडनी**



पावर हिटिंग और दमदार गेंदबाजी के शानदार प्रदर्शन में ब्रिस्बेन हीट विजयी हुई और 11 साल में अपना दूसरा बिग बैश लीग (बीबीएल) खिताब जीता, क्योंकि उन्होंने सिडनी क्रिकेट में सिडनी सिक्सर्स को बुधवार को 54 रनों से हराया।

जीत के हीरो कोई और नहीं बल्कि विस्फोटक सलामी बल्लेबाज जोश ब्राउन थे। जिन्होंने न केवल एक और तेज अर्धशतक जड़ा बल्कि सिडनी सिक्सर्स को 54 रनों से ध्वस्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रिस्बेन हीट के जोश ब्राउन और कप्तान नाथन मैकस्वीनी ने जबरदस्त साझेदारी कर मंच तैयार किया।

ब्राउन, जो अपनी बड़ी हिटिंग क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। ब्राउन ने 8 विकेट पर 166 रन के स्कोर के लिए 53 रन का योगदान दिया।

हीट की पारी को रिजर्व टेस्ट टीम के बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ से अतिरिक्त बढ़ावा मिला, जिन्होंने 22 गेंदों में तेजी से 40 रन जोड़े।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिक्सर्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और माइकल नेसर ने सनसनीखेज गेंद पर डेनियल ह्यूज को आउट कर दिया। जैक एडवर्ड्स और जोश फिलिप के प्रयासों के बावजूद, स्पेंसर जॉनसन की घातक गेंदबाजी ने विपक्ष को ध्वस्त कर दिया।

## सुमित नागल करेंगे बेंगलुरु ओपन में भारत की चुनौती का नेतृत्व



**एजेंसी। बेंगलुरु**

ऑस्ट्रेलियन ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले सुमित नागल 10 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन में मजबूत भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। 137वें स्थान के साथ नागल एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश पाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। जहां कट ऑफ 257 निर्धारित किया गया था। 11 विभिन्न देशों के कुल 21 खिलाड़ियों ने एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया है। फ्रांस के विश्व रैंकिंग में 106वें नंबर के खिलाड़ी बेंजामिन बोन्जी टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी हैं।

# शोएब बशीर को मिला वीजा शनिवार तक इंग्लैंड टीम से जुड़ेंगे

**एजेंसी। हैदराबाद**



इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को भारतीय वीजा दे दिया गया है और वह संभवतः शनिवार तक भारत में इंग्लैंड टेस्ट टीम में शामिल हो जाएंगे। पाकिस्तानी मूल के 20 वर्षीय खिलाड़ी को शुरू में अबू धाबी में छोड़ दिया गया था जब इंग्लैंड की टीम रविवार को अपने प्रशिक्षण शिविर से हैदराबाद गई थी।

बशीर के मंगलवार को ब्रिटेन लौटने पर कहानी में अप्रत्याशित मोड़ आ गया और बुधवार को उनके भारतीय वीजा की पुष्टि की घोषणा की गई। समरसेट का प्रतिनिधित्व करने वाला यह ऑफ स्पिनर गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएगा लेकिन वह जल्द ही टीम के साथ फिर से जुड़ सकता है।

स्थिति ने चिंताएं पैदा कर दी हैं, जिसमें पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटरों को भारतीय वीजा प्राप्त करने में देरी का सामना करने वाले उदाहरणों की समानताएं दी गई हैं। विशेष रूप से, ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी इसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर राहत व्यक्त करते हुए कहा, हमें खुशी है कि स्थिति अब सुलझ गई है। शोएब बशीर को अब अपना वीजा मिल गया है, और वह इस सप्ताह के अंत में भारत में टीम के साथ जुड़ने के लिए यात्रा करने वाले हैं।

बशीर के बाहर होने के बाद इंग्लैंड ने चार स्पिनरों को अपनी टीम में शामिल किया। टॉम हार्टले पदार्पण के लिए तैयार हैं, जिन्होंने पिछले साल दो एकदिवसीय मैच खेले थे, जो साथी बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच, लेग स्पिनर रेहान अहमद और जो रूट अंशकालिक ऑफ-स्पिन के साथ स्पिन-गेंदबाजी कर्तव्यों को साझा करने के लिए तैयार हैं।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले दिन में इस मामले को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि बशीर के समर्थन में शुरूआती टेस्ट का बहिष्कार करने पर कभी विचार नहीं किया गया। अनकैप्ड स्पिनर, जिसने इस दौरे के लिए बुलाए जाने से पहले केवल छह प्रथम श्रेणी मैच खेले थे, इंग्लैंड टीम में आश्चर्यजनक रूप से शामिल हो गया था।

## पासवर्ड-शेयरिंग पर लगाम लगाने से नेटफ्लिक्स के पेड यूजरों की संख्या रिकॉर्ड 1.31 करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** पासवर्ड शेयरिंग पर नेटफ्लिक्स की सख्ती से उसे नये पेड यूजर बनाने में मदद मिली है। गत 31 दिसंबर को समाप्त चौथी तिमाही में उसने 1.31 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर जोड़े हैं। कंपनी ने अपने तिमाही वित्तीय परिणामों की घोषणा में कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस में मूल्य वृद्धि उसके अनुमान से बेहतर रही। नेटफ्लिक्स के सह-मुख्य कार्यकारी ग्रेग पीटर्स ने विश्लेषकों के साथ एक कॉल के दौरान कहा, ₹हमने पेड शेयरिंग शुरू करते ही कीमतों में बढ़ोतरी को काफी हद तक रोक दिया है। अब जब हम इससे गुजर चुके हैं, तो हम अपने मानक दृष्टिकोण को फिर से शुरू करने में सक्षम हैं। पीटर्स ने कहा कि कंपनी अन्य देशों की निगरानी करना जारी रखेगी और आकलन करने का प्रयास करेगी ₹जब हम पर्याप्त अतिरिक्त मनोरंजन मूल्य प्रदान कर चुके होंगे। उन्होंने कहा, हम जुड़ाव, प्रतिधारण, अधिग्रहण को संकेतों के रूप में देखते हैं ताकि हम सदस्यों के पास वापस जा सकें और उन्हें उस सकारात्मक गति को जारी रखने के लिए थोड़ा और भुगतान करने के लिए कह सकें और हम उन सदस्यों के लिए और अधिक बेहतरीन फिल्मों, श्रृंखलाओं और खेलों में निवेश कर सकें। सारांश विवरण हमेशा की तरह व्यवसाय में वापस आ सकता है। कंपनी का राजस्व 2023 में 12 प्रतिशत बढ़ा। यह 2022 में छह प्रतिशत बढ़ा था। मुक्त नकदी प्रवाह बढ़कर 6.9 अरब डॉलर हो गया। वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में पेड यूजरों की संख्या में 77 लाख की वृद्धि की तुलना में पिछली तिमाही में इनकी संख्या 1.31 करोड़ बढ़ी जो कंपनी का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। परिचालन आय एक साल पहले की 50 करोड़ डॉलर के मुकाबले तीन गुनी होकर 150 करोड़ डॉलर हो गई। नेटफ्लिक्स ने कहा 2023 के लिए हमने सात अरब डॉलर की परिचालन आय अर्जित की। जो एक साल पहले की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।

# रोहन बोपन्ना ने रचा इतिहास

## टेनिस इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर 1 खिलाड़ी बने

**एजेंसी। मेलबर्न**



भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। बोपन्ना और उनके साथी मैथ्यू एबडेन बुधवार को मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में 6-4, 7-6 (5) से शानदार जीत दर्ज की। कोर्ट 3 पर जीत के साथ, मेलबर्न पार्क में अपना लगातार 17वां टूर्नामेंट खेल रहे बोपन्ना ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बोपन्ना मास्टर्स 1000 इवेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने पिछले साल 43 साल की उम्र में एबडेन के साथ प्रतिष्ठित इंडियन वेल्स टूर्नामेंट जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वार्टर फाइनल जीत के साथ ही, बोपन्ना 43 साल की उम्र में दुनिया के नंबर 1 पुरुष युगल खिलाड़ी बन गए हैं। भारतीय टेनिस स्टार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राजीव राम को पछाड़कर नया रिकॉर्ड बनाया, जो अक्टूबर 2022 में 38 साल की उम्र में अपने करियर में पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे।

यह उपलब्धि बोपन्ना के ओपन युग में ग्रैंड स्लैम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बनने के एक साल से भी कम समय बाद आई है, जब वह और उनके साथी एबडेन यूएस ओपन 2023 का फाइनल हार गए थे।

बोपन्ना ने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग नंबर 3 के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रवेश किया। साल के पहले ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, अनुभवी भारतीय अगले सप्ताह रैंकिंग अपडेट होने पर शीर्ष पर होंगे, जबकि उनके पुरुष युगल जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन का पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर 2 स्थान सुनिश्चित है। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सेमीफाइनल में गैरवरीयता प्राप्त थॉमस मचाक और झिझेन झांग से भिड़ेगी। बोपन्ना ने 2017 में कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ फ्रेंच ओपन में मिश्रित युगल खिताब जीता था। वह 2010 में पाकिस्तान के ऐसाम-उल-हक कुरैशी के साथ और 2023 में एबडेन के साथ यूएस ओपन में दो बार उपविजेता रहे।

## मां की दुर्घटना से आहत तौसिफ ने फिर की खेल में वापसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ के रहने वाले लांग जम्पर अपनी मां की दुर्घटना के बाद प्रेक्टिस छोड़ चुके मोहम्मद तौसीफ पुनः अपने कैरियर को पटरी पर ला रहे हैं। मंगलवार की रात, तौसीफ ने चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कांस्य पदक जीतने के लिए 7.06 मीटर की दूरी तय की और इसके बाद वह अपने प्रदर्शन से काफी खुश नजर आए। उनकी लांग जंप में वापसी से प्रदेश के खिलाड़ियों में खुशी है।

घर वापस आकर, तौसीफ के पास प्रशिक्षण के लिए कोई सुविधा नहीं थी और उन्होंने मैदान पर वापस आने की सारी उम्मीदें खो दी थीं। एक बार जब उनकी मां ठीक हो गईं, तो उन्होंने लगभग एक साल के बाद धीरे-धीरे अपने मूल स्थान पर प्रशिक्षण फिर से शुरू कर दिया।

तौसीफ ने कहा कि मैं वहां (एसएआई केंद्र) केवल एक सप्ताह या 10 दिनों के लिए था जब मुझे अपनी मां की दुर्घटना की खबर मिली। मेरे पिता भी विदेश में थे और मेरे दो छोटे भाइयों के लिए मां की देखभाल करना मुश्किल था।

# सूर्यकुमार बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के धुरंधर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लगातार दूसरी बार आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है। वेस्टइंडीज की हरफनमौला कप्तान हेली मैथ्यूज को आईसीसी महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार का विजेता नामित किया गया।

सूर्यकुमार को 2023 के लिए आईसीसी पुरुष टी20 टीम का कप्तान भी नामित किया गया था। 17 टी20 पारियों में, सूर्यकुमार ने 2023 में सबसे छोटे प्रारूप में रन-स्कोरिंग पर हावी होने के लिए 48.86 की औसत और 155.95 की स्ट्राइक-रेट से 733 रन बनाए। प्रतिष्ठित सम्मान जीतने के लिए न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन, युगांडा के अल्पेश रामजानी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा की प्रतिस्पर्धा को हराया।

साल की उनकी पहली टी-20 पारी श्रीलंका के खिलाफ मात्र सात रनों की थी, लेकिन अगले दो मैचों में वह पुणे और राजकोट में क्रमशः 51 (36) और 112 नाबाद (51) के स्कोर के साथ चमके। अगस्त में प्रोविडेंस, गयाना में वेस्टइंडीज के खिलाफ 83 (44) रनों की पारी के बाद लॉडरहिल, फ्लोरिडा, अमेरिका में 61 (45) रनों की पारी खेली।

सूर्यकुमार ने साल के अंत में भारत की युवा टीम की टी20 नेतृत्व की भूमिका भी निभाई। जोहान्सबर्ग में भारत के वर्ष के अंतिम टी20 में केवल 56 गेंदों पर शतक लगाने से पहले, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया (42 गेंदों में 80 रन) और दक्षिण अफ्रीका (36 गेंदों में 56 रन) के खिलाफ अर्धशतक बनाये। मैं दूसरी बार पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतकर रोमांचित हूं।

## एक नजर

### जन समस्याओं की सुनवाई हुई आसान

**पांकी।** स्थानीय बाजार में बुधवार को भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, भाजपा नेता लाल सूरज, अमित तिवारी, युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने विधिवत पूजापाठ कर एवं फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि पांकी प्रखंड में भाजपा कार्यालय नहीं रहने के कारण लोगों को परेशानी होती थी। लोगों की परेशानी को देखते हुए भाजपा कार्यालय की सुविधा बहाल की गई है। अब क्षेत्रवासियों के समस्याओं की सुनवाई आसानी से हो सकेगी। प्रतिदिन कार्यालय संचालित रहेगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, महामंत्री श्याम नंदन ओझा, भाजपा नेता साधु मांझी, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, विजय ठाकुर, शंकर प्रसाद गुप्ता, मंजू लता, रीमा शर्मा, नीलम देवी, अक्षय कुमार, कुंदन सिंह, सत्येंद्र सिंह उपस्थित थे।

### विद्या विहार वाटिका का वार्षिकोत्सव 30 को

**छतरपुर।** प्रखंड स्थित लठेया में 24 वर्षों से संचालित विद्या विहार वाटिका का वार्षिकोत्सव 30 जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। विद्यालय के निदेशक डा. रामरेश यादव ने बताया कि यह विद्यालय समाज को एक नई दिशा देने का माध्यम है। पढ़-लिखकर बच्चे अपने परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें। यहीं संस्थान का ध्येय है।

### उपायुक्त ने कारा सुरक्षा समिति की बैठक ली

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कारा सुरक्षा के मद्देनजर कारा में रखे गए कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सी.टी.वी, वाकी- टॉकी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई एवं कारा सुरक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया साथ ही कारा सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी ली गई एवं निर्देश दिया गया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया।

### जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक की गई। बैठक में समिति द्वारा लिपिक संवर्ग की प्रोन्नति सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। लिपिकों की सेवा संपुष्टि को लेकर चर्चा की गई। समिति द्वारा सर्वसम्मती से समाहरणालय संवर्ग के प्रशासी अधिकारी में 1, कार्यालय अधीक्षक में 5, प्रधान लिपिक पद पर 13 को प्रोन्नति दी गई। बैठक में अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार मो. परवेज, जिला कल्याण पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी जीतेंद्र गुप्ता, स्थापना उप समाहर्ता व कार्यालय अधीक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय नाई महासभा ने किया जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन

# पिछड़ों व वंचितों के मसीहा थे कर्पूरी ठाकुर

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** राष्ट्रीय नाई महासभा इकाई के तत्वावधान में बुधवार को पांकी के कर्पूरी ठाकुर चौक पर जननायक की 100वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता लाल सूरज व नाई समाज के जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि जननायक जीवन भर राजनीति को जनसेवा के रूप में करते रहे। गरीबों एवं वंचितों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये वे सदैव तत्पर रहे। समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। वे पिछड़ों एवं दलितों के मसीहा थे। यही कारण है कि पांकी में उनकी प्रतिमा स्थापित करने के लिये जहां आम जनमानस ने लंबा आंदोलन किया। वहीं उनकी जन्म शती पर पीएम मोदी ने उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। नाई महासभा के जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने कहा कि देश व समाज के विकास के लिये आज सभी को उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजय आनंद पाठक, अमित तिवारी, भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, शत्रुघ्न सिंह, श्याम नंदन ओझा, सुनील गुप्ता, नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, संजय ठाकुर, सुदेश्वर ठाकुर, सुनील ठाकुर, रंजय ठाकुर, लवकुश ठाकुर, पंकज ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि देते विधायक व अन्य।

### राजद ने जननायक की 100वीं जयंती मनायी



जननायक को श्रद्धासुमन अर्पित करते राजद नेता।

**हरिहरगंज।** मेन रोड़ न्यू बस स्टैंड स्थित राजद कार्यालय में बुधवार को प्रखंड राजद कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती धूमधाम से मनायी। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव व संचालन राजद नेता बुधन सिंह यादव ने किया। वक्ताओं ने कहा कि अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से कर्पूरी ठाकुर सदैव जनमानस के जेहन में बने रहेंगे। उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। इस अवसर पर महादेव यादव, ओमप्रकाश अकेला, छात्र नेता दीपक कुमार यादव, आनंद यदुवंशी, केदार नाथ ठाकुर, सुनील ठाकुर, शंभू ठाकुर, अशोक जायसवाल, रंजीत पासवान, सत्येंद्र भुईयां, सूरज यादव, उमा यादव , प्रकाश यादव, नंदू यादव, संतोष मालाकार, राजकुमार गुप्ता, शशि गुप्ता आदि मौजूद थे।

### मानव श्रृंखला बना हसदेव के समर्थन में किया प्रदर्शन

**महुआडांड़।** हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई के खिलाफ वहां के आंदोलनकारियों के समर्थन में केंद्रीय जन संघर्ष समिति, लातेहार-गुमला, ने बुधवार को 12 बजे दोपहर से 2 बजे दोपहर तक मानवश्रृंखला बनाकर तख्ती लेकर खड़े हुए। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज व पलामू व्याघ्र परियोजना के प्रभावित क्षेत्र महुआडांड़ से डालटेनगंज मुख्य मार्ग, शास्त्री चौक, बोहटा, बारेसांड़ और गारु, महुआडांड़-रांची मुख्यपथ में कुरुंद, चोरमुंडा और पकरीपाठ, बनारी, महुआडांड़-गुमला पथ में रजावल, नवाडीह, चैनपुर और गुमला में सिसई रोड में मानवश्रृंखला बनाकर हसदेव बचाओ आंदोलन का समर्थन किया। ज्ञात हो कि छतीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित हसदेव अरण्य भारत के सबसे बड़े वन क्षेत्रों में से एक है। हसदेव जंगल 1,70,000 (एक लाख सत्तर हजार) हेक्टेयर में फैला हुआ है। यहां अनेक प्रकार के पेड़-पौधे, जानवर और पक्षी पाए जाते हैं। यह जंगल कई दुर्लभ और लुप्त होती पशु-पक्षियों, एवं वनस्पतियों को अपनी गोद में शरण दिए हुए है। इसी जंगल में हसदेव नदी बहती है जिसे छतीसगड़ की जीवन रेखा भी कही जाती है। इसी हसदेव नदी में मिनीमाता बांगो बांध का निर्माण किया गया है। हसदेव अरण्य में कई आदिवासी समुदाय निवास करते हैं, जो यहां के पारंपरिक निवासी हैं, जिन्होंने अभी तक इस जंगल के वनस्पति एवं पशु पक्षियों के साथ जीवन जीते हुए इन्हें संरक्षित रखा है।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर समारोह का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता नाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष बेचन ठाकुर व संचालन हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष आशीष दांगी ने की।

मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य रामसेवक दांगी, बीडीओ मोनी कुमारी, नाई समाज के जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर आदि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा भारत सरकार ने की है। कहा कि ठाकुर ने राजनीति को जनसेवा के रूप में अपनाया और गरीबों व वंचितों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया। समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में संजय ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, हिंदू जागरण मंच के जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश दांगी, भाजपा नेता महफूज रहमान, राजकुमार दांगी, सतीष ठाकुर, प्रमोद ठाकुर आदि ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी ने कर्पूरी ठाकुर के बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मदन ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, रामसेवक ठाकुर, गेंदों ठाकुर, निरंजन ठाकुर, सुरेश ठाकुर, रामचन्द्र ठाकुर, तारा देवी, उर्मिला देवी, किरण देवी, आलति देवी आदि शामिल थे।

# आठ के खिलाफ मामला दर्ज, 70 हजार जुर्माना

### हैदरनगर में बिजली चोरी के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिजली का अवैध उपयोग करते पकड़े जाने पर आठ लोगों के खिलाफ थाने में मामला पंजीबद्ध कराया गया। उन पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उनमें मिथिलेश कुमार, विजय साव, ओमप्रकाश मेहता, बिंदेश्वरी राम, रामचंद्र चंद्रवंशी, गुलाम रब्बानी, साधु शर्मा व बिहारी यादव का नाम शामिल है। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता ने बताया कि आगे भी छापेमारी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकायेदारों को तत्काल बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है।

## सांसद व विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, नागरिकों ने जताया हर्ष

# 5.49 करोड़ की लागत से होगा उपरी मोड़-चनकार मार्ग का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सांसद विष्णु दयाल राम व हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बुधवार को पीएमजीएसवाई से 5.49 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली उपरी मोड़-चनकार मार्ग का शिलान्यास किया। इस सड़क के बनने से दो पंचायत के एक दर्जन से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा। शिलान्यास से दोनों गांवों के नागरिकों ने हर्ष जताया है। इस मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि उन्होंने पलामू में 17 सड़क व 11 पुल की स्वीकृति के अलावा अन्य कई सड़कों व सिंचाई की योजनाएं स्वीकृत कराई है। आने वाले समय में सभी सड़कों का मार्ग प्रशस्त होगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज की एक- एक सड़क को दुरूस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्या का समाधान कर क्षेत्र को सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में युद्धस्तर पर कार्य किये जा रहे हैं।

### रामबिलास पासवान स्मृति भवन का शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बुधवार को नगर पंचायत हुसैनाबाद के गमहरिया में रामबिलास पासवान स्मृति भवन का विधिवत शिलान्यास किया। भवन का निर्माण दस लाख की लागत से किया जाएगा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि उन्होंने शुरू से ही जात-पात की नहीं, बल्कि जमात की राजनीति की है। सभी क्षेत्रों व सभी जाति-धर्म के लोगों का वह सम्मान करते हैं। स्व. रामबिलास पासवान जन-जन के नेता थे। उनकी स्मृति में गमहरिया में भवन का निर्माण होने से यहां के लोगों को शादी ब्याह समेत अन्य कार्यक्रमों के संचालन में सुविधा होगी। श्री सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में यहां रामबिलास पासवान स्मृति द्वार बनाया जायेगा। मौके पर एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, मनदीप राम, विजय राजवंशी, राजकुमार ठाकुर, हंसराज सिंह मौजूद थे।

### भलूवाड़ी ने खिताब पर जमाया कब्जा

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत अंसारी बिगहा स्थित मैदान में मंगलवार की रात्रि डू एंड डाई क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में संडा को परास्त कर भलूवाडी ने खिताब पर कब्जा जमाया। मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव तथा युवा नेता इरफान शाहिद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कड़ी मेहनत और लगन से सफलता मिलती है। गांव स्तर पर नाइट क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन होना सराहनीय प्रयास है। खिताबी मुकाबले में भलूवाडी ने 18 रनों से जीत हासिल की। इस अवसर पर महताब शाहिल उर्फ बबलू, तबरेज अंसारी, मो. जमशेद, मो. सलमान, मो. इजहार, सोनू कुमार,मो. जफर, मो. सोनू मौजूद थे।

# लाल सलाम की गूंज की जगह अब जन-गण-मन की बजती है धुन

**अखिलेश चौबे। मेदिनीनगर**

दो दशक से अधिक समय से प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण पलामू के बीहड़ों में गूंज की जगह अब जन-गण-मन... की धुन ने ले लिया है। नक्सलियों के आतंक के साये में जीवन गुजार रहे जिन क्षेत्रों के बड़े भी राष्ट्रगान व तिरंगे को भूल चुके थे। वहां के नौनिहालों को वर्तमान में राष्ट्रगान जहां फर्राटा से याद है। वहीं बेसब्री से उन्हें 26 जनवरी को तिरंगा फहराने का इंतजार रहता है। कभी घोर नक्सल प्रभावित रहे हुसैनाबाद प्रखंड के बिहार बार्डर से सटे महुदंड, डंडिला, झरगड़ा, डंगवार आदि पंचायत इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। नक्सलियों की बूटों की धमक से जिले के पांडू, विश्रामपुर, ऊंटारी रोड, सतबरवा, हरिहरगंज आदि प्रखंडों के जिन पंचायतों में पहले 26 जनवरी को सन्नाटा पसरा रहता था। अब पुलिस पिकेट स्थापित हो जाने से प्रतिवर्ष धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से सामंतवादी व्यवस्था के विरोध में शुरू हुये नक्सल मूवमेंट की चिंगारी ने देखते ही देखते ज्वाला का रूप धारण कर समीपवर्ती ओड़िशा, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र आदि प्रांतों में फैल गयी। लोक लुभावन नारों के साथ शुरू हुआ आंदोलन अपार जनसमर्थन की बदौलत 1980 के दशक में पलामू में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे जिले के सारे प्रखंड उसकी गिरफ्त में आते गये। एक दशक से भी अधिक समय तक जिले में नक्सलियों की समानांतर सत्ता ने जिले में हुकूमत किया। उसके बाद न सिर्फ आंदोलन का स्वरूप बदलने लगा, अपितु उसके उद्देश्य भी जनविरोधी होने लगे। सामंतवाद के विरोध के नाम पर खड़ा हुआ नक्सल मूवमेंट अब व्यवस्था व राष्ट्र विरोध का रूप धारण कर लिया था।



### अपराधी गुटों के तौर पर कार्य कर रहे नक्सली

शासन-प्रशासन के सख्त कदम से नक्सलियों के पांव अब कालापहाड़, बूढ़ा पहाड़ आदि अपने किले से भी कबड़ चुके हैं। विभिन्न अभियानों में नक्सली संगठनों के बड़े कमांडर या तो ढेर हो चुके हैं या तो गिरफ्तार कर लिये गये हैं। सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर कई ने सरेंडर भी कर दिया है। इसके बाद बचे नक्सली अब आपराधिक गुट बनाकर लेवी वसूलने व रंगबाजी मांगने के धंधे में उतर आये हैं। छतरपुर, हरिहरगंज, हुसैनाबाद आदि इलाकों में पिछले दिनों व्यवसायियों की हत्या व आये दिन हो रही गोलीबारी की घटनाओं में इन गुटों की संलिप्तता की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# हर गांव में अच्छी सड़कें हों इसका हो रहा प्रयासः सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ रहा है। हर गांव में अच्छी सड़कें हों, इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। जिला अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-3 के तहत 17 सड़क एवं 11 पुल (लागत 1 अरब 80 करोड़ 80 लाख रुपए) के निर्माण की स्वीकृति दिलायी गयी है। जिनपर जल्द ही काम शुरू होगा। सांसद श्री राम बुधवार को छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गावों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई ) से बनने वाली तीन सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास करने के बाद नौडीहा बाजार के शाहपुर में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने छतरपुर प्रखंड में मसिहानी से बगैया तक 5.515 किलोमीटर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के बारा मोड़ से महुअरी वाया लक्ष्मीपुर तक 7.501 किलोमीटर एवं शाहपुर से लकडाही तक 5.91 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास स्थानीय विधायक पुष्पा देवी के साथ संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इन सड़कों के निर्माण कुल लागत 13 करोड़ 41 लाख 41 हजार रुपए होगी।

**पलामू में 13 करोड़ 41 लाख की तीन सड़क योजनाओं का शिलान्यास**

मौके पर सांसद ने कहा कि केन्द्रीय अवसंरचना निधि (सीआईआरएफ ) से हरिहरगंज के कटैया मोड़ से बेलाघाट तक 11 किलोमीटर, नौडीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह डगरा होते हुए बिहार सिवाना नवीगढ़ तक 10 किलोमीटर, छतरपुर प्रखंड के डुडुर हेसाग होते हुए छुछुईया तक 5 किलोमीटर, छतरपुर प्रखंड के कुरकुट्टा मोड़ कव्वल होते हुए बाघमारा तक 7 किलोमीटर, पाटन प्रखंड के तीसीबार से बुढ़ी-बुका-चेतमा-सरईडीह (दो प्रखण्डों को जोड़ने वाली) पाटन एवं नौडीहा बाजार तक 25 किलोमीटर तथा छतरपुर प्रखंड के पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ कुटियामोड़ से पाटन तक 18 किलोमीटर तक सड़कों के निर्माण की स्वीकृति जल्द मिलने वाली है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह, नौडीहा बाजार मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक, छतरपुर मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, लठेया मंडल अध्यक्ष प्रयाग भगवान दास, राम प्रसाद शर्मा, बैजनाथ सिंह, अशोक सोनी मौजूद थे।

# उपायुक्त ने कार्यालयों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय परिसर में स्थित सामान्य शाखा, विधि शाखा, आपूर्ति कार्यालय, राजस्व शाखा, नजारत शाखा, भू अर्जन कार्यालय, जिला स्थापन शाखा, पत्र प्राप्ति कोषांग, सामाजिक सुरक्षा, जिला सूचना विज्ञान, खनन विभाग समेत अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति पंजी, ऑनलाइन उपस्थिति, कार्यालय में लंबित आवेदन, दस्तावेज का रख रखाव, साफ-सफाई समेत अन्य का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जिन कार्यालयों में पदाधिकारी व कर्मी अनुपस्थित पाए गए उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहना लापरवाह कार्यशैली को दशार्ता है। वैसे पदाधिकारी, कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी। आगे कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पदाधिकारी व कर्मी कार्यालय में ससमय उपस्थित रह कर आमजनों के समस्याओं का त्वरित निष्पादन करेंगे।



## पहल | बेलखोरी पंचायत में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने उठाया दही-चूड़ा भोज का आनंद

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड क्षेत्र के बेलखोरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को प्रखंड स्तरीय दही, चूड़ा, तिलकुट भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, डीएसपी केदार राम, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा समेत मुखिया व प्रखंड क्षेत्र के गण्यमाणय लोग शामिल हुए और चूड़ा, दही, तिलकुट का आनंद उठाया। कार्यक्रम का आयोजन आजसू नेता सतेंद्र उर्फ बमबम भगत, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह व शिव कुमार सिंह के सौजन्य से किया गया था। कार्यक्रम में मुखिया सह दिशा सदस्य मंजीत कुमार सिंह, इंटक नेता प्रदीप कुमार सिंह, सीताराम सिंह, रसिक शिरोमणि, भोला प्रसाद सिंह, मनोज कुमार सिंह, रणधीर सिंह, मुखिया अशोक कुमार भुईयां, पंसस रामटहल प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र सिंह आदि शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत सचिव, अर्जन राम, रोजगार सेवक रूपेश कुमार, बिएफ्टी सुबोध कुमार, बीस सूत्री सदस्य जमील अख्तर, परमानंद सिंह, घमन प्रजापति आदि ने अहम भूमिका निभाई।



### रविदास जयंती मनाने को लेकर कमेटी का विस्तार

**बारियातु।** शिबला पंचायत के ग्राम मकरा मे संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर जितेंद्र कुमार रवि की अध्यक्षता में बैठक की गई। इसमें कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष भिखन राम, उपाध्यक्ष रामशंकर कुमार रविदास, सचिव विशेश्वर कुमार रवि, उपसचिव भोला राम, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार रवि, उपकोषाध्यक्ष प्रदीप राम को चुना गया। कोषाध्यक्ष ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास जयंती 24 फरवरी को मनाई जाएगी। इससे पूर्व 23 फरवरी को कलशयत्रा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर चलितर राम, महेन्द्र राम, विकास कुमार, केदार कुमार, सोनू कुमार, संजय कुमार, सकेंद्र राम, कार्तिक कुमार, रोहन कुमार रवि, भुनेश्वर राम, पुलु राम, बब्लु राम, सुनील राम, राजू राम बिनोद कुमार, अरविन्द कुमार आदि उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### परीक्षा पे चर्चा के लिए...

मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के 100 छात्र स्थापना के बाद पहली बार इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। छात्रों के बीच परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए एक अनूठी पहल परीक्षा पे चर्चा 2024 के क्रम में मंगलवार को देश भर के 774 जिलों के 657 केंद्रीय विद्यालयों और 122 नवोदय विद्यालयों (एनवीएस) में एक राष्ट्रव्यापी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स के परीक्षा मंत्रों पर आधारित इस मेगा इवेंट में 60 हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

### जयपुर में जंतर मंतर, हवा ...

की शोभा बढ़ाने वाले फ्रांस के छठे नेता बन जाएंगे। जयपुर में मैक्रों द्विपक्षीय भारत-फ्रांस संबंधों और विभिन्न भूराजनीतिक बदलावों के सभी पहलुओं पर ताज रामबाग पैलेस में व्यापक बातचीत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक रोड शो में भी भाग लेंगे।

### मिर्जाचौकी देश का ...

में अद्यतन प्रविष्टि, आम जनता से पुलिस का अच्छा संबंध, थाना कार्यालय व परिसर की साफ-सफाई, थाना से संबंधित अभिलेखों का अद्यतन स्थिति एवं रख-रखाव, प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं के शिकायतों का निराकरण करना तथा थाना से संबंधित अन्य कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश में सर्वेक्षण के बाद यह पुरस्कार दिया जाता है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि साहेबगंज जिला के मिर्जाचौकी थाना की उपलब्धि बहुत बड़ी है, जिन पदाधिकारियों के कारण उक्त उपलब्धि प्राप्त हुई है, वे बधाई के पात्र हैं। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बेहतर थाना का पुरस्कार मिलने से पूरे देश में झारखण्ड का सिर ऊंचा हुआ है। इस पुरस्कार के प्राप्त होने से राज्य के अन्य सभी थानों को उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक डॉ. संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, अन्नेपु विजया लक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक, अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस अधीक्षक, अप० अनु०विभाग एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### कोर्ट का आदेश : ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपें

**वाराणसी।** वाराणसी जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौपने का आदेश दिया। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने फैसला सुनाया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज ए. के. विश्वेश ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपने का आदेश दिया है। मुस्लिम पक्ष ने इस दौरान जिला जज के समक्ष मांग रखी कि सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों तक ही रहे। उसे सार्वजनिक ना किया जाए। इस पर जिला जज ने कहा कि सभी पक्षकार रिपोर्ट को अपने तक रखने और सार्वजनिक ना करने का बंधपत्र अदालत में जमा कराकर सर्वे रिपोर्ट प्राप्त करें।

### आबकारी घोटाला : सर्वेश मिश्रा को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के पूर्व निजी सहायक सर्वेश मिश्रा को जमानत दे दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत देने का आदेश दिया। कोर्ट ने 20 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 10 जनवरी को सर्वेश मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। कोर्ट ने सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत लेने को कहा था, जिसके बाद उन्होंने नियमित जमानत याचिका दायर की थी।

### उमर खालिद की बेल याचिका पर सुनवाई 31 जनवरी तक टाली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जेएनयू छात्र और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 31 जनवरी तक के लिए टाल दी। दिल्ली दंगों में यूएपीए के तहत खालिद सलाखों के पीछे हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कई वजहों से मामले को स्थगित कर दिया। यूएपीए की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के साथ खालिद की जमानत याचिका पर अब अगले सप्ताह बुधवार को सुनवाई होगी। 10 जनवरी को हुई पिछली सुनवाई में खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के सुनवाई टालने के अनुरोध पर शीर्ष अदालत ने आपत्ति जताई थी।

# प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन भी रामलला के दर्शन के लिए लगी कतारें

**एजेंसी। अयोध्या**

राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन बुधवार को भी राम भक्तों में दर्शन को लेकर काफी उत्साह है। सुबह से ही कतारें लगी हुई हैं। मंगला आरती के साथ ही दर्शन निरंतर जारी है। मौके पर प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार और स्थानीय अधिकारी मौजूद हैं। भीड़ सामान्य है। आज वरिष्ठ अधिकारी गर्भ गृह में मौजूद हैं। सुबह से ही श्रद्धालु को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगाकर दर्शन कराया जा रहा है। श्रद्धालु जय श्रीराम का नारा लगा रहे हैं। रामलला के दर्शन के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। दूर-दूर से अयोध्या लोग पहुंच रहे हैं। प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज रहा है। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगाकर दर्शन कराया जा रहा है। भक्त जय श्रीराम का नारा लगाते हुए प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के डीजी (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि बेहतर भीड़ प्रबंधन और बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था, यह दो चीजें थीं जो हमने यहां आने के बाद सुनिश्चित की। शासन का निर्देश था कि किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा ना हो।

दरअसल, प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन मंगलवार को भारी भीड़ के मंदिर परिसर में घुसने से अव्यवस्था फैल गई थी। मुख्यमंत्री के साथ मंदिर में हुई अफसरों की बैठक में यह मामला उठा। इसके बाद यह तय हुआ कि मंदिर के बाहर से लंबी लाइन लगाकर दर्शन कराए जाएंगे। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धैर्य के साथ दर्शन करने की अपील की।



### अयोध्या से भीड़ कम करने में जुटा प्रशासन

अयोध्या में एकत्रित हो गए लाखों भक्तों को रामनगरी से जल्द बाहर निकालने में प्रशासन जुट गया है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अगले दिन मंगलवार को अयोध्या धाम स्टेशन पर उमड़ी श्रद्धालुओं को वापस भेजने के लिए तत्काल पांच स्पेशल ट्रेन चलाने से बड़ी राहत मिली। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बुधवार को रेलवे के आईजी आरपीएफ, डीआरएम और एसपी जीआरपी ने बैठक कर 26 जनवरी से अयोध्या आने वाली आस्था स्पेशल ट्रेनों को लेकर रणनीति बनाई। वहीं सीएम योगी ने लोगों से व्यवस्था के मद्देनजर फिलहाल कम संख्या में दर्शन के लिए आने की अपील की है।

## राम मंदिर को एक दिन में मिला तीन करोड़ 17 लाख का दान

### राम मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाएंगे संघ के स्वयंसेवक

अयोध्या में श्री राम की जन्म भूमि पर बने भव्य दिव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद देश दुनिया के राम भक्त दिल खोलकर दान कर रहे हैं। राम मंदिर को एक दिन में तीन करोड़ 17 लख रुपए से अधिक की धनराशि दान में प्राप्त हुई है। यह जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा ने दी। डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि इसमें मंदिर परिसर में दर्शन के लिए आए राम भक्तों के अलावा देश दुनिया से भी राम भक्तों ने ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से राम मंदिर के लिए दान किया है। मंदिर परिसर में 10 दान काउंटर खोले गए हैं। सबसे दिलचस्प बात यह रही राम मंदिर के दर्शन के साथ-साथ दान काउंटर पर सुबह से ही लंबी लाइन लगी थी।



### करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने किया रामलला का दर्शन

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार मंगलवार को करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन किया। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को संपन्न हुई थी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन आम लोगों के लिए मंदिर के दरवाजे खोले गए थे। जिसमें पहले ही दिन करीब 5 लाख भक्तों ने पहुंचकर रामलला का दर्शन किया।

### दत्तात्रेय होसबोले ने ट्रस्ट की पदाधिकारियों के साथ की बैठक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होस बोले लेने मंगलवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में संघ व विहिप के पदाधिकारी उपस्थित रहे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अभी मंदिर परिसर की साफ सफाई नहीं हो पाई है। बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता मंदिर परिसर पहुंच करके साफ सफाई करेंगे। मंदिर परिसर की स्वच्छता के लिए अयोध्या के आसपास के जिलों से कार्यकर्ता बुलाए गए हैं।

# 'विकसित भारत की संकल्प यात्रा में यूपी अग्रणी भूमिका निभाएगा'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के सभी लोगों को राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा है कि बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। उन्होंने राज्य में हुए विकास कार्यों का श्रेय वहां की जनता के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ की सरकार को भी दिया। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। बीते सात वर्षों में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा।

### लोकसभा चुनाव के पूर्व इंडी गठबंधन को तगड़ा झटका

# दीदी व मान अकेले लड़ेंगे चुनाव

**एजेंसी। कोलकाता/ चंड़ीगढ़**

नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी ने बुधवार को अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कहा कि आप अगले लोकसभा चुनाव में अकेले उतरेगी और कांग्रेस के साथ गठबंधन किए बिना राज्य की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पूर्व





बर्दवान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ममता ने कहा कि उनकी पार्टी बंगाल में किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी बल्कि अकेले चुनाव लड़ेगी। हम गठबंधन का हिस्सा थे लेकिन राहुल गांधी की न्याय यात्रा हमारे राज्य से गुजर रही है लेकिन हमें इसके बारे में सूचित नहीं किया गया। सीएम ममता ने कहा कि उनकी ओर से जो भी प्रस्ताव दिए गए थे उन्हें ठुकरा दिया गया। टीएमसी सुप्रीमो ने बताया कि कांग्रेस का पश्चिम बंगाल से कोई लेना-देना नहीं है। पहले दिन ही उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया गया था। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि देश में क्या किया जाएगा लेकिन हम एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी हैं और बंगाल में हैं। हम अकेले भाजपा को हरा देंगे। वहीं पंजाब के सीएम मान ने कहा, कि 2024 के लोकसभा चुनावों में यह 13-0 होने जा रहा है।

# असम के सीएम नफरत फैलाते और जेब से रुपये निकाल लेते हैं : राहुल



**एजेंसी। बरपेटा (असम)**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री सुबह उठते ही नफरत फैलाते हैं और जब तक जनता इधर-उधर देखती है, उसके जेब से रुपये निकाल लेते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान बुधवार को राज्य के बरपेटा में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश के सबसे भ्रष्ट असम के मुख्यमंत्री हैं। राहुल गांधी की यात्रा नगालैंड होते हुए शिवसागर जिले की सीमा से असम में पहुंची थी। इसके बाद यात्रा जोरहाट होते हुए माजुली, लखीमपुर, अरुणाचल प्रदेश से होकर वापस असम के बिश्वनाथ जिले के शोणितपुर होते हुए नगांव जिले के धिंग में पहुंची है। पुलिस ने उनकी यात्रा को धिंग में ही रोक दी थी। खानापाड़ा में रोके जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेरीकेडिंग को तोड़कर शहर में घुसने की कोशिशें की। इस दौरान कई सुरक्षाकर्मियों मामूली रूप से घायल हो गए। असम पुलिस ने इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, कन्हैया कुमार आदि के विरुद्ध गैर-जमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### खरगे ने शाह को लिखा पत्र, कहा 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में हुई सुरक्षा चूक



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने केन्द्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम में हुई कथित सुरक्षा चूक का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। खरगे ने बुधवार को पत्र को सोशल मीडिया पर साझा किया है। मंगलवार शाम को लिखे गए पत्र में उन्होंने गृह मंत्री से अनुरोध किया कि वह असम के सीएम और राज्य के पुलिस महानिदेशक को भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पुख्ता सुरक्षा देने का निर्देश दें।

# 'शिपिंग हमलों के माध्यम से क्षेत्र में फैल रहे इजरायल और हमास संघर्ष का भारत पर भी पड़ रहा प्रभाव'

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर. रवींद्र ने कहा है कि हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर हमलों के साथ इजरायल-हमास संघर्ष का प्रभाव 'भारत के आसपास' तक फैलने से देश के आर्थिक हितों पर असर पड़ा है। मध्य पूर्व की स्थिति पर मंगलवार को सुरक्षा परिषद की एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में वाणिज्यिक शिपिंग की सुरक्षा पर संघर्ष का भारत की अपनी ऊर्जा और आर्थिक हितों पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कुछ हमले 'भारत के आसपास' हो रहे हैं और यह भयावह स्थिति किसी भी पक्ष के हित में नहीं है, और इसे स्पष्ट रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए। रवींद्र ने हमले को अंजाम



देने वाले यमनी हूती विद्रोहियों का नाम नहीं लिया या विशेष रूप से लाल सागर का उल्लेख नहीं किया जहां घटनाएं हुई हैं। हूती विद्रोहियों ने कहा है कि वे गाजा में इजरायल के हमले के विरोध में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए जहाजों पर हमला कर रहे हैं। लाल सागर अरब सागर और हिंद महासागर को स्वेज नहर से जोड़ता है, जो भारत और एशिया के लिए मध्य पूर्व, यूरोप तथा उससे आगे के क्षेत्रों के लिए मुख्य लिंक है। भारत की नौसेना ने कहा है कि वह इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति 'बढ़ा' रही है और इस महीने की शुरूआत में उसके एक जहाज ने हमले के तहत एक वाणिज्यिक जहाज की रक्षा की थी। इस महीने के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष फ्रांस ने विदेश मंत्री स्टीफन सेजॉर्न की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें रूस के सर्गेई लावरोव और ईरान के होसैन अमीराबदोल्लाहियन सहित लगभग 15 विदेश मंत्री शामिल हुए। महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने कहा कि लाल सागर में स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा, हूती हमले वैश्विक व्यापार को बाधित कर रहे हैं, और इसके बाद अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा यमन में हूती ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। उन्होंने कहा, तनाव कम करना आवश्यक है - और लाल सागर में व्यापारिक तथा वाणिज्यिक जहाजों पर सभी हमले तुरंत बंद होने चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र इजरायल और फिलिस्तीन के सह-अस्तित्व का दो-राष्ट्र समाधान ही संघर्ष को समाप्त करने का एकमात्र तरीका है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा दो-राष्ट्र समाधान को अस्वीकार करने का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि यह 'अस्वीकार्य' था और कहा कि यह इजरायल के दोस्तों, यहां तक कि इस मेज के आसपास बैठे लोगों, की सबसे मजबूत अपील के खिलाफ था। उन्होंने चेतावनी दी, इससे ध्रुवीकरण बढ़ेगा और हर जगह चरमपंथियों का हौसला बढ़ेगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने कौशल भवन का किया उदघाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की एक नई इमारत कौशल भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सरकार की विभिन्न पहलों जैसे पीएम विश्वकर्मा, पीएम जनमन, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) और पीएमकेवीवाई के लाभार्थियों द्वारा स्थापित प्रदर्शनी स्टालों का दौरा किया और उनसे बातचीत की। कौशल भवन की आधारशिला मार्च 2019 में रखी गई थी। मंत्रालय के साथ-साथ इसके सहयोगी संगठनों - प्रशिक्षण महानिदेशालय, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के लिए कार्यालय स्थान प्रदान करेगा। आधुनिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से सुसज्जित यह अत्याधुनिक कार्यालय भवन नई कार्य संस्कृति की शुरूआत करने और कौशल भारत मिशन को गति देने के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और कुशल कार्य वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस में मुख्य अतिथि होंगी राष्ट्रपति

चुनाव आयोग 25 जनवरी को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) मना रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सम्मानित अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मालदीव, फिलीपींस, रूस, श्रीलंका और उज्बेकिस्तान के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुख और प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।


### वायु सेना ने भारतीय ठिकानों से फ्रांस-यूएई के साथ किया अभ्यास 'डेजर्ट नाइट'

# लड़ाकू सुखोई, जगुआर व हरक्युलिस सी-130-जे ने दिखाई भारत की ताकत

### फ्रांस और यूएई के साथ अरब सागर के पास हुए हवाई अभ्यास में दिखा तालमेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वायु सेना ने भारत में स्थित अपने ठिकानों से फ्रांस और यूएई के साथ अरब सागर के ऊपर अभ्यास 'डेजर्ट नाइट' में हिस्सा लिया। फ्रांसीसी भागीदारी में राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट शामिल थे, जबकि यूएई वायु सेना ने एफ-16 को हवाई अभ्यास में उतारा। भारत की ओर से लड़ाकू सुखोई, जगुआर और हरक्युलिस सी-130-जे ने दोनों विदेशी वायु सेनाओं के सामने अपनी ताकत दिखाई।



विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल और संयुक्त अरब अमीरात वायु सेनाओं के साथ अरब सागर के ऊपर हवाई अभ्यास 'डेजर्ट नाइट' किया। इस अभ्यास में फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट विमान शामिल हुआ, जबकि यूएई की वायु सेना एफ-16 के साथ अभ्यास में हिस्सा लिया। यह सभी विमान संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा हवाई अड्डे से संचालित हुए। दूसरी तरफ भारतीय वायु सेना के विमान भारत के भीतर के ठिकानों से संचालित किये गए।

उन्होंने बताया कि भारत की ओर से लड़ाकू सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, जगुआर, अवाक्स, हरक्युलिस सी-130-जे और एयर टू एयर रिफ्यूलर विमान शामिल हुए। एक्सरसाइज 'डेजर्ट नाइट' का मुख्य फोकस तीनों वायु सेनाओं के बीच तालमेल और अंतरसंचालन बढ़ाने पर था। अभ्यास के दौरान हुई बातचीत से प्रतिभागियों के बीच परिचालन ज्ञान, अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान का मौका मिला। इस तरह के अभ्यास भारतीय वायुसेना की शक्ति को प्रदर्शित करने के अलावा क्षेत्र में बढ़ती राजनयिक और सैन्य बातचीत का संकेत देते हैं।

## फिल्म जगत

### 'भक्षक' से फरवरी एक बार फिर मेरे लिए लकी होगी : भूमि पेडनेकर



**मुंबई।** अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आगामी फिल्म 'भक्षक' में एक पत्रकार की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह एक महिला आश्रय स्थल में युवा लड़कियों का शोषण होने से बचाएंगी। भूमि ने कहा कि आगामी फिल्म उनके करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। भूमि ने कहा, एक कलाकर के रूप में मेरी शुरूआत के बाद से फरवरी का महीना मेरे लिए सबसे खास रहा है। मेरी पहली फिल्म 'दम लगा के हईशा' फरवरी में रिलीज हुई थी और इससे मुझे इतना प्यार, प्रशंसा और सम्मान मिला कि इसने इंडस्ट्री में एक अग्रणी अभिनेत्री के रूप में मेरी स्थिति मजबूत कर दी।" "मुझे अपनी पहली फिल्म के लिए मिल रही सराहना पर विश्वास नहीं हो रहा था और मेरे फिल्मी करियर को एक स्वप्निल शुरूआत देने के लिए मैं हमेशा इस फिल्म की ऋणी रहूंगी। उन्होंने आगे कहा, मेरी फिल्म 'बधाई दो' भी फरवरी में रिलीज हुई थी। यह मेरे करियर और फिल्म उद्योग के लिए गेम-चेंजिंग फिल्म थी। यह मेरे लिए भी विशेष थी क्योंकि मैं उस चीज के लिए खड़ी हुई थी जिस पर मुझे वास्तव में विश्वास था और मैं इसके बारे में गर्व से मुखर थी, फिर 'दम लगा के हईशा' की तरह मुझ पर प्यार का सैलाब उमड़ पड़ा।" 'भक्षक' 9 फरवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है।